CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 21°C
तापमान

सेंसेक्स 82,176.45
निफ्टी 25,001.15

सोना 98,555
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 27 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 135 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 28 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाने से पहले क्वारंटीन हुए शुभांशु**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**पर्पल कैप की दौड़ में प्रसिद्ध को पछाड़ नूर हुए आगे**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### भूषण स्टील के परिसमापन कार्यवाही पर यथास्थिति का आदेश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल) के परिसमापन कार्यवाही पर पुनर्विचार याचिका दायर करने की समय सीमा समाप्त होने तक यथास्थिति बनाए रखने का सोमवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने जेएसडब्ल्यू स्टील की याचिका पर यह आदेश पारित किया।

### सुप्रीम कोर्ट बेंगलुरु पैलेस ग्राउंड टीडीआर विवाद पर आज करेगा विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि अधिग्रहित बेंगलुरु पैलेस ग्राउंड की 15 एकड़ से अधिक अधिग्रहित भूमि के लिए श्रीकांतदत्त नरसिंहराजा वाडियार और अन्य के कानूनी उत्तराधिकारी के पक्ष में 3,400 करोड़ रुपये से अधिक के हस्तांतरणीय विकास अधिकार प्रमाण पत्र (टीडीआर) जारी करने के अदालती फैसले को चुनौती देने वाली कर्नाटक सरकार की नई याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करेगा।

### एटीएस नागपुर की महिला से करेगी पूछताछ

**मुंबई।** बहु-एजेंसी जांच के अलावा महाराष्ट्र पुलिस का आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) नागपुर की महिला सुनीता भालेश्वर जामगड़े से भी पूछताछ करेगा, जिसे पाकिस्तानी अधिकारियों ने रविवार को भारतीय अधिकारियों को सौंपा था। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि सुनीता इस महीने की शुरुआत में करगिल के हुंदरमन गांव से नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तान चली गई थी। 43 वर्षीय सुनीता के 14 मई को लापता होने की सूचना मिली थी। पुलिस के अनुसार वह दस दिन पहले अपने बेटे को छोड़कर भूलवश सीमा पार चली गई थी और बाद में उसे पाकिस्तानी बलों ने पकड़ लिया और महिला को 24 मई को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया गया।

### नेहा सिंह राठौर के मामले में सुनवाई 29 मई को


**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने पहलगाम हमले पर टिप्पणी के मामले में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की याचिका पर अगली सुनवाई 29 मई को नियत की है। उधर, राठौर ने लखनऊ के हजरतगंज थाने में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। याचिका पर न्यायाधीश विवेक चौधरी व न्यायाधीश बृजराज सिंह की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से सरकारी वकील ने कहा कि मामले की केस डायरी की पूरी जानकारी उनके पास है। इस पर, याची के अधिवक्ता ने कहा कि अभियोजन ने याची के खिलाफ जो साक्ष्य पाए हैं उन्हें याची को सौंपा जाए।

## विभाजन के बाद अस्तित्व में आए पाकिस्तान पर जमकर बरसे मोदी

# बहनों का सिंदूर मिटाने वालों का मिटना तय

- दाहोद से किया पीएम ने 24 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

दाहोद, वार्ता



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर कहा है कि जो कोई 'हमारी बहनों का सिंदूर मिटाएगा, उसका मिटना भी तय है।'

श्री मोदी ने सोमवार को यहां विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो कोई हमारी बहनों का सिंदूर मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद अस्तित्व में आया देश भारत के प्रति नफरत पर जी रहा है। पाकिस्तान का एकमात्र उद्देश्य भारत से दुश्मनी करना और भारत को नुकसान पहुंचाना है, लेकिन भारत का लक्ष्य गरीबी हटाना, आर्थिक विकास लाना और विकसित राष्ट्र बनना है। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सैन्य कार्रवाई नहीं, यह हम भारतीयों के संस्कारों, हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंक फैलाने वालों ने सपने में भी सोचा नहीं होगा कि 'मोदी' से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है। बाल-बच्चों के सामने पिता को गोली मार दी। आज भी वे तस्वीरें देखते हैं, तो खून खौल जाता है। ये 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी, इसलिए हमने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि हमने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारी -शेष पृष्ठ दो पर

### ऑपरेशन सिंदूर को मॉनिटर कर रहे थे तीनों सेना प्रमुख

**सेना ने बुकलेट जारी की, बीएसएफ के आईजी बोले- पाक ने राजस्थान में 413 ड्रोन अटैक किए**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने सोमवार को एक बुकलेट जारी की है। इसमें बताया गया कि 6-7 मई को लॉन्च किए ऑपरेशन सिंदूर की तीनों सेना प्रमुख मॉनिटरिंग कर रहे थे। बुकलेट में दिखाया गया है कि कैसे वॉर रूम से पूरे ऑपरेशन पर नजर रखी जा रही थी। इसमें सेना चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और एयरफोर्स चीफ एयरचीफ मार्शल एपी सिंह मौजूद थे। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पार्लियामेंट्री कंसलटेटिव कमेटी की बैठक की। उन्होंने कहा कि डीजीएमओ ने पाकिस्तान को उसके क्षेत्र में टेरर कैंप पर भारतीय हमले की जानकारी तभी दी थी जब अटैक किया गया था। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान से कभी बात नहीं की। सेर्ना ऑपरेशन (सीजफायर) रोकने का फैसला पाकिस्तान की रिक्वेस्ट पर द्विपक्षीय लिया गया था। इसमें अमेरिका की मध्यस्थता का सवाल नहीं उठता है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद ही दी गई पाकिस्तान को जानकारी: जयशंकर

**नई दिल्ली।** सीमापार आतंकवाद के मुद्दे पर सोमवार को संसदीय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सरकार ने सीमापार आतंकवाद को लेकर अपनी रणनीति साझा की, जिसमें कूटनीतिक पहल और अन्य कोशिशों की पूरी जानकारी दी। सरकार ने संसद की सलाहकार समिति के साथ बैठक में बताया कि पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो आतंकवाद का केंद्र थे। इससे पाकिस्तानी सेना के मनोबल पर चोट लगी है, क्योंकि वह आतंकी शिविरों की रक्षा नहीं कर सकी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को एक संसदीय समिति को बताया कि पाकिस्तान को भारतीय सेना द्वारा उनके क्षेत्र में स्थित आतंकी शिविरों पर किए गए हमलों की जानकारी केवल हमले के बाद डीजीएमओ (डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस) स्तर पर दी गई थी। सूत्रों के अनुसार, जयशंकर ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान को पहले से कोई सूचना नहीं दी गई थी और अमेरिकी हस्तक्षेप की जो बातें कही जा रही थीं, वे निराधार हैं।

### मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली कमांडर मनीष ढेर

**लातेहार।** झारखंड में लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली कमांडर मनीष यादव मारा गया तथा नक्सली कुंदन खरवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) वाईएस रमेश ने नक्सली कुंदन के मारे जाने की पुष्टि करते हुए सोमवार को यहां बताया कि लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को रविवार की रात सूचना मिली थी कि नक्सली कमांडर मनीष यादव अपने दस्ते के साथ महुआडांड थाना क्षेत्र के दौना और करमखाड के बीच जंगल में भ्रमणशील है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम गठित की गई और नक्सलियों की घेराबंदी का काम शुरू किया गया। इसी बीच पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई। रविवार देर रात से लेकर सोमवार सुबह तक चली पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में नक्सली कमांडर मनीष यादव मारा गया है। मौके से दस लाख रुपये के इनामी नक्सली कुंदन खरवार को गिरफ्तार किया गया है।

## भाजपा विधायक आदेश चौहान को छह माह की सजा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- भांजी व तीन पुलिसकर्मियों को भी सीबीआई कोर्ट ने सुनाई सजा
- हरिद्वार जनपद के रानीपुर क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं आदेश चौहान
- सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें जमानत भी मिल गई

**देहरादून/हरिद्वार।** पुलिस हिरासत में मारपीट के करीब 16 वर्ष पुराने एक मामले में बीजेपी के विधायक को सीबीआई कोर्ट ने 6 महीने की सजा सुनाई है।

उत्तराखंड के हरिद्वार जिले की रानीपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक आदेश चौहान सहित उनकी भांजी एवं 3 पुलिसकर्मियों को सीबीआई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सीबीआई कोर्ट ने उन्हें पुलिस कस्टडी में की गई मारपीट से जुड़े मामले में सजा सुनाई है। सजा सुनाए जाने के बाद उनको सोमवार को ही जमानत भी मिल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विधायक पर अपनी भांजी के पति को पुलिस हिरासत में मारने-पीटने का आरोप है। घटना का दोषी मानते हुए सीबीआई कोर्ट ने विधायक के साथ उनकी भांजी एवं तीन पुलिसकर्मियों को भी सजा सुनाई गई। सीबीआई के स्पेशल मजिस्ट्रेट संदीप भंडारी की अदालत ने पीड़ित -शेष पृष्ठ दो पर

## पाक को खुफिया जानकारी भेजने वाला CRPF जवान गिरफ्तार

- आरोपी मोतीराम जाट को पाक अफसरों से मिले पैसे: एनआईए

**नई दिल्ली।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली से सीआरपीएफ के जवान मोती राम जाट को गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को भारत की संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप है।

एनआईए के मुताबिक, 2023 से पाकिस्तान खुफिया अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी डिटेल शेयर कर रहा था। मोती राम को पीआईओ से अलग-अलग तरीकों से पैसे भी मिल रहे थे। मोती राम को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 6 जून तक की कस्टडी में भेजा गया है। एनआईए उससे पूछताछ कर रही है। 24 मई को गुजरात एटीएस ने कच्छ से एक शख्स सहदेव सिंह गोहिल को गिरफ्तार किया था। गोहिल बीएसएफ -नेवी की मौजूदा सेना यूनिट्स की फोटो- वीडियो व्हाट्सएप के जरिये पाकिस्तानी एजेंट को भेजा करता था।

### यूट्यूबर ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ज्योति को हिसार पुलिस पेशी के लिए हिसार कोर्ट लेकर पहुंची थी। ज्योति मल्होत्रा को सिविल जज सुनील कुमार की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के मुताबकि ज्योति को हिसार की सेंट्रल जेल नंबर 2 में रखा जाएगा। यह महिलाओं की जेल है। पेशी के दौरान कोर्ट के अंदर के गेट बंद कर दिए गए थे और भारी पुलिसबल को मौके पर तैनात किया गया था।

## देश में कोरोना के 1010 एक्टिव केस, अब तक 9 मौत

नई दिल्ली, वार्ता

- महाराष्ट्र में 209, दिल्ली में 104, गुजरात में 83, कर्नाटक में 47 केस उप्र में 15 मरीज मिले

**भारत में कोविड-19** के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। देश में कुल मामलों की संख्या 1010 हो गई है। देश में कोरोना के सबसे ज्यादा 430 मरीज केरल में है। वहीं राजस्थान, महाराष्ट्र, बंगाल और कर्नाटक में कुल 9 मरीजों की मौत हुई है। हालांकि इनमें से कइयों को दूसरी गंभीर बीमारियां भी थीं।

इसके अलावा महाराष्ट्र में 209, दिल्ली में 104, गुजरात में 83 और कर्नाटक में 47 केस शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में 15 मरीज मिले हैं। आईसीएमआर के डायरेक्टर डा. राजीव बहल ने बताया कि अभी तक देश में 4 वैरिएंट मिले हैं। सोमवार को बिहार में पटना एम्स के एक डाक्टर और एक 31 साल के व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई। यह राज्य का पहला मामला है। वहीं पश्चिम बंगाल में चार और लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है, जिसके बाद एक्टिव केस बढ़कर 12 हो गए हैं। देश में कोविड के नए मामलों में अब तक 9 मौतें देश में कोरोना के बढ़ते नए मामलों के बीच अब तक 9 लोगों की मौत भी हुई है। सोमवार को जयपुर में दो लोगों की मौत हो गई। जयपुर स्टेशन पर एक व्यक्ति मृत मिला था। उसकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वहीं प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती 26 साल के युवक की कोविड से मौत हो गई। उसे पहले से ही टीबी की बीमारी थी। रविवार को महाराष्ट्र के ठाणे के छत्रपति शिवाजी महाराज कलवा अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के कोविड मरीज की मौत हो गई। युवक का 22 मई से इलाज चल रहा था। राज्य में अब तक 4 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। इससे पहले 17 मई को कर्नाटक के बेंगलुरु में 84 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई थी। बुजुर्ग की मौत मल्टी आर्गन फेल्योर के कारण हुई। हालांकि 24 मई को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई। केरल में 2 लोगों की कोविड से मौत हुई है।

### राज्यसभा की आठ सीटों के द्विवार्षिक चुनाव 19 जून को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने राज्यसभा के लिए असम से उन दो तथा तमिलनाडु से उन छह सीटों के लिए 19 जून को चुनाव कराने की सोमवार को घोषणा की जिनके लिए निर्वाचित वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल जून-जुलाई में पूरा हो रहा है। इन सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचना दो जून को जारी की जाएगी। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार इन सीटों के लिए निर्वाचित सदस्यों का वर्तमान कार्यकाल आगामी 14 जून और 24 जुलाई को पूरा होने जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इन सीटों के लिए नामांकन पत्र सोमवार नौ जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 10 जून को की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 12 जून रखी गई है। इन सीटों के लिए मतदान 19 जून को पूर्वाह्न नौ बजे से अपराह्न चार बजे तक कराया जाएगा। मतों की गिनती मतदान पूरा होने के एक घंटे बाद उसी दिन शाम पांच बजे की जाएगी। आयोग ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया 23 जून तक सम्पन्न करा ली जाएगी असम से राज्यसभा के सदस्य मिशन रंजन दास और बीरेन्द्र (दोनों भाजपा) का कार्यकाल 14 जून को पूरा हो रहा है।

## मुंबई में भारी बारिश, अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में भरा पानी

- लोकल ट्रेनें भी प्रभावित, हजारों लोग फंसे, आठ फ्लाइट्स प्रभावित, पुणे में बादल फटा, घरों में पानी भरा

**नई दिल्ली।** मुंबई में सोमवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। हाल ही में शुरू हुए वर्ली अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में पानी भर गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने एक मई को ही इसका उद्घाटन किया था।

इधर, घने बादलों की वजह से विजिबिलिटी लो है। इस वजह से 8 फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। सड़कों पर भी लोग गाड़ियों की लाइट ऑन करके ड्राइव कर रहे हैं। बारिश के साथ मुंबई में 70 से 80 किमी की रफ्तार से हवा चली, जिससे कई इलाकों में पेड़ गिर गए हैं। बारिश के बाद कई जगह 7-8 किमी लंबा जाम लगा हुआ है। हार्बर, सेंट्रल लाइन पर लोकल ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। हजारों लोग अभी भी फंसे हुए हैं। इधर पुणे में रविवार की तेज बारिश की वजह से -शेष पृष्ठ दो पर



### देश के कई हिस्सों में पहुंचा मानसून

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून मुंबई, बेंगलुरु और पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के कई हिस्सों में सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि मानसून मध्य अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके अलावा, त्रिपुरा, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में भी मानसून पहुंच गया है। असम और मेघालय के कुछ हिस्सों में भी सोमवार को मानसून की बारिश हुई। दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं और यह जल्द ही अरब सागर के मध्य भाग, महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में सक्रिय हो जाएगा।

### कोच्चि तट पर लाइबेरियाई जहाज डूबा, सार्वजनिक परामर्श जारी

**कोच्चि।** केरल में कोच्चि तट पर अरब सागर में लाइबेरिया के कंटेनर जहाज के डूबने के बाद एक सार्वजनिक परामर्श जारी किया गया है, जिसमें लोगों को किसी भी तैरते या किनारे पर पड़े कंटेनर या मलबे के पास न जाने या उनसे संपर्क न करने का निर्देश दिया गया है, क्योंकि उनमें खतरनाक पदार्थ हो सकते हैं। जहाज पर कुल 643 कंटेनर थे, जिनमें से 73 खाली थे और 13 में खतरनाक सामान थे, जिनमें कैल्शियम कार्बाइड भी शामिल था। एक ऐसा रसायन जो पानी के साथ हिसक रूप से प्रतिक्रिया करके अत्यधिक ज्वलनशील एसिटिलीन गैस छोड़ता है। कंटेनर जहाज 24 मई को दोपहर करीब 1:25 बजे एमएससी एल्सा 3 विझिनजाम से कोच्चि बंदरगाह के रास्ते में अरब सागर में पलट गया और बाद में डूब गया। तिरुवनंतपुरम जोन के सीमा शुल्क के मुख्य आयुक्त के कार्यालय द्वारा जारी परामर्श के अनुसार घटना के समय जहाज पर मौजूद सभी सामान पर शुल्क नहीं चुकाया गया था और ऐसे सामान को किसी भी तरह से अनधिकृत तरीके से हटाना या चुराना अवैध है।

## मोदी ने 11 साल में कर दी देश की दुर्दशा

### कहा: देश में बेरोजगारी बढ़ी और अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कांग्रेस अध्यक्ष बोले- विदेश नीति के स्तर पर भारत की साख कमजोर हुई
- 'अच्छे दिन' की बात अब एक 'डरावने सपने' की तरह साबित हुई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 साल के दौरान देश बर्बाद हो गया है और इस दौरान देश मे बेरोजगारी बढ़ी, अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई और विदेश नीति के स्तर पर भारत की साख कमजोर हुई है।

श्री खड़गे ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कि 11 सालों में बड़े-बड़े 'वादों' को खोखले 'दावों' में बदलकर मोदी सरकार ने देश की ऐसी दुर्दशा कर दी, कि 'अच्छे दिन' की बात अब एक 'डरावने सपने' की तरह साबित हुई। युवा, सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा, असलियत में करोड़ों की गायब। किसान, न आय हुई दोगुनी, ऊपर से खानी पड़ी रबर बुलेट, महिला, आरक्षण पर शर्तें लागू, सुरक्षा तार-तार, कमज़ोर वर्ग एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक पर भयावह अत्याचार, हिस्सेदारी खत्म। उन्होंने पिछले 11 साल में देश की अर्थव्यवस्था तथा विदेश



नीति को लेकर भी सरकार को घेरा और कहा कि अर्थव्यवस्था, महंगाई की पराकाष्ठा, बेरोजगारी की बाढ़, खपत ठप्प, मेक इन इंडिया रहा फ्लॉप और असमानता चरम पर। विदेश नीति, वादा था 'विश्वगुरु' बनने का, बिगाड़े हर देश से सम्बन्ध। लोकतंत्र, हर स्तंभ पर आरएसएस का हमला, ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग, संस्थानों की स्वायत्तता दी उजाड़ और 140 करोड़ जनता का हर तबका परेशान, 11 सालों में ऐसा रहा कमल का निशान।

### मध्यम उद्योगों की जीडीपी में 29 % की हिस्सेदारी: नीति आयोग

**नई दिल्ली।** सकल घरेलू उत्पादन - जीडीपी में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग- एमएसएमई क्षेत्र का योगदान 29 प्रतिशत है, जबकि यह 60 प्रतिशत लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है। नीति आयोग की सोमवार को यहां मध्यम उद्यमों के लिए नीति तैयार करना पर रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि मध्यम उद्यम भविष्य के बड़े उद्यम हैं और 2047 के विकासशील भारत के चालक हैं। छोटे उद्योग क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 29 प्रतिशत का योगदान देता है और 60 प्रतिशत से अधिक कार्यबल को रोजगार देता है। इसके अलाव निर्यात में 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी है रिपोर्ट में मध्यम उद्यमों को भारत की अर्थव्यवस्था के भविष्य के विकास इंजन में बदलने के लिए एक व्यापक योजना पेश की है।

RADIO SD 90.8 FM
...आपके दिल की बात
2 National Awards & Golden Mikes Awarded
only Community Radio Station of India
रेडियो पर
विज्ञापन
के लिए संपर्क करे
8937095000/20
WE ARE HIRING
MARKETING EXECUTIVES
&
INTERNS FOR RADIO
Follow us on radiosd908fm
MANDI SAMITI ROAD, MUZAFFARNAGAR- 251001
CONTACT - 8937095000/20

## संक्षिप्त समाचार

### 5000 इंजीनियर्स को यूपीपीसीएल ने दिया नोटिस

**लखनऊ।** यूपी के पूर्वांचल और दक्षिणांचल इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कारपोरेशन के निजीकरण होने के खिलाफ बिजली कर्मचारियों की 29 मई से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की चेतावनी की घोषणा के बाद पावर कारपोरेशन ने प्रदेश के 5000 से ज्यादा इंजीनियर्स को नोटिस भेजते हुए इसमें शामिल न होने की चेतावनी दी है और कहा है कि यदि काम बंद किया, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारियों को डराने और उनकी आवाज को दबाने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने नोटिस भेजते हुए बहिष्कार में शामिल न होने के लिए कहा है।

### पिता और दो पुत्रों की हथौड़ा मार कर हत्या

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के जफराबाद क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक बुजुर्ग और उसके दो पुत्रों की सिर पर हथौड़ा मार कर हत्या कर दी है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने सोमवार को बताया कि क्षेत्र के मोहम्मदपुर कांध गांव निवासी लालजी (62) उसके पुत्र गुड्डू कुमार (32) व यादवीर (28) की लाल जी बेल्डिंग वर्कशॉप के नाम से दुकान क्षेत्र के नेवादा बाईपास पर थी। रविवार की रात लाल जी अपने दो पुत्रों के साथ दुकान पर था कि देर रात अज्ञात बदमाशों ने हथौड़े से सिर पर मार कर तीनों की हत्या कर दी और सीसीटीवी कैमरे के डीबीआर को भी चाबी से खोलकर लेकर चले गए। मौके पर चार मोबाइल फोन मिले हैं। घटना की सूचना गुड्डू कुमार के बहनोई ने पुलिस को दिया है। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए आठ टीमों का गठन किया है।

### मधुबनी गोंड कला के कलाकारों ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित आर्टिस्ट इन रेजिडेंस (घरेलू जीवन के कलाकार) कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मधुबनी चित्रकार और गोंड लोक-कला के कलाकारों के एक समूह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति में बताया गया राष्ट्रपति ने इस कार्यक्रम में प्रदर्शित लोक-चित्रकारों की कलाकृतियों का अवलोकन भी किया। उन्होंने भारत की महत्वपूर्ण पारंपरिक कलाओं के इन दो रूपों में उनके योगदान की सराहना की और उनके भविष्य के कलात्मक प्रयासों में सफलता की कामना की।

### केरल से कश्मीर तक चलो एलओसी यात्रा एक जून से

**तिरुवनंतपुरम।** केरल से कश्मीर तक 'चलो एलओसी' यात्रा आगामी एक जून को आदि शंक. राचार्य के जन्मस्थान कलडी से शुरू होगी और 12 जून को जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास टीटवाल में शारदा मंदिर पहुंचेगी। अभिनवगुप्त उन्नत अध्ययन संस्थान के निदेशक एवं 'चलो एलओसी' के राइड कैप्टन आर. रामानंद ने बताया कि 100 बुलेट मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ, 'बुलेट अगेंस्ट बुलेट्स' के नारे के तहत विरोध यात्रा शुरू की जाएगी, जिसका उद्देश्य आतंकवाद के पीड़ितों को सम्मानित करना और न्याय और शांति का आह्वान करना है।

# पाक को सम्मान कांग्रेस ने नहीं, भाजपा ने दिया

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बीजेपी पर किया पलटवार

कांग्रेस ने वर्तमान संकट के लिए उसे जिम्मेदार ठहरने पर भाजपा नेता निशिकांत दुबे को आड़े हाथ लेते हुए सोमवार को कहा कि इतिहास का ज्ञान नहीं होने पर भी उन्हें समझना चाहिए कि पाकिस्तान को सम्मान देने का काम कांग्रेस ने नहीं, बल्कि भाजपा के नेताओं ने ही किया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि निशिकांत दुबे कांग्रेस पर हमला करने के लिए भुट्टो का हवाला दे रहे हैं। अब बताइए, पाकिस्तान के नेताओं को सम्मान कौन दे रहा है, लेकिन इसमें हैरानी की कोई बात नहीं है, अडवाणी और श्री जसवंत सिंह ने सार्वजनिक रूप से जिन्ना की तारीफ की थी और मोदी ने पठानकोट एयरबेस पर आतंकी हमले की जांच के लिए आईएसआई को बुलाया था। उन्होंने कहा कि और ये बिचौलिए से नकली इतिहासकार बना व्यक्ति यह भी जान ले कि सरदार स्वर्ण सिंह और भुट्टो के बीच 1963 में छह दौर की वार्ताएं हुई थीं, लेकिन वो सारी बातचीत भारत और पाकिस्तान में हुई थी, किसी 'तटस्थ स्थान' पर नहीं, जैसा कि 10 मई 2025 की संघर्षविराम घोषणा में डा. जयशंकर के मित्र और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था।

गौरतलब है कि दुबे ने इतिहास का हवाला देते हुए कांग्रेस पर हमला किया और कहा कि आयरन लेडी इंदिरा जी और उनके पिताजी नेहरु जी कश्मीर के अवैध कब्ज़े पाकिस्तान के द्वारा 1948 के बाद दुबारा मध्यस्थ अमेरिका और ब्रिटेन के दबाव में भारत सरकार के मंत्री स्वर्ण सिंह जी व जुल्फिकार अली भुट्टो की लगातार बैठक 1962 से 1964 के बीच हुई, भारत ने पुंछ तथा उरी पाकिस्तान के द्वारा जबरदस्ती हथियाए भूभाग को पाकिस्तान को देने का फ़ैसला ही कर लिया था, इतने पर ही मामला नहीं रुका गुरेज़ में पूरी नीलम और किशनगंगा घाटी के साथ लाइन ऑफ कंट्रोल को अन्तर्राष्ट्रीय सीमा। भारत की आज की समस्या का एकमात्र कारण कांग्रेस का हाथ, किसके साथ।

### महिलाओं के साथ जघन्य अपराध नहीं रोक पा रही मप्र सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की जघन्य घटनाएं लगातार बढ़ रही है, अपराधी बेधड़क घूम रहे हैं और राज्य सरकार अपराधों को रोकने में पूरी तरह असमर्थ साबित हो रही है। आदिवासी कांग्रेस के प्रमुख डा. विक्रांत भूरिया ने कहा कि मध्य प्रदेश में महिलाओं, दलितों और आदिवासियों के साथ लगातार अत्याचार की घटनाएं हो रही हैं और राज्य सरकार इसे नियंत्रित नहीं कर पा रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव गृह मंत्रालय का कार्य भी संभाल रहे हैं, इसलिए राज्य में सबसे पहले पूर्णकालिक गृह मंत्री होना चाहिए।

# कृषि सब्सिडी किसान के खाते में मिले

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कृषि उद्योग समागम में बोले उपराष्ट्रपति जगदीप

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि सब्सिडी किसानों के बैंक खातों में भेजने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि इसका उद्योग से व्यापक जुड़ाव है।

धनखड़ ने सोमवार को मध्य प्रदेश के नरसिंह पुर में 'कृषि उद्योग समागम' का उद्घाटन करते हुए कहा कि किसानों को हर प्रकार की सहायता सीधे बैंक खाते में मिलनी चाहिए। इससे किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि खाद को लेकर सब्सिडी की राशि बहुत बड़ी है और अन्य भी सब्सिडी की राशियां भी बहुत बड़ी हैं, पर ये अप्रत्यक्ष हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि यदि ये सब सीधी किसानों को दी जायें, तो मेरा आकलन है कि हर किसान को हर साल कम से कम 35,000 रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को इस पर ध्यान देना चाहिए और अध्ययन कराया जाना चाहिए। इससे किसान को ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि किसान को हर तरीके से सरकार मदद कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधा किसानों के खाते में जाती है, लेकिन अन्य सहायता भी सीधी किसानों के खाते में जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है। कृषि का उद्योग से व्यापक स्तर पर जुड़ाव-लगाव है। देश की आर्थिक प्रगति पर धनखड़ ने कहा कि पिछले दशक में भारत ने बड़ी आर्थिक छलांग लगाई है। आज भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। बहुत ही जल्दी भारत दुनिया की तीसरी बड़ी महाशक्ति बनने वाला है। कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि क्षेत्र में उद्यमियों के रूप में उभरना चाहिए। देश में 730 कृषि विज्ञान केंद्र हैं और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अनेक संस्थाएं हैं। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित उद्योगों, सांसदों, विधायकों और प्रमुख गैर सरकारी संगठनों को किसान बहुल गांवों को गोद लेना चाहिए। गांवों में किसान उद्यमियों का बढ़ावा देना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि किसान को उद्योग और व्यापार में आने के लिए प्रेरित किया जाएगा, तो देश की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत का लक्ष्य वर्ष 2047 से पहले हासिल हो जाएगा।

# आयुष विभाग में 4350 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

**लखनऊ, वार्ता**



■ कुछ पद पदोन्नति, सीधी भर्ती, लेखा व वित्तीय संगर्व, पीएसएस संवर्ग के माध्यम से भरे जाएंगे

उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल ही में आयुष विभाग की बैठक में विभिन्न रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरने के निर्देश दिए हैं, जिसके बाद आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथिक विभाग में रिक्त कुल 4,350 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें से कुछ पद पदोन्नति, सीधी भर्ती, लेखा व वित्तीय संगर्व, पीएसएस संवर्ग के माध्यम से भरे जाएंगे। वहीं कुछ पदों के लिए अधियाचन भेजा जा चुका है।

प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में आयुष चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को सुदृढ़ करने के लिए पर्याप्त मानव संसाधन होना चाहिए। इसी क्रम में निदेशक, उप निदेशक, प्राचार्य, प्रोफेसर, लेक्चरर, चिकित्साधिकारी, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, मैट्रन, रीडर जैसे महत्वपूर्ण पदों को भरने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आयुर्वेद चिकित्सा सेवाओं में कुल 7,233 स्वीकृत पदों में से 4,208 पद भरे हुए हैं, जबकि 3,025 पद रिक्त हैं। इसी तरह यूनानी चिकत्सा सेवाओं में कुल 462 स्वीकृत पदों में से 301 भरे हुए हैं, जबकि 161 पद खाली हैं। इसके अलावा होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाओं में कुल 3,818 स्वीकृत पदों में से 2,654 भरे हुए हैं, जबकि 1,164 पद रिक्त हैं। इन पदों में से कई पर प्रोन्नति, सीधी भर्ती, लेखा व वित्तीय संगर्व, पीएसएस संवर्ग तथा अधियाचन भेजे जाने के माध्यम से नियुक्ति की जाएगी। प्रमुख सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जबकि कुछ पदों के अधियाचन प्रेषित कर दिए गए हैं।

## हर विद्यालय में तय होगा शिक्षक-छात्र अनुपात: योगी

# हर विधानसभा में खुलेंगे कंपोजिट स्कूल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए शिक्षकों की कमी नहीं होने देंगे: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा को समाज और राष्ट्र की आधारशिला बताते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर विद्यालय में शिक्षक और छात्र का अनुपात हर हाल में बनाए रखा जाएगा। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए हर विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक होंगे। मुख्यमंत्री ने हर विधानसभा क्षेत्र में एक मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 25-30 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले ये विद्यालय प्री-प्राइमरी से सीनियर सेकेंडरी तक एक ही कैंपस में सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे।

लोकभवन सभागार में सोमवार को बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम उन्होंने 3300 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। योगी ने शिक्षा के क्षेत्र में पिछले आठ वर्षों में हुए अभूतपूर्व बदलावों की सराहना की और भविष्य के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के कार्यों के एक नए मॉडल की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि यह बच्चों के भविष्य को संवारने का सबसे मजबूत हथियार है। योगी ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प, मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय और निपुण आकलन जैसे कार्यक्रमों के साथ उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच रहा है। उन्होने बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत प्रदेश के 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों व अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण किया। साथ ही 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपए की धनराशि उनके अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में जर्जर भवन, गंदगी और अव्यवस्था का बोलबाला था। छात्रों की कमी और ड्रॉपआउट दर अधिक थी, लेकिन ऑपरेशन कायाकल्प ने इस तस्वीर को बदल दिया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के लगभग सभी विद्यालय इस अभियान से जुड़ चुके हैं और शेष 2.3 प्रतिशत विद्यालय भी इस वर्ष कायाकल्प के दायरे में आ जाएंगे। इन स्कूलों में अब शौचालय, पेयजल, खेल मैदान, स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्कूलों में छात्रों की संख्या 800-1200 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा का एक नया मॉडल है, जो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के अवसर प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षक और छात्र का अनुपात हर हाल में बनाए रखा जाएगा। शिक्षकों की कमी नहीं होगी। हर विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक होंगे, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने बीएड और एमएड के छात्रों को निपुण आकलन कार्यक्रम में शामिल करने का सुझाव दिया, ताकि उन्हें फील्ड अनुभव मिले और वे स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी आधुनिक सुविधाओं से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए एक नया अनुभव होगा और शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएगा। योगी ने समर कैंप को बच्चों के समग्र विकास का माध्यम बताते हुए इसमें खेल, संगीत, नृत्य, नाटक और योग जैसी गतिविधियों को शामिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए हर विद्यालय में अभी से प्रशिक्षण शुरू हो।

### यूपी में रेपिडो चालकों का बाइक प्रशिक्षण आज

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार सड़क हादसों में होने वाली मौतों को कम करने के लिए अब आम नागरिकों को भी जीवन रक्षक बना रही है। इस कड़ी में राजधानी लखनऊ में 27 मई को विश्व इमरजेंसी मेडिसिन दिवस के अवसर पर रैपिडो बाइक टैक्सी के 1200 चालकों को कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन और फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मेदांता हॉस्पिटल (शहीद पथ) में आयोजित होगा, जिसमें देश के 16 राज्यों से आए डॉक्टर्स और विशेषज्ञ भाग लेंगे।सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर है। इसी के तहत यह अनूठा अभियान चलाया जा रहा है, जो 'हर नागरिक एक रक्षक' की भावना को मजबूती देगा। प्रशिक्षण के बाद रैपिडो कैप्टन सिर्फ सवारी नहीं पहुंचाएंगे, बल्कि जरूरत पड़ने पर किसी की जान बचाने में भी सक्षम होंगे। भारत में हर साल 1.5 लाख से ज्यादा लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाते हैं। यानी हर दिन औसतन 400 से ज्यादा मौतें, जिनमें से कई सिर्फ इसलिए होती हैं, क्योंकि समय रहते उन्हें प्राथमिक इलाज नहीं मिल पाता। रैपिडो बाइक चालकों की गिनती हजारों में है और ये हर रोज सड़कों पर रहते हैं। ऐसे में यह प्रशिक्षण उन्हें आपातकालीन स्थिति में पहला मददगार बना देगा। इस अभियान का संचालन सोसाइटी आफ एक्यूट केयर, ट्रॉमा एंड इमरजेंसी मेडिसिन और रैपिडो मिलकर कर रहे हैं। सेक्टम के फाउंडर डा. लोकेन्द्र गुप्ता ने बताया कि यह मिशन एक दिन, एक राष्ट्र, एक लक्ष्य के संकल्प के साथ शुरू किया जा रहा है, जो न सिर्फ उत्तर प्रदेश, बल्कि देशभर में सड़क सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## अर्थ व्यापार

# व्यापार तनाव घटने की उम्मीद, चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ चल रही व्यापार वार्ता की समय सीमा बढ़ाए जाने के वैश्विक स्तर पर व्यापार तनाव घटने की उम्मीद में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन चढ़ गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 455.37 अंक की छलांग लगाकर चार कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,176.45 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 148.00 अंक की तेजी के साथ 25 हजार अंक के पार 25001.15 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत उछलकर 45,111.47 अंक और स्मॉलकैप 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 51,766.72 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4267 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2301 में लिवाली जबकि 1772 में बिकवाली हुई, वहीं 194 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2982 कंपनियों के शेयरों में से 1735 में तेजी जबकि 1173 में गिरावट रही, वहीं 74 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय संघ के साथ चल रही व्यापार वार्ता की समयसीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस कदम से संभावित नए व्यापार युद्ध की आशंका कम हो गई है, जिसने हाल के दिनों में वैश्विक निवेशकों की चिंता बढ़ा दी थी।

विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला विश्व बाजारों में स्थिरता बनाए रखने में मदद करेगा और निवेशकों की भावना को सहारा देगा। ट्रम्प प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम संकेत देता है कि अमे. रिका फिलहाल विवाद के बजाय समाधान की दिशा में बढ़ना चाहता है। इनके अलावा भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की खबर बाजार के लिए निकट भविष्य में मनोबल बढ़ाने वाली होगी। यह न केवल वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करेगा, बल्कि घरेलू स्तर पर भी निवेश भावना को मजबूत करेगा। विशेषज्ञों के अनुसार भारत की यह प्रगति मजबूत आर्थिक बुनियाद, सतत सुधारों और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच स्थिर विकास दर का परिणाम है। ऐसे समय में जब कई विकसित अर्थव्यवस्थाएं सुस्ती से जूझ रही हैं, भारत की रैंकिंग में यह उछाल देश को वैश्विक निवेश के लिए और अधिक आकर्षक बना सकता है। इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सरकार को वित्त वर्ष 2023.24 के लिए 2.11 लाख करोड़ रुपए का लाभांश देने की घोषणा ने आर्थिक जगत में हलचल मचा दी है। यह आंकड़ा बाजार की अपेक्षाओं से कहीं अधिक है और सरकार के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। इससे बीएसई में सर्विसेज में 0.16 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में तेजी रही।

# खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा आठ रिंगिट की बढ़त के साथ 3832 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.24 सेंट चढ़कर 49-35 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 439 रुपए, सूरजमुखी तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 219 रुपए और वनस्पति तेल 513 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया, जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए और पाम ऑयल 147 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 150 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई, जबकि मूंग दाल 50 रुपए और अरहर दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500- 7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8800-8900 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17582 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 14871 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बहनों का...** सेना ने वह कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमा पार चल रहे आतंक के नौ सबसे बड़े आतंकी ठिकानों को ढूंढ़ निकाला। अता-पता पक्का कर लिया और 22 अप्रैल को जो खेल खेला गया था, छह मई की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। भारत की इस कार्रवाई से बौखलाई पाकिस्तानी सेना में दुस्साहस दिखाया, तो उसे भी सेना ने धूल चटाई। श्री मोदी ने गुजरात के दाहोद में लोकोमोटिव विनिर्माण संयंत्र सहित 24,000 करोड़ रुपये की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने अहमदाबाद-वेरावल वंदे भारत सेवा और वलसाड-दाहोद एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऐसे अभूतपूर्व और अकल्पनीय निर्णय लिए हैं, जो दशकों पुरानी बाधाओं से मुक्त हुए हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि आज देश निराशा और अंधकार के युग से निकलकर आत्मविश्वास और आशावाद के नए युग में प्रवेश कर चुका है। श्री मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीय एक विकसित भारत के निर्माण में एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत अब स्मार्टफोन, ऑटोमोबाइल, खिलौने, रक्षा उपकरण और दवाओं सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात कर रहा है। भारत न केवल रेल और मेट्रो तकनीक का निर्माण कर रहा है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर निर्यात भी कर रहा है। श्री मोदी ने पिछले 10-11 वर्षों में भारत के रेलवे क्षेत्र के तेजी से विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वंदे भारत ट्रेनें अब लगभग 70 मार्गों पर चल रही हैं, जो भारत के परिवहन नेटवर्क को और मजबूत बनाती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोच और इंजन अब घरेलू स्तर पर निर्मित होते हैं, जिससे आयात पर निर्भरता कम होती है। श्री मोदी ने कहा कि भारत रेलवे उपकरणों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच और इंग्लैंड, सऊदी अरब और फ्रांस को ट्रेन कोच निर्यात करता है। मैक्सिको, स्पेन, जर्मनी और इटली भी भारत से रेलवे से संबंधित घटक आयात करते हैं। उन्होंने कहा कि यह 'मेक इन इंडिया' पहल के निरंतर विस्तार को दर्शाता है तथा राष्ट्रीय गौरव को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के कई क्षेत्रों को पिछले दशक में पहली बार रेलवे कनेक्टिविटी मिली है। उन्होंने कहा कि गुजरात के कई इलाकों में पहले केवल छोटी, धीमी गति वाली ट्रेनें थीं, लेकिन अब कई नैरो-गेज मार्गों का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि दाहोद की रेल फैक्ट्री 9,000 हॉर्स पावर के इंजनों का निर्माण करेगी, जिससे भारत की ट्रेनों की शक्ति और क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, उन्होंने कहा कि दाहोद में बनने वाले हर इंजन पर शहर का नाम होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में सैकड़ों इंजन बनाए जाएंगे, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार पैदा होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कारखाना रेलवे के पुर्जे बनाने वाले छोटे उद्योगों को भी समर्थन देगा, जिससे आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसर फैक्ट्री से परे भी फैले हुए हैं, जिससे किसानों, पशुपालकों, दुकानदारों और मजदूरों को लाभ मिलता है तथा व्यापक आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होती है। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि विक. सित भारत के निर्माण के लिए आदिवासी क्षेत्रों का विकास आवश्यक है। आदिवासी समुदायों के उत्थान के लिए पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रयास किए गए हैं। गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में काम करने के उनके लंबे अनुभव ने राष्ट्रीय स्तर की पहल में योगदान दिया है। श्री मोदी ने उस समय को याद किया जब गुजरात में आदिवासी बच्चों को विज्ञान की पढ़ाई करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज, पूरे आदिवासी क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध है, अच्छे कॉलेज, आईटीआई, मेडिकल कॉलेज और इन समुदायों की सेवा करने वाले दो समर्पित आदिवासी विश्वविद्यालय हैं।

**भाजपा विधायक...** को अवैध तौर से हिरासत में रखना, मारपीट व अन्य धाराओं में रानीपुर के भाजपा विधायक आदेश कुमार चौहान, उनकी भतीजी दीपिका चौहान को 6-6 महीने एवं पुलिस विभाग से रिटायर्ड आरके चमोली, इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह रौतेला एवं दिनेश कुमार को एक-एक साल की सजा सुनाई है। ज्ञात रहे कि दोषी करार दिए गए आरोपी पुलिसकर्मियों में से एक पुलिसकर्मी का पहले ही देहांत हो चुका है। गौरतलब है कि ये घटना वर्ष 2009 की है। विधायक की भांजी दीपिका चौहान ने अपने पति मनीष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था। पीड़ित पक्ष की तरफ से सहारनपुर निवासी रिटायर्ड प्रवक्ता धीर सिंह चौहान ने शिकायत की थी कि 11 जुलाई 2009 को उनको, पत्नी शकुंतला एवं बेटे मनीष को थाने में बुलाया गया और जबरन अवैध रूप से हिरासत में रखकर मारपीट व उत्पीड़न किया गया। मामला आगे बढ़ा तो पीड़ित पक्ष ने हाईकोर्ट की शरण ली, जिस पर हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई जांच की गई। मामला काफी दिनों से सीबीआई कोर्ट में चल रहा था।

**मुंबई में...** नदी-नाले अचानक उफान पर आ गए। पुणे-सोलापुर हाईवे पर पाटस इलाके में बादल फटने से पुणे के बारामती और इंदापुर में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। बारिश के बाद यहां सड़कें पानी में डूब गईं। करीब 200 घरों में पानी भर गया और कई गाड़ियां बह गईं। एनडीआरएफ की 2 टीमें रेस्क्यू के लिए तैनात की गई हैं। मुंबई, ठाणे, पालघर समेत महाराष्ट्र के कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि मुंबई और उपनगरीय क्षेत्रों में दिन भर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मुंबई के सांताक्रूज के सुपारी टैंक और नारियल वाड़ी में सबसे ज्यादा 25 मिमी, पाली हिल में 24 मिमी, विले पार्ले और अंधेरी फायर स्टेशन ने 15 मिमी और 14 मिमी बारिश दर्ज की। चकल नगर निगम विद्यालय और मालवणी फायर स्टेशन में 14 मिमी और 12 मिमी बारिश हुई, जबकि वर्सोवा पंपिंग स्टेशन पर 11 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। चेंबूर की कलेक्टर कालोनी में 13 मिमी जबकि चेंबूर फायर स्टेशन में 9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer — HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, बुजुर्ग की मौत

## मुख्य आरोपी सोकेंद्र दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल के पद पर है तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भुम्मा में रविवार की रात जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट और फायरिंग में बदल गई। इस घटना में महकार (65) पुत्र करन सिंह की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एसपी देहात आदित्य बंसल, क्षेत्राधिकारी जानसठ यतेंद्र सिंह, नगर व मीरापुर थानाध्यक्ष बबलू सिंह वर्मा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव में पुलिसबल तैनात है।

मृतक महकार के पुत्र बलराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार को रात करीब 10 बजे गांव के ही जॉनी उर्फ योगेंद्र पुत्र सतपाल, उसका भाई सोकेंद्र, संतरपाल और सुनील पुत्र संतरपाल एक राय होकर जबरन उनके घर में घुस आए। उन्होंने महकार, सोनी पुत्र रामलाल और बलराम पर हमला किया। सोकेंद्र ने तमंचे से महकार के सीने में गोली मार दी, गोली लगते ही महकार की मौके पर ही मौत हो गई। हमले में सोनी के सिर पर भी धारदार हथियार से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बलराम ने आरोप लगाया कि जब वह मौके पर पहुंचा तो संतर और सुनील ने उस पर भी गोली चलाई और सुनील ने उसके सिर पर तमंचे की बट से हमला कर घायल कर दिया। बलराम के अनुसार, यह पूरा मामला चार दिन पहले महकार और योगेंद्र के बीच जमीन की डोल को लेकर हुए विवाद का नतीजा है। इसी रंजिश में रविवार को हमला किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी सोकेंद्र दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात है और उसी ने 315 बोर के देशी तमंचे से महकार की हत्या की। पुलिस ने घटना के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। मुख्य आरोपी सोकेंद्र अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। फिलहाल गांव में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सूचिबद्ध 1573 संपत्तियों के बढ़े सर्किल रेट

# सदर तहसील में आज से नए रेट के लगे स्टांप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सूचीबद्ध 1573 संपत्तियों के लिए सोमवार को नए सर्किल रेट लागू होने से तहसील सदर में बैनामा कराने आये लोगों को संपत्ति रजिस्ट्रीकरण के लिए ज्यादा स्टांम्प मूल्य चुकाना पड़ा। इनमें 15 से 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी किये जाने का दावा किया गया है। यह सर्किल रेट दो साल बाद बढ़ाये गये हैं। इसके लिए बड़े पैमाने पर आपत्तियां आई थी, जिनका डीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी ने सुनवाई के बाद निस्तारण किया है।

तहसील सदर के उप निबंधक प्रथम एवं द्वितीय कार्यालयों में सूचीबद्ध नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र वाली संपत्तियों के लिए नए सर्किल रेट सोमवार से लागू हो गए हैं। इसके साथ ही अब तहसील सदर क्षेत्र में कृषि, आवासीय और वाणिज्यिक जमीन खरीदना और महंगा हो गया है।

इस बार नए सर्किल रेट में करीब 10 से 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है, कुछ क्षेत्रों में यह बढ़ोतरी 30 प्रतिशत तक भी हुई है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार ने बताया कि सर्किल दर सूची के संशोधन संबंधी प्रस्ताव का काम पूरा हो गया है। नए सर्किल रेट 26 मई से ही तहसील सदर में लागू कर दिये गये हें। उन्होंने बताया कि यह सूची जिला निबंधक कार्यालय एवं समस्त उप निबंधक कार्यालय में उपलब्ध करा दी गई है। साथ ही जनपद मुजफ्फरनगर की वेबसाईट पर भी इसको अपलोड कर दिया गया है। बताया कि तहसील सदर के उपनि. बंधक प्रथम कार्यालय में सूचीबद्ध 285 और उप निबंधक द्वितीय कार्यालय में सूचीबद्ध 288 संपत्तियों के लिए नए रेट तय हुए हैं। इसके लिए डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में गठित कमेटी में शामिल एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार, सहायक महानिरीक्षक निबंधन वीर सेन, उप निबंधक सदर प्रथम श्रीनिवास यादव और उप निबंधक सदर द्वितीय अनिल सिंह ने आपत्तियों के निस्तारण के बाद सूची जारी कर दी है।



मुजफ्फरनगर: नगर पालिका कार्यालय में प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी महासंघ पदाधिकारी।

# नगर स्वास्थ्य अधिकारी के जवाब से वाल्मीकि समाज में उबाल

**सफाई कर्मचारी महासंघ ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सफाई कर्मचारी महासंघ द्वारा समस्याओं के निस्तारण के लिए सौंपे गए गए ज्ञापन के बाद प्रकरण में एडीएम प्रशासन द्वारा मांगी गई आख्या में सफाई कर्मचारियों की समस्या को लेकर नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दिए गए जवाब से वाल्मीकि समाज में उबाल है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी पर समाज की अनदेखी करने के आरोप लगाते हुए उनके जवाबों को सिरे से खारिज करते हुए मांगों के समाधान के लिए वार्ता की मांग की गई है। सफाई कर्मचारी महासंघ क्या बैनर पर प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मियों ने सोमवार को पालिका में हंगामा किया। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष चमन लाल ढिगान ने बताया कि 15 मई को पालिका में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह और इसके बाद 21 मई को एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह को सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों को लेकर 17 बिन्दुओं पर मांग पत्र दिया था। इसमें मुख्य रूप से सफाई कर्मचारी संघ कार्यकारिणी का चुनाव कराने, आउटसोर्स कर्मियों को समय से वेतन, संविदा कर्मियों को समान कार्य समान वेतन, मृतक आश्रित प्रकरण में नौकरी योग्यता के आधार पर देने, ठण्डी और गरम वर्दी दिये जाने, साइकिल भत्ता कम होने पर दो लीटर पेट्रोल देने की व्यवस्था करने और सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने सहित अन्य मांग शामिल रही। गोलमोल और अफसरों को गुमराह करने वाले जवाब पर सफाई महासंघ ने नाराजगी जताई है। चमन ढिंगान ने कहा कि यदि पालिका प्रशासन का रवैये ऐसा ही रहा और वार्ता नहीं बुलाई गई तो वो आंदोलन करने को विवश होंगे। इस दौरान उनके साथ देवी प्रसाद, सागर वाल्मीकि, पाल्लेराम, अजीत कुमार, दीपक पारचा, राकेश, राहुल, विजय कुमार, सोनू, आशीष और मेघराज मौजूद रहे।

# करंट लगने से युवक की मौत, परिजनों में कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** कस्बे में बिजली का करंट लगने से युवक की मौत कस्बे के मोहल्ला मुस्लिम कानून गोयान निवासी शमशाद मिस्त्री ने खाई खेडी रोड पर आम के बाग ले रखे हैं शाम 6 बजे के लगभग उसका 20 वर्षीय पुत्र समद बाग से वापस आ रहा था रास्ते में थाने के पीछे खाई खेडी रोड पर ही सरकारी पानी के नल से पानी पीने लगा बताया जा रहा है कि पानी पीते वक्त उसको करंट लग गया नल मे समरसेबल पडा हुआ है जिसकी सप्लाई बराबर में सरकारी शौचालय के टैंक के लिए लगाई गई है जिससे करंट आ रहा था जिससे वह नीचे गिर गया तथा काफी देर तक वही पड रहा है फिर राहगीर उठाकर उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना मिलने पर परिजन तुरंत अस्पताल पहुंचे। घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है पूरे मोहल्ले में जवान मौत से शोक छाया हुआ है

# पेंशन का लाभ लेने को भटक रहे सेवानिवृत्त अमीन

## हाईकोर्ट की रूलिंग और कमिश्नर के आदेश अधीनस्थों के लिए बेमानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हाईकोर्ट की रूलिंग और कमिश्नर के आदेश के बावजूद सेवानिवृत्त अमीन को नियुक्ति तिथि से पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कमिश्नर की ओर से पेंशन अदालत में निस्तारण के आदेश के बावजूद भी बुजुर्ग सेवा. निवृत्ति अमीन अफसरों के दरबार में चक्कर लगाते हुए लाचार सिस्टम से थक चुका है, अधिनस्थ अधिकारियों की उदासीनता कमिश्नर की ओर से पेंशन अदालत में निस्तारण के आदेश पर भारी है, जबकि वरिष्ठता क्रम में कनिष्ठ रहे एक अन्य अमीन को नियुक्ति तिथि से पेंशन का लाभ दिया जा चुका है।

लद्धावाला निवासी ईनाम उर्रहमान ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 19 सितंबर 1978 को उसकी अस्थाई नियुक्ति संग्रह अमीन के पद पर हुई थी। एक अक्तूबर 1983 को शासन के आदेश पर उसे स्थाई कर दिया गया था। करीब 40 वर्ष की सेवा के बाद वह सेवानिवृत्त हुआ। लेकिन उसे पेंशन का लाभ स्थाई नियुक्ति की तिथि से ही दिया गया। बताया कि हाईकोर्ट एक ऐसे ही मामले में संग्रह अमीनों की सेवा नियुक्ति तिथि से जोडकर पेंशन व सेवानिवृत्ति का लाभ देने का आदेश दे चुका है। हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक पेंशन देने के लिए नियुक्ति पद का नाम नहीं, सेवा की प्रकृति महत्वपूर्ण है। बताया कि संग्रह अमीन पद पर नियुक्ति के समय उनका वरिष्ठता क्रम छह था। जबकि उनसे काफी कनष्ठि और वरिष्ठता क्रम में 31 नंबर पर रहे संग्रह अमीन को अस्थाई नियुक्ति तिथि से पेंशन और सेवानिवृत्ति का लाभ दिया जा चुका है। डीएम से मिलकर उन्होंने बताया कि 11 दिसंबर 2024 को मंडलायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित पेंशन अदालत में भी उनके वाद का निस्तारण करने के आदेश दिये जा चुके हैं।

### संग्रह अमीन संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं आई रहमान

**मुजफ्फरनगर।** हाईकोर्ट की रूलिंग और कमिश्नर के आदेश लेकर नियुक्ति तिथि से पेंशन का लाभ लेने को अफसरों के चक्कर लगा रहे सेवानिवृत्त ईनामउर्रहमान सदर तहसील के राजस्व संग्रह अमीन संघ के कार्यकारिणी के चुनाव में कई बार अध्यक्ष चुने गए। सेवानिवृत्त होने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट के पेंशन और सेवानिवृत्ति परिलाभ के आदेशों का हवाला देकर वह पेंशन का लाभ लेने के लिए अफसरों से लेकर जन प्रति. निधियों को लेकर गुहार लगा चुके है, लेकिन विभागीय मठाधीश बाबुओं के सामने न तो हाईकोर्ट के आदेश कोई मायने रखते है और कमीश्नर द्वारा पेंशन अदालत में किए गए आदेश भी अधीनस्थों के लिए बेमानी है।

# न किताबें थीं, न कुर्सियां अब स्मार्ट हो रहे सरकारी स्कूलः सोमेन्द्र तोमर

**प्रभारी मंत्री ने सम्मानित कर बांटे टैबलेट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग में 3300 करोड़ रुपये की योजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण किया जिसमें जनपद की भी योजनाएं शामिल हैं इसी कडी में जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने शिक्षकों को टैबलेट वित. रित कर सम्मानित करते हुए प्रभारी मंत्री तोमर ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 3300 करोड़ की योजनाओं की शुरुआत की गई है।

उन्होंने बताया कि 2017 से पहले स्कूलों की हालत बेहद खराब थी न भवन थे, न ड्रेस, न मोजे-जूते और न ही किताबें। लेकिन वर्तमान सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की स्थिति में सर्वांगीण सुधार किया है। और प्रदेश के सरकारी स्कूलों को आज स्मार्ट स्कूल के रूप में नई पहचान मिली है। उन्होने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ से दिए गए संबोधन को बड़ी स्क्रीन पर लाइव सुना गया।

डीएम उमेश मिश्रा और एसएसपी संजय वर्मा ने मुख्य अतिथि मंत्री सोमेन्द्र तोमर को बुके देकर सम्मानित किया। यहां जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, एमएलसी वंदना वर्मा, मीरापुर विधायक मिथलेश पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, अभिषेक चौधरी, अचिंत मित्तल, ललित कुमार के अलावा सीडीओ कमल किशोर कंडारकर, एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार, एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह, बीएसए संदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: शिक्षकों को सम्मानित करते प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र तोमर व डीएम।

### प्रस्तावित रूट मिलने से नाराज हैं ई-रिक्शा चालक

**मुजफ्फरनगर।** ई रिक्शाओं के प्रस्तावित रूट के मामले में ई रिक्शा चालकों ने नाराजगी जताई है। दर्जनों चालकों ने एसपी यातायात अतुल कुमार चौबे को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

महेश शर्मा,सलीम अंसारी, संदीप कुमार, सोनू, बंटी मनोज विनय आदि दर्जनों चालक पुलिस कार्यालय में एसपी यातायात अतुल कुमार चौबे से मिले। उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। कहा गया कि ई-रिक्शाओं को जो रूट आवंटित किये जा रहे है वह रूट आवंटित न किये जाये। अवैध रूप से चल रही ई-रिक्शाओं व रेहडों पर प्रतिबन्ध लगाया जाए ताकि नगर में जाम न लगे। जिस व्यक्ति के नाम ई-रिक्शा है, केवल वही व्यक्ति ई-रिक्शा चलाये। नगर में कुछ लोग ई-रिक्शाओं को किराये पर चलवाकर व्यापार कर रहे है उन पर प्रतिबन्ध लगाया जाये। ताकि नगर में ई-रिक्शा की भीड कम हो सके। ई-रिक्शाओं को रूट आवंटित न किये जाये। रूट तय होने से ई-रिक्शा चाल. कों व आम आदमी पर आर्थिक भार पडेगा। एसपी यातायात ने कहा कि सभी रिक्शाओं के कागज पूरे कराएं। उसके बाद वार्ता की जाएगी। जो भी कार्रवाई होगी सहमति से होगी।

# कप्तान की परीक्षा में पास हुए चीता वाहन

**एसएसपी ने परखी पुलिसिंग व्यवस्था, खराब मिले हूटर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कानून व्यवस्था को सुदृढ करने और लोगों में पुलिस का इकबाल बुलंद करने के इरादे से एसएसपी ने यूपी-112 द्वारा संचालित दोपहिया चीता वाहन का रिस्पांस टाइम चेक किया तो सभी पांच मिनट के अंदर शिव चौक पर पहुंची गई। हालांकि इस दौरान कुछ चीता मोबाइलों की लाइटें व हूटर खराब मिले। उन्हें तत्काल ठीक कराने के आदेश दिए गए। इस मौके पर एसएसपी ने चीता मोबाइल पर तैनात पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा, जो रिस्पांस टाइम में खरा उतरेगा, उससे सम्मानित किया जाएगा।

जिले की कानून व्यवस्था को बनाए रखने में यूपी-112 का काफी योगदान है और वह एक सूचना पर कुछ मिनट में ही मौके पर पहुंच जाती है। यूपी-112 में दोपहिया वाहन चीता मोबाइल भी शामिल है जो शहर की तंग गलियों में सूचना मिलते ही पहुंच जाते है। रविवार रात को एसएसपी संजय कुमार वर्मा शिव चौक पहुंचे और चीता मोबाइल का रिस्पांस चेक करने के लिए उन्होंने वायरलेस सेट पर सभी को शिव चौक पहुंचने के आदेश दिए। पांच मिनट में ही 50 चीता मोबाइल शिव चौक पहुंच गई। इस दौरान एसएसपी ने चीता मोबाइल की लाइट, सायरन आदि को चेक किया था तो 15 चीता मोबाइल की लाइट व सायरन में खराबी मिली, जिसे ठीक कराने के निर्देश दिए। शिव चौक पर ही एसएसपी से चीता मोबाइल पर तैनात पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ भी किया। उन्होंने कहा, रिस्पांस टाइम में खरा उतरने वाले और सराहनीय कार्य करने वाले ती आरक्षियों को हर माह पुरस्कृत किया जाएगा तथा उनका पुलिस लाइन में फोटो भी लगाया जाएगा, ताकि पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन हो सके और वह पूरे मनोयोग से अपराध नियंत्रण कर सकें। पुलिसकर्मियों को तनाव मुक्त रखने के लिए समय-समय पर खेल-कूद का आयोजन कराया जाता रहेगा। पुलिसकर्मियों के अवकाश, वेलफेयर के संबंध में मीटिंग की गयी है, जिससे उनकी तनाव व समस्या दूर किया जा सके।



उफ... ये गर्मी कुछ ऐसे ही ख्यालों के साथ चेहरा ढककर बच्चे को स्कूटी पर ले जाती महिला।

# एयर कंडीशन का कम्प्रेशर फटने से एसडी मार्किट दहली

**धमाके की आवाज से सहमे व्यापारी, मचा हड़कंप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शिव चौक स्थित एसडी मार्केट में लगे आउट डोर सिस्टम का कंप्रेशर फटने से लोगों में हड़कप मच गया। इससे पहले लोग कुछ समझ पाते उनमें अफरा-तफीर मच गई थी। बाद में हकीकत का पता चलने पर लोगों ने राहत की सांस ली। गनीमत रही कि आउट डोर सिस्टम मार्केट की छत पर रखा था, जिसके चलते बडा हादसा होने से बच गया, क्योंकि एसडी मार्केट शहर की सबसेस बडी मार्केट है और उसमें काफी दुकानें है।

शिव चौक के पास एसटी मार्केट है, जिसमें कई सौ दुकाने हैं। सोमवार को मार्केट में अन्य दिनों की तरह सामान्य रूप से कारोबार चल रहा था। दोपहर को अचानक तेज धमाके से मार्केट को लोग दहल गए। धमाके की गूंज से व्यापारियों व ग्राहकों में अफरा-तफरी मच गई और वह दुकान से बाहर निकल आए। धमाके की आवाज सुनकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले का पडताल में जुट गई। जांच के दौरान पुलिस व व्यापारियों को पता चला कि मार्केट की छत पर रखे एक दुकान एसी के आउट डोर सिस्टम का कंप्रेशर फटा है, जिसकी आवाज दूर तक गई थी। इसके बाद ही व्यापारियों व ग्राहकों ने राहत की सांस ली।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# अंतर्राज्यीय दो वाहन चोर मुठभेड़ में गिरफ्तार

**गोली लगने से घायल हुआ एक शातिर, दो कारे बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर थाना पुलिस की अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह से मुठभेड हो गई। पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी हैं। दोनों बदमाश मेरठ जिले के रहने वाले हैं । दोनों की निशानदेही पुलिस ने दो क्रेटा व सेल्टोस कार बरामद की है।

पुलिस लाइन स्थित यातायात सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि मंसूरपुर थाना प्रभारी सुभाष अत्री को सूचना मिली थी कि बेगरा. जपुर चौकी क्षेत्र में बंद पडी पालीवाल फैक्ट्री में चोरी के वाहन खडे हुए है, जिन्हें लेने के लिए दो वाहन चोर आए हुए है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी ने टीम के साथ फैक्ट्री में दबिश दी तो देखा बिना नंबर प्लेट की तीन लग्जरी कारों के पास दो वाहन चोर खडे हैं, जो पुलिस को देखते ही फायरिंग करते हुए भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में एक वाहन चोर वाहिद उर्फ डा. वाहिद निवासी राधना गांव थाना किठौर जिला मेरठ, हाल निवासी गढमुक्तेश्वर बस अड्डे के पास, थाना गढमुक्तेश्वर जिला हापुड पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लेने के बाद इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। दूसरे वाहन चोर आसिफ निवासी बहरामपुर गांव थाना जानी जिला मेरठ को भी पुलिस ने घेराबंदी के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों से पूछताछ के बाद एसपी सिटी ने बताया, दिल्ली व आसपास के जिलों से कारों को चोरी करने के बाद दोनों वाहन चोर बंद पडी फैक्ट्री में लाकर खडघ कर देते है और मामला शांत होने पर गिरोह में शामिल अन्य बदमाशों के साथ मिलकर चेसिस व इंजन नंबर बदल कर मध्य प्रदेश, राजस्थान व पश्चिम बंगाल में बेच देते हैं। बताया, डेढ साल पहले ही वाहिद जेल से छूट कर आया था और फिर से वाहन चोरी करने लगा था। दोनों वाहन चोरों से दो हुडंई कंपनी की क्रेटा कार, एक किया सेल्टोस व कार चोरी करने के उपकरण बरामद किए हैं। बरामद तीनों कारों की कीमत 70 लाख है। तीनों कारें अज्जू व शाऐब मलिक के साथ मिलकर दिल्ली से चोरी की गई थी और यहां लाकर छिपाई थी। इस गिरोह में शामिल बाकी बदमाशों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसपी सिटी ने बताया, वाहिद पर दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, हापुड, मेरठ व मुजफ्फरनगर आदि जिलों में चालीस मुकदमे दर्ज है, जबकि आसिफ पर दिल्ली व मुजफ्फरनगर में चार मुकदमे दर्ज हैं। वाहिद दिल्ली से वांछित चल रहा है।

UPADHYAY NAYAN SAGAR JAIN DEGREE COLLEGE
JAMALPUR JHINJHANA SHAMLI DISTT SHAMLI
(To be affiliated NCTE, Maa Shakumbhari University Saharanpur)
Invite applications for qualified & experienced candidates for the following post.
Applications are invited of faculty members of BA & B.Com. Course.
BA Drawing & Painting, BA Education
B.Com.
Note: Norms & Standards as per NCTE/UGC, UP Govt & Maa Shakumbhari University Saharanpur.
Secretary: Vaibhav Jain
Mob: 9568498861
Apply through email with CV, Photo and photocopies of all certificates or Post within 7 Days
EMAIL: - VAIBHAVJAINUP12@GMAIL.COM

# निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी

## 29 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल की दी चेतावनी

शाहटाइम्स सवांददाता

**खतौली।** शुक्रवार को खतौली बिजली घर पर विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा विधुत विभाग को निजीकरण करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा रहा। प्रदर्शन के दौरान विद्युत कर्मचारियों ने सरकार एवं ऊर्जा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी कर निजीकरण का कड़ा विरोध किया। मांग पूरी न होने पर और अनिश्चित कालीन कार्य बहिष्कार करने के भी चेता. वनी दी गई।

विद्युत विभाग के निजीकरण के खिलाफ खतौली बिजली घर पर सोनवार भी को धरना प्रदर्शन किया गया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर किये गए इस प्रदर्शन में कर्मचारियों ने सरकार और ऊर्जा मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और निजीकरण की नीतियों का तीखा विरोध किया। आंदोलनकारी कर्मचारियों ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया, तो 29 मई से पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जाएगा। समिति ने आम उपभोक्ताओं से भी प्रदर्शन में उनका साथ देने की अपील की। क्योंकि निजीकरण का सीधा असर उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने चेता. वनी दी कि यह आंदोलन 28 मई तक जारी रहेगा और इसके बाद बड़ा कदम उठाया जाएगा। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार यदि अपनी जनविरोधी नीतियों को वापस नहीं लेती है, तो पूरे प्रदेश में बिजली सेवाएं बाधित हो सकती हैं, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर अवर अभियंता-गिरीश कुमार, विनोद कुमार, वैभव रस्तोगी, प्रमोद कुमार,जह-2, ओमप्रकाश, चंदन, विनोद, संदीप, आनन्द, अरुण बाबू, करन ,आशुतोष धामा, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

# पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में उर्जा राज्यमंत्री ने होल्कर को किया याद

**बुढ़ाना।** एक बैंकट हाल में आयोजित पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत बुढ़ाना विधानसभा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन हुआ। संयोजक डिस्ट्रिक्ट को ऑपरेटिव बैंकों के अध्यक्ष ठाकुर रामनाथ सिंह व सह संयोजक कुलदीप त्यागी रहे। पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में मुख्य अतिथि यूपी के उर्जा राज्य मंत्री डॉक्टर सोमेंद्र तोमर, कैराना लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी व पूर्व विधायक उमेश मलिक रहे। संचालन ठाकुर रामनाथ सिंह ने किया। वक्ताओं ने अहिल्याबाई के जीवन में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। ऊर्जा मंत्री डॉक्टर सोमेंद्र तोमर ने कहा कि अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर काफी कार्य किए। उन्होंने कई तीर्थ स्थानों के साथ ही कई मंदिर, घाट, कुँए, बावडियों, भूखे लोगों के लिए अन्नसत्र व प्याऊ का निर्माण कराया। अहिल्याबाई के दिल में अपनी प्रजा के लिए काफी प्यार व दया थी। वे जब किसी को मुसीबत में देखती तो उसके लिए कदम बढ़ाती थी। इसलिए लोग उन्हें काफी सम्मान व प्यार देते थे। पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने कहा कि होल्कर भारतीय संस्कृति की मूर्तिमान प्रतीक थी। कितनी आपत्ति के प्रसंग व कसौटियों के प्रसंग उस तेजस्विनी पर आए लेकिन उन सबका बड़े धैर्य से मुकाबला कर धर्म संभालते हुए उन्होंने राज्य का संसार सुरक्षित रखा ये उनकी विशेषता थी। उन्होंने भारतीय संस्कृति की परम्पराएं सबके सामने रखी। भारतीय संस्कृति जब तक जाग्रत है तब तक अहिल्याबाई के चरित्र से हमें प्रेरणा मिलती रहेगी। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि अहिल्याबाई के शासन में व्यापक बुनियादी ढांचे का विकास हुआ जिसने आर्थिक विकास और सामाजिक संपर्क को बढ़ावा दिया। उन्होंने सड़कों, पुलों सार्वजनिक भवनों के निर्माण का काम शुरु किया। जिससे उनके राज्य में व्यापार व गतिशीलता को बढ़ावा मिला।

उनसे समाज में काम करने वाले व्यक्ति को प्रेरणा मिली। यहां बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के प्रधान, बीडीसी मेंबर व नगर पंचायत सभासद आदि शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों का धन्यवाद



किया। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, पूर्व चौयरमेन प्रमेश सैनी, भूमि विकास बैंक विनोद सैनी, भाजपा नेता अभिषेक चौधरी, हिमांशु संगल, जिला पंचायत सदस्य प्रमोद कश्यप, बुढ़ाना मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर, रामनरेश कुमार, कुलदीप बागड़ी, विनीत शर्मा, आशीष प्रधान, कपिल राठी, विजय प्रधान, शिवम निवेश और पुनीत पंवार आदि भाजपा मौजूद रहे।

### अब करके दिखाओ अतिक्रमण लग जाएगा पता...

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कस्बे की मुख्य सडकों और सभी बाजारों में हो रहे अतिक्रमण को लेकर जोरदार चर्चा हुई। जिसयै एसडीएम राजकुमार भारती और सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि अतिक्रमण होने से मुख्य सडकों पर दुर्घटनाएं बढ रही हैं। बाजारों में दुकानदार मुख्य सडक पर सामान रखे हुए हैं। इस विषय पर अघधिकारियों और दुकानदारों के बीच वार्ता हुई। सबकी सहमति से निर्णय लिया गया कि मुख्य सडक और बाजार में निशान देही के लिए पीली पटी खींची जाएगी। पीली पटी के अंदर ही दुकानदार सामान रख सकेंगे। ठेली, फड़ या टीन शेड बनाकर सामान बेचने वाले दुकानदार भी पीली पटी को पार नही कर सकेंगे।

# युवक का आत्महत्या करने की धमकी देने का वीडियो वायरल

**जानसठ।** नयागांव फैजाबाद के एक युवक ने रोते बिलखते हुए आत्महत्या करने की धमकी देने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल की है। जिसको लेकर परिजनों ने कोतवाली में पहुंचकर कोतवाली का घेराव कर जमकर हंगामा किया। इस दौरान उन्होंने होटल मालिक पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपहरण करने की बात कही।

मिली जानकारी के अनुसार जानसठ थाना क्षेत्र के नया गांव फैजाबाद के रहने वाले रवि कुमार उर्फ सूरज कुमार ने खुद अपने मोबाइल से रोते बिलखते हुए वीडियो बनाई। इसके बाद उसने वीडियो वायरल करते हुए बताया कि उसने 11 महीने पहले मीरा. पुर क्षेत्रा में होटल करने वाले मालिक से डेढ़ लाख रुपये ब्याज पर उधार लिए थे।

उसने ब्याज सहित करीब दो लाख रुपये उसको लौटा दिए थे। सिर्फ 9 हजार रुपये रह गए थे। आरोप है कि होटल मालिक उसको घर से बुलाकर अपने होटल पर ले गया। आरोप है कि होटल मालिक और उसके लड़कों ने उसके साथ मारपीट की तथा उसकी गाड़ी भी छीन ली। युवक ने रोते हुए आत्महत्या करने की धमकी की बात कही है। पीड़ित युवक के परिजनों ने कोतवाली में पहुंचकर नामजद तहरीर देते हुए होटल मालिक एवं उसके पुत्रा पर अपहरण करने की बात कही है। उकत प्रकरण को लेकर पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए होटल मालिक के पुत्रा को हिरासत में ले लिया है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। इस संबंध में इंस्पेक्टर राजीव शर्मा का कहना है कि युवक की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

# जौला बिजली घर पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर दिया धरना

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के सैंकडों पदाधिकारियों और सदस्यों ने आज सोमवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला में स्थित बिजलीघर मे पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर पंचायत भी की। धरने की सूचना पर सैंकड़ों ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और विद्युत निगम के कर्मचारियों पर दुर्व्यवहार और अवैध वसूली करने का खुला आरोप लगाया। बिजली घर के कर्मचारियों व अधिकारियों से नाराज भाकियू कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर धरना दिया। धरना स्थल पर भाकियू के जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान, तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार और भाकियू नगर अध्यक्ष बुढ़ाना मौहम्मद इसरार ने कहा कि विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी अवैध रूप से देर रात के समय किसानों व ग्रामीणों के घरों में छापे मारी करते हैं। विरोध करने पर क र्म चा री दुर्व्यवहार करते हैं। गलत बिल भेजकर ठीक करने के नाम पर अवैध वसूली की जाती है। धरने की सूचना पर ए क स ई ए न अजीत सिंह यादव धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। एक्सईएन के समस्याओं के समाधान के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ। इस मौके पर पूर्व प्रधान मुन्ना, जब्बार, वसीम, यासीन, विकास त्यागी, अनिल, धीर सिंह, वीर सिंह, पिंटू, विपिन और तमसीर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान मुन्ना और संचालक जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी ने किया।



# ब्लाक में देखा गया बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं का लाइव प्रसारण

**चरथावल।** ब्लाक सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं का सीधा प्रसारण दिखाया गया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सहित,ग्राम प्रधानों,क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर चरथावल ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुण्डीर ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर सरकार की प्राथमिकता बताई और डीबीटी योजना को क्रांतिकारी कदम कहा। कार्यक्रम में ब्लॉक के अधिका. रियों और जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग की डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर का सीधा प्रसारण चरथावल ब्लाक परिसर में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से दिखाया गया,जहां बड़ी संख्या में प्रधान,बीडीसी मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान सभी ने बड़ी ही रुचि के साथ मुख्यमंत्री का संबोधन सुना और विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुण्डीर भाजपा जिला महामंत्री विजय सैनी,जिला प्रतिनिधि मनीष गर्ग, लोक. ेश पुण्डीर उर्फ चड्ढा ठाकुर मूलचंद उर्फ मोनी पुंडीर ठाकुर अशोक पुण्डीर, बिरालसी प्रधान लोकेश पुण्डीर,आरिफ प्रधान,संजय सैनी प्रधान,वासिफ राईन, प्रवीण राणा,अनुज,अजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

# होली चाईल्ड में मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा के सभागार में बोर्ड परीक्षा 2025 के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट विद्यार्थियों के लिए ''मेधाावी प्रतिभा सम्मान समारोह'' का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एम0एल0सी0 शिक्षक नेता श्रीचन्द शर्मा, विशिष्ट अतिथि कैप्टन प्रवीन चौधारी, डॉ0 रणवीर सिंह, आशीष द्विवेदी, आर्यराज कौशिक, पंकज धीमान, अनिल शास्त्री, आर्चरी कोच विपिन बालियान, कबड्डी कोच मनोज बालियान, मौ0 अहसान, डॉ0 राजीव कुमार, विद्यालय प्रबन्धाक रीटा दहिया व प्रधाानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल के मेधाावी निवेदी, अंशिका शुक्रालिया, मंयक कुमार तथा इण्टरमीडिएट के मेधाावी अनु सिंह, अंशु व आंचल के साथ-साथ विद्यालय की श्रेष्ठतम सूची में अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान प्रतीक एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि श्रीचन्द शर्मा ने अपने उद्बोधान ने कहा कि पुरस्कृत व सम्मानित होना सबको अच्छा लगता है ये जीवन के मुख्य क्षण अविस्मरणीय है। संस्था में पढ रहे सभी बच्चों को सफल होने पर आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप समाज के भविष्य हो और इसी तरह तुम्हें आगे अपने जीवन में सफल होते रहना है। कैप्टन प्रवीन चौधारी ने अपने उद्बोधान में कहा कि माता-पिता को अपने बच्चे की परवरिश एक बाज की तरह करनी चाहिए जैसे बाज अपने बच्चे को उडने के लिए खुले आसमान में छोड देता है और उसे पकड लेता है यह प्रक्रिया काफी दिनों तक चलती है, जब तक बच्चा सक्षम न हो जाये, उसी प्रकार सभी माता-पिता को अपने बच्चों की परवरिश एक बाज की तरह करनी चाहिए जब तक बच्चा सफल न हो जाये। डॉ0 रणवीर सिंह व आशीष द्विवेदी ने अपने उद्बोधान में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावकों का यह सौभाग्य है कि उन्हें ग्रामीण क्षेत्र में एक ऐसा विद्यालय मिला जो कि बोर्ड परीक्षा में प्रतिवर्ष जिला स्तर मैरिट



सूची में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। यहां के बच्चों को सफल बनाने में अधयापकों के साथ-साथ माता-पिताओं का भी बडा योगदान रहता है। मेधाावी प्रतिभा सम्मान समारोह में नरेश सैनी, कल्याण सिंह, निर्वेश कुमार, चन्द्रवीर सिंह, आदि उपस्थित रहें। प्रधाानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और उन्हें शॉल उढाकर व सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया। मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह को सफल बनाने में जितेन्द्र कुमार, धाीरज बालियान, शुभम कुमार व नितिन बालियान आदि अध्यापकों का सहयोग रहा।

# शिक्षा के क्षेत्र में हर तरह का सहयोग देंगे हम : विनोद मलिक



**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती किरण यादव की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ जी महाराज द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यो का शुभारंभ एवं लोकार्पण ब्लॉक संसाधन केंद्र बुढ़ाना पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्रीमती पाल्लो देवी के प्रतिनिधि पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद मलिक, विशिष्ट अतिथि रामनाथ सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक मुजफ्फरनगर, विशिष्ट अतिथि मोनू ठाकुर मंडल अध्यक्ष भाजपा बुढ़ाना एवं राम नरेश कुमार पूर्व नामित सदस्य बुढाना की उपस्थिति में ऑनलाइन प्रसारण दिखाया गया। इस प्रसारण में बेसिक शिक्षा विभाग के प्रधानाध्यापक, अध्यापक, शिक्षा मित्र और अनुदेशक उपस्थित रहे। बेसिक शिक्षा विभाग के ऑनलाइन कार्यक्रम में सरकार के द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यो का शुभारंभ जैसे कि डीबीटी, नए स्कूल कंपोजिट स्कूल व मॉडल स्कूल आदि सरकारी योजनाओं को बताया गया। मुख्यमंत्री के प्रोग्राम में निपुण विद्यालय के अध्यापको को सम्मानित किया गया। इस प्रकार से जो शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे कार्य कर रहे हैं। जैसे आईसीटी लेब एवं जिनके यहां छात्र संख्या अधिक हैं और नामांकन भी अच्छा हुआ है और उनका विद्यालय निपुण है उनको भी सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों के द्वारा भी निपुण विद्यालय के अध्यापकों को सम्मानित किया गया। आईसीटी लेब और उत्कृष्ट करने वाले अध्यापकों को सम्मानित किया गया तथा टेबलेट वितरण किया गया। सभी अतिथियों ने खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा किए गए प्रोग्राम की सराहना की तथा भविष्य में बेसिक शिक्षा विभाग को अपना पूर्ण योगदान देने का वादा किया। विनोद मलिक पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं ब्लॉक प्रमुख श्रीमती पाल्लो देवी के प्रतिनिधि ने कहा कि हर समय जो भी कार्य मुझे कहा जाए मैं उसे पूर्ण करूंगा और सभी अध्यापकों से वादा किया तथा चाहरदीवारी हो या कोई भी कायाकल्प से संबंधित कार्य उसे जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए पूर्ण सहयोग देने का वादा किया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती किरण यादव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और अमूल्य समय देने पर उनका धन्यवाद किया। सब अध्यापकों ने अतिथियों का धन्यवाद किया।

### कमलेश शर्मा की जयंती पर शिक्षकों ने दी श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरनगर।** चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंड्री स्कूल में विद्यालय की संस्थापक प्रधानाचार्या स्वर्गीय कमलेश शर्मा की जयंती प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अमर पांचाल व आकाश पांच. ाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अमर पांचाल ने सभा की शुरूआत में स्वर्गीय कमलेश शर्मा के जीवन चरित्र की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। विद्यालय की प्रधानाचार्य सान्या निगम ने कहा कि कमलेश शर्मा ने न केवल शिक्षा के क्षेत्रा में अपना योगदान दिया, बल्कि अनगिनत लोगों को विपरीत परिस्थितियों में आशा की किरण दिखाई।

# भाकियू तोमर ने सदर तहसील में किया धरना प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन तोमर ने किसानों की समस्याओं को लेकर सदर तहसील में धरना प्रदर्शन किया।

भारतीय किसान यूनियन तोमर के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर तहसील में धरना प्रदर्शन किया वहीं भारतीय किसान यूनियन तोमर के ब्लॉक अध्यक्ष दिलशाद प्रधान के नेतृत्व में काफी कार्यकर्ता अपने ट्रैक्टर से सवार होकर तहसील में पहुंचे तहसील में कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया ब्लॉक अध्यक्ष दिलशाद प्रधान ने कहा कि तहसील में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है किसानों को परेशान किया जाता है इस बार गाने का भाव बढ़ाया जाए डीजल व पेट्रोल के दाम कम किया जाए किसानों के कर्ज माफ हो आवारा पशुओं की समस्याओं से किसानों को निजात



दिलाई तहसील में खतौनी के कमरों के बाहर कोई पंखे आदि की कोई व्यवस्था नहीं है किसान व आमजन के लिए तहसील में पानी की व्यवस्था नहीं है अपअधिकारी द्वारा तहसील में सदर क्षेत्र में अवैध कॉलोनी का खेल चल रहा है उसे पर रोक लगाई जाए उन्होंने इसके अलावा अन्य किसानों की समस्याओं को लेकर भी शासन में प्रशासन से निस्तारण करने की मांग की उसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। इस मौके पर युवा प्रदेश प्रभारी मनीष गुर्जर कार्य पश्चिम प्रभारी अजय त्यागी शमशाद अहमद अरुण कश्यप सद्दाम भाई रवि कुमार मोनू धीमान अन्य उपस्थित रहे।।

### आचार्य प्रसन्न सागर का जनपद आगमन 28 मई को

**मुजफ्फरनगर।** तीर्थ राज सम्मेद शिखर पर्वत पर 557 दिनों की अखण्ड मौन, तप साधना करने बाले अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज 28 वर्षो बाद चतुर्विध संघ के साथ 28 मई को जनपद में मंगल प्रवेश करेंगे। बुधवार 28 मई को प्रातः काल आचार्य श्री का लगभग 18 मुनियों व आर्यिका माताजी के साथ व लगभग हजारों भक्तों के साथ रुड़की रोड आनंद पुरी पेट्रोल पंप पर भव्य स्वागत होगा, जहां से उनका जैन औषधालय प्रेमपुरी प्रांगण में मंगल आगमन होगा।

**सूचना**

मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं. 8316 दिनांक 28.08.2015 में मेरी पुत्री का नाम महक चौधरी है जबकि पिता का नाम प्रवेन्द्र सिंह व गलती से माता का नाम रेशू देशवाल अंकित करा दिया गया था, जबकि माता का वास्तविक नाम रेशू देशवाल उर्फ रेशू चौधरी है। भविष्य में माता को इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

शुद्धिकरण हेतु शपथ पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक

प्रवेन्द्र सिंह

निवासी ग्राम छछरौली, पोस्ट भोकरहेड़ी, जिला मुजफ्फरनगर

# ट्यूबवैल की नाली को लेकर बघरा के ग्रामीण डीएम से मिले

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** तितावी थाना क्षेत्र बघरा के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को मिलकर बताया कि उनके गांव में मैन रोड के पास सरकारी टयूब्वैल है और इसी टयूब्वैल से अपने खोतों की सिंचाई करते है।

ग्रामीणों ने बताया कि उक्त टयूब्वैल के अलावा खोत की सिचाई के लिए कोई साधन नही है। उन्होंने बताया कि गांव के सतेन्द्र, राहुल निवासीकाखेडा व आशु निवासी बघरा ने टयूब्वैल की नाली तोड दी है जिससे नाली का पानी बंद हो गया है।

उन्होंने कब्जा करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उक्त नाली करीब 100 वर्षो से चली आ रही है। और नाली टूटने से उनकी खोती सूख रही है। ग्रामीणों ने जल्द ही नाली बनवाने



की मांग की है।

### श्रीराम कॉलेज में एमएससी कृषि में छात्रों का दबदबा

**मुजफ्फरनगर।** मां शाकुंभरी बिवविद्यालय सहारनपुर के द्वारा घोषित एमएससी कृषि विज्ञान (एग्रोनॉमी) तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में श्रीराम कॉलेज के कृषि विज्ञान (एग्रोनॉमी)तृतीय सेमेस्टर में अध्ययनरत विधार्थियो ने उच्चतम अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। आज एमएससी कृषि विज्ञान(एग्रोनॉमी) तृतीय सेमेस्टर की मेरिट सूची तैयार की गई जिसमें गौतम ने 74.6 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान, अतुल कुमार ने 74.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा आयुष राठी ने 73.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने इस सफलता का श्रेय माता-पिता एव शिक्षकों को देते हुये उनका धन्यवाद दिया। इस अवसर पर श्री राम कॉलेज की प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल तथा श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

**कार्यालय:: खण्ड विकास अधिकारी मोरना ( मु.नगर )**

पत्रांक/180/लेखा/पंचम-15वां वित्त/2025-26 दिनांक: 16/05/2025

**-:निविदा आमन्त्रण सूचना:-**

खण्ड विकास अधिकारी मोरना की ओर से पंचम वित्त आयोग एवं 15वा वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों पर निविदाये समस्त राजकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारो से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत दिनांक 31.05.2025 की अपरान्ह 12.00 बजे तक निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रतिशत दर पर मुहरबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 31.5.2025 की प्रात: 11.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा। कोई भी सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। निर्माण कार्यों की अरनैस्ट मनी/जमानत राशि किसी भी राष्ट्रीय कृत बैंक की एफ.डी.आर. या एन.एस.सी. के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी मोरना के पक्ष में बन्धक कराकर निविदा के साथ जमा की जानी है। निविदाए दिनांक 31.5.2025 को सांय 02.00 बजे ब्लाक स्तरीय समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओ के समक्ष खोली जायेगी। विस्तृत शर्ते एवं विवरण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखे जा सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( लाख में ) | निविदा प्रपत्र मूल्य | धरोहर धन0 02 प्रति. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम करहेडा में सुभाष प्रधान के खेत से अमित के खेत तक नाला निर्माण कार्य। | 8.02 | 800 | 16000 | 04 माह |
| 02 | ग्राम नन्हेडा में रविन्द्र के मकान से खेल के मैदान तक सी.सी. निर्माण कार्य। | 3.20 | 320 | 6500 | 04 माह |
| 03 | ग्राम करहेडा में विपिन के खेत से बाबू के खेत तक खडन्जा मिटटी कार्य | 6.00 | 600 | 12000 | 04 माह |
| 04 | ग्राम वजीराबाद में गौरव डीलर के मकान से जयपाल के मकान तक सी.सी. निर्माण कार्य। | 8.10 | 800 | 16000 | 04 माह |
| 05 | ग्राम बरूकी में शमशान शैड एव मिटटी खडन्जा निर्माण कार्य। | 8.10 | 800 | 16000 | 04 माह |
| 06 | ग्राम धीराहेडी में अनुप के खेत से संजीव के खेत तक मिटटी खडन्जा कार्य। | 8.10 | 800 | 16000 | 04 माह |
| 07 | ग्राम निरगाजनी में डाकखाने वाले तिराहे के पास यात्री शैड का निर्माण कार्य। | 4.00 | 400 | 8000 | 04 माह |
| 08 | ग्राम मलपुरा में तालाब की पुलिया से गुलशेर के मकान तक नाला निर्माण कार्य | 8.10 | 800 | 16000 | 04 माह |

**कार्य की मात्रा/लागत घट बढ सकती है।**

**अवर अभियंता ( आर.ई.डी. )**

**खण्ड विकास अधिकारी मोरना ( मु0नगर**

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं0-895/06.12.2022 में उसका नाम कायरा वशिष्ठ (KAYRA VASHISHTH) है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम कशिका वशिष्ठ (KASHIKA VASHISHTH) है। जो कि सच व सही है। भविष्य में मेरी पुत्री को कायरा वशिष्ठ (KAYRA VASHISHTH) के स्थान पर कशिका वशिष्ठ (KASHIKA VASHISHTH) के नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जायें।

**विवेक शर्मा पुत्र संजय कुमार निवासी म.नं. 4, पीरजादगान बडबियान, तहसील सदर जनपद मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मै श्रीमति रफीकन पत्नी यासीन निवासी ग्राम बिटावदा थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर की निवासी हूं। मेरा पुत्र ईनाम पुत्र यासीन व पुत्रवधू श्रीमति शाईन पत्नी ईनाम मेरे और मेरे परिवार के कहने सुनने में नही हैं। मैंने और मेरे परिवार के सब सदस्यो और रिश्तेदारों ने मेरे पुत्र ईनाम और पुत्रवधू श्रीमति शाईन2 को बहुत समझाया मगर वे अपनी गलत हरकतों से बाज नही आ रहे हैं। इसलिए में अपने पुत्र ईनाम व पुत्र वधू श्रीमति शाईन पत्नि इनाम को उनके गलत कार्यों से क्षुब्ध होकर उनसे अपने सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपने अधिकारो और अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं।

**श्रीमति रफीकन पत्नी यासीन निवासी ग्राम बिटावदा थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर यूपी**

# 5 दिन से हो रहा खनन, शिकायत के बाद भी अधिकारी मौन

**बुढ़ाना।** दर्जनों ग्रामीण 05 दिन से संबंधित अधिकारी के कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं लेकिन मिट्टी खनन बंद नहीं हो रहा है। परेशान हुए ग्रामीणों ने अब डीएम से आस लगाई है कि वे खनन का कार्य बंद कराकर उनको राहत देने का काम करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के गांव जौला निवासीगण नफीस पुत्र ताहिर, इस्लाम व जुल्फुक्कार पुत्रगण कलवा, उस्मान पुत्र गुलाहा, यासीन, शौकत, तहसीन व शाहिद पुत्रगण रफीक, हुसैन पुत्र यामीन, शौकीन व फरमुद्दीन पुत्रगण रियासत, फारुख, अखलाक व डाक्टर असमत पुत्रगण आस मौहम्मद, सलामू पुत्र मुन्शी, इस्लाम पुत्र घसीटा व तालिब पुत्र इलियास ने बीती 22 मई को एसडीएम कार्यालय को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि उन सभी की भूमि गांव सराय में स्थित है। रामकुमार पुत्र जगदीश ग्राम जौला का निवासी है इसकी भूमि मौजा जौला में स्थित है। जो मौजा सराय की भूमि से मिली हुई है। गफ्फार पुत्र शराफत ग्राम जौला का निवासी है जिसकी भूमि मौजा सराय में है। इसकी भूमि के बराबर में मौजा सराय की एक चकरोड नाली है। रामकुमार व गफ्फार अभी भी अपनी भूमि में मिटी खनन करवा रहे हैं। रामकुमार और गफ्फार ने करीब 06 फुट मिटी उठा ली है। अब इन दोनो का खेत काफी गहराई मे होने के कारण उसमें जुनैद पुत्र उस्मान का ट्रेक्टर गिरने से जुनैद का हाथ टूट गया तथा सलामू पुत्र मुन्शी की बुग्गी गिर गयी। जिसमें 2 बच्चो व बेल के चोट लगी। रामकुमार व गफ्फार ने नाली चकरोड भी काट ली। उक्त चकरोड पर आने जाने वालो को हर समय अपनी जान का खतरा बना रहता है। उपरोक्त व्यक्ति बराबर मिटी खनन कर रहे हैं तथा मिटटी खनन करके उसे बेच रहे हैं। जाकल की मशीन द्वारा मिटटी उठाई जा रही है। जिसको तत्काल रोका जाए। यदि मिटटी खनन न रोका गया तो वहां कोई भी अनहोनी हो सकती है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि सोमवार को शिकायत किए हुए उनको 5 दिन हो गये है लेकिन अब तक भी खनन बंद नहीं हुआ है और आरोपी झगड़े पर उतारु हैं। सभी पीड़ितों ने अब डीएम से खनन रो. कने, चकरोड व नाली का रकबा पूरा कराये जाने की मांग की है।

## अधिवक्ता की मां के निधन पर किया शोक व्यक्त

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढाना के वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद विश्नोई की माता शिक्षा देवी का आकस्मिक निधन हो गया। जैसे ही अधिवक्ताओं को उनके निधन का समाचार मिला तो सभी अधिवक्ताओं ने सुबह लगभग 11 बजे एक शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें सभी अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता अरविंद विश्नोई की माता के निधन पर दुख जताते हुए शोक सभा कर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की गई। वहां सब अधिवक्ताओं की सहमति से सभी न्यायालय में न्यायिक कार्यों से पूर्णतह विरत रहने का निर्णय सभी अधिवक्ताओं द्वारा लिया गया। न्यायिक कार्यों से विरत रहने की लिख्खित सूचना यहां के सभी न्यायालयों में भी भेजी गई। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद त्यागी, बार के महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर, पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान, अवध बिहारी लाल गर्ग, कृष्णा त्यागी, पूर्व अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा, मौहम्मद मियां मौजूद रहे।

# बड़ अमावस्या पर महिलाओं ने किया वट वृक्ष का पूजन

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में बड़ अमावस्या पर दूरदराज क्षेत्रों से आए श्र)लुओं ने जहां पतित पावनी गंगा में डुबकी लगाई, वही, विभिन्न प्रांतों से आई सुहागिनों ने वट सावित्री का व्रत रखकर अपने सुहाग की रक्षा के लिए प्राचीन अक्षय वट वृक्ष की परिक्रमा कर पूजा अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस फोर्स तैनात रहा।

गंगा घाट पर स्नान बाद श्र)लुओं ने शुकदेव मंदिर, हनु)मान धाम, गणेश धाम, शिव धाम, दुर्गा धाम, पार्वती धाम, अखंड धाम, गंगा मंदिर आदि में पूजा-अर्चना की और अनेक श्र)लुओं ने मनोकामना को लेकर जहां सत्यनारायण भगवान की कथा कराई। नगरी के प्राचीन दंडी आश्रम, महाशक्ति सि) पीठ, श्री महेश्वर आश्रम, तिलकधारी आश्रम, मां पीतांबरा धाम, अखंड धाम, खिचड़ी वाले बाबा का आश्रम, मानव निर्माण योग आश्रम आदि में सत्संग प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किए गए। कारगिल शहीद स्मारक एवं तीन सदी के युग स्रष्टा शिक्षा ऋषि स्वामी कल्याण देव जी महाराज की समाधि पर भी श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर शत शत नमन किया।

वही, शुकदेव आश्रम में महिलाओं के प्राचीन अक्षय वट वृक्ष की पूजा करने को लेकर दिन भर भीड़ लगी रही। दूर दराज क्षेत्रों से आई अनेक महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखकर विधि-विधान से पांडव कालीन प्राचीन अक्षय वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांध दीपक जलाकर



अपने सुहाग की रक्षा के लिए प्रार्थना की। गंगा स्नान को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। गंगा घाट व प्राचीन अक्षय वट वृक्ष पर महिला पुलिस कर्मियों की डयूटी रही। मंदिरों व प्रमुख चौराहों पर अलग से पुलिस कर्मी डयूटी पर तैनात रहे।

## बंटवारे के विवाद में मारपीट कर किया घायल

**बुढ़ाना।** जमीन के बंटवारे के विवाद में दो भाइयों में मारपीट हो गयी। पुलिस ने पीडित की और से मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सुखपाल पुत्र चमन सिंह निवासी ग्राम कुरालसी ने बताया कि मेरे व मेरे भाईयों के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है।

बीती 8 मई को मेरे खेत पर लविश पुत्र सुरेश, गौरव पुत्र बीरपाल, बीरपाल पुत्र चमन सिंह व राम सिंह पुत्र चमन सिंह ने मेरे साथ मारपीट की व लाठी डण्डों से मुझे मारा व मुझे गन्दी गन्दी गालियां दी। जिससे मुझे बहुत चोटे आयी। मैने थाने जाकर मेडिकल कराया था। फिर दोबारा जब में अपने खेत पर अपनी फसल को देखने गया तो आज इन लोगो ने आकर मेरे साथ हाथापाई व गाली गलौच की और मुझे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मंदिर मे चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** सप्ताह पूर्व ककरौली स्थित महादेव मंदिर में दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोर को ककरौली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार कर लिया। शातिर चोर से चोरी किया हुआ इन्वर्टर, बिना नंबर की बाइक, एक देशी तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। अभियुक्त पर ककरौली सहित निकटवर्ती थाने पर गंभीर धाराओं मे मुकदमे दर्ज हैं।

ककरौली थाना प्रभारी निरीक्षक जोगेन्द्र सिंह यादव ने जानकारी देकर बताया की सोमवार की शाम ककरौली पुलिस क्षेत्र के खाईखेड़ा -टनहेड़ा मार्ग पर राजबाह गूल पुलिया के पास चेकिंग अभियान चलाए हुए थी कि राजबाह की गूल पटरी पर ककरौली की ओर से आ रहे बाईक सवार को पुलिस ने चेकिंग के उद्देश्य से रोकने का प्रयास किया तभी बाईक सवार ने बाइक छोड़कर पुलिस टीम पर फायर झोंककर जंगल की ओर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए शातिर को घायल कर गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान सलीम कुरैशी उर्फ़ सोनू उर्फ़ डॉन पुत्र आकिल कुरैशी उर्फ़ लाल्ला निवासी ककरौली के रूप मे हुई है। जिस पर गंभीर धाराओं मे अनेक मुकदमे दर्ज हैं। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी डॉ. रवि शंकर मिश्रा ने बताया की शातिर बदमाश सलीम उर्फ़ डॉन पर थाना ककरौली सहित थाना जानसठ मे लूट,हत्या का प्रयास करने,गौ कशी,चोरी आदि गंभीर अपराधों मे दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। बीते 19 मई को अभियुक्त सलीम उर्फ़ डॉन द्वारा गांव ककरौली मे स्थित एक मंदिर मे चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसका अभियोग थाना हाजा पर पंजीकृत है।जिससे दो हज़ार की नकदी एक इन्वर्टर,बाईक, तमंचा बरामद हुआ है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस गिरफ्तार बदमाश का अन्य अपराधिक इतिहास भी खंगाल रही है।

# समर कैंप में छात्र-छात्राओं ने किया योगाभ्यास

**बुढ़ाना।** दयानन्द इण्टर कालिज बुढाना में चल रहे समर कैम्प के 5वे दिन बच्चों ने योगाभ्यास किया। योगाभ्यास का उद्देश्य बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। कालेज प्रबंधक तेजपाल सहरावत ने विद्यार्थियों को स्वध्याय एवं स्वास्थ के बारे में जानकारी दी। विद्यालय की संचालिका उमेश सहरावत ने कहा कि हमें प्रात: योग आवश्य करना चाहिए। योग करने से सभी निरोगी रहते हैं।

योग प्राचीन भारत की एक शारीरिक और मानसिक अभ्यास प्रणाली है। जो स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए उपयोग की जाती है। योग के नियमित अभ्यास से शारी. रिक व मानसिक दोनों तरह के लाभ होते हैं जैसे कि योग से शरीर को लचीला व मजबूत बनाया जा सकता है। योग से तनाव, चिंता और अवसाद कम किया जा सकता है।



योग से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है जो आपको स्वस्थ व खुश रहने में मदद करता है। योग एक महत्वपूर्ण अभ्यास है जो छात्रों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। छात्रों ने यहां विभिन्न प्रकार के योगासन व प्राणायाम सीखे। उन्होंने विभिन्न योगासन प्रदर्शन किए। योग में विद्यार्थियों ने बढ़कर हिस्सा लिया। बच्चें समर कैम्प का पूरा लुत्फ उठाते नजर आये। यहां प्रबंधक तेजपाल सिंह सहरावत, संचालिका उमेश सहरावत, प्रधानाचार्य संजीव कुमार, प्रवक्ता सोनू कुमार, नितिन शर्मा, सीमा, अमित, अनिता, नीरज समेत पूरा स्टाफ उपस्थित था।

## संक्षिप्त समाचार

### अपनी बदहाली के आंसू बहा रहा जौला

**बुढ़ाना।** गांव जौला अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। कोई भी गांव की सुध लेने वाला नहीं है। यहां पर विकास कार्यो की अगर बात की जाए तो गांव जौला बिल्कुल खत्म है। मिली जानकारी के अनुसार गांव जौला में विकास कार्य पूरी तरह से ठप्प पड़े हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई वर्षो से गांव में ना तो कोई नई सड़क बनी है और न ही स्वच्छता, जल आपूर्ति या स्वास्थ्य सेवाओं में कोई सुधार हुआ है। गांव की गलियां कीचड़ से भरी हुई हैं और बारिश के दिनों में तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं कि कई बार पंचायत और प्रशासन से शिकायत की गई लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गांव के लोगों ने बताया कि हमने कई बार अधिकारियों को आवेदन दिया लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। महिलाओं ने बताया कि पानी और स्वच्छता की कमी से उन्हें सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। गांव के युवाओं का कहना है कि गांव में एक भी लाइब्रेरी नहीं है। जहां गांव के अच्छे बच्चे पढ़ सकें। शिक्षा व्यवस्था भी कमजोर है। जिससे पढ़ाई में बाधा आती है। जब इस विषय पर स्थानीय प्रशासन से संपर्क किया गया तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द यहां का विकास किया जाए नहीं तो ग्रामीण सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### एआईएमआईएम नेता अरशद राणा का स्वागत

**बुढ़ाना।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन उत्तर प्रदेश के नव नियुक्त महासचिव और मीरापुर उप चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार रहे अरशद राणा का आज सोमवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मंडी में स्थित बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के महासचिव अदनानघ खान के आवास पर ढोलघ नगाड़ों की थाप पर फूल मालाओं से स्वागत हुआ। जिसमे अरशद राणा ने बुढ़ाना मे पार्टी को मज़बूत करने पर जोर दिया और पाटह्न कैसे आगे बढ़े इस रणनीति पर विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि वैसे पशिचम उत्तर प्रदेश में पार्टी दिन प्रतिदिन जोर पकड़ रही है। हमें अभी बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में और ज्यादा मेहनत करने की जरुरत है। वे सब कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों में जोश भी भर गये और कहा कि सब मिलजुल कर पाटह्न को मजबूत करने का काम करें। पार्टी जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव पूरे जिले में लड़ेगी। इसके लिए काबिल उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा जाएगा। यहां बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष आज़म फारूखी, ज़िला महासचिव माजिद राणा, ज़िला संयुक्त सचिव अरशद अहमद, बुढ़ाना ब्लॉक अध्यक्ष कारी गफ्फार राणा, बुढ़ाना नगराध्यक्ष फईम उस्मानी, नगर सचिव उम्मीद राणा, नगर महासचिव राशिद अंसारी, डॉक्टर नोमान सिद्दीकी शिकारपुर, बाबू, ग्राम अध्यक्ष परवेज़ मलिक, रिहान सिद्दीकी, समद राणा, रिहान मलिक, असजद रंगरेज़, मुरसलीन, इंतज़ार खान, अरसलान खान, अमन खान, फराज़ सिद्दीकी, जुनेद मेवाती आदि मौजूद थे।

### कमिश्नर 28 को करेंगे सड़क का लोकार्पण

**मुजफ्फरनगर।** जिला बार संघ के अध्यक्ष ठा. कंवरपाल सिंह व महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल ने बताया कि कचहरी प्रांगण में एमडीए द्वारा तैयार कराई गई सड़कों का लोकार्पण 28 मई को सहारनपुर मंडलायुकत अटल कुमार राय द्वारा 28 मईको कराया जाएगा। कचहरी प्रांगण में पिछले काफी समय से अधिवकताओं के चौम्बरों के आगे सड़कें काफी टूटी हुई थी, जिससे अधिवकताओं, वादकारियों तथा आम जनमानस को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इन सड़कों के निर्माण की मांग डीएम व एमडीए विभाग से की गई थी, जिस पर डीएम व एमडीए विभाग द्वारा उकत सड़कों का निर्माण कराया गया। कचहरी प्रांगण में बनाई गई सड़कों का लोकार्पण सहारनपुर मंडलायुकत अटल कुमार राय द्वारा 28 मई को कराया जाएगा।

### छात्रा के पुलिस ने कोर्ट में दर्ज कराए बयान

**मुजफ्फरनगर।** छात्रा से अश्लील करने के मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस ने कोर्ट में छात्राा के बयान दर्ज कराए हैं। इस मामले में चौधरी छोटू राम डिग्री कॉलेज के आरोपी प्रोफेसर को जमानत नहीं मिली है। शामली जिले के एक गांव की रहने वाली युवती सरकुलर रोड स्थित चौधरी छोटूराम डिग्री कालेज में स्नातक की छात्राा है। छात्रा ने शनिवार को कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर दुष्यंत कुमार पर आरोप लगया था कि प्रथम वर्ष में असिस्टेंट प्रोफेसर दुष्यंत कुमार ने वाह्य रोग विज्ञान पढ़ाने के दौरान उसके साथ छेड़खानी की थी। तभी से प्रोफेसर उसका शारीरिक शोषण करने के प्रयास में था। विरोध करने पर वह प्रयोगात्मक परीक्षा में फेल करने की धमकी देता था। छात्रा की शिकायत पर कालेज पहुंच कर जनपद जाट महासभा के पदाधिकारी और कुछ छात्रों ने भी कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। इस मामले में छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने प्रोफेसर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह का कहना कि छात्राा के कोर्ट में बयान दर्ज करा दिए हैं। उसे परिजनों के साथ वापस घर भेज दिया गया। वहीं प्रोफेसर को अभी जमानत नहीं मिली है।

### चार दिन से गायब युवक का शव मिला

**चरथावल।** पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव खाईखेड़ी से चार दिन पूर्व गायब हुए युवक का शव चरथावल नहर झाल से बरामद हुआ है। पुलिस ने परिजनों कि सुचना पर नहर से शव को निकलवा पंचनामा कर आगे कि कार्यवाही शुरू कर दी है पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव खाईखेड़ी निवासी 32 वर्षीय धनवंत कश्यप 23 मई को रहस्यमय परिस्थिति मे गायब हो गया था परिजन तभी से धनवंत कि तलाश कर रहे थे तलाश के बाद परिजनों को धनवंत का कोई सुराग नही लगा था पुरकाजी पुलिस द्वारा धनवंत कि गुमशुदगी दर्ज कर तलाश कि जा रही थी सोमवार को देर शाम परिजन गंगनहर चरथावल मे धनवंत कि तलाश को निकले थे किसानो कि सुचना पर चरथावल झाल मे फंसी एक बोरी को तलाश करने पर परिजनों के होश पाख्ता हो गए पिता इल्मचंद ने शव कि शिनाख्त 32 धनवंत कश्यप के रूप मे करते हुए कुछ लोगो पर अपने पुत्र कि हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने मामले मे कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भरवाया और शव को पीएम के लिए भिजवा दिया परिजनों को अग्रिम कार्यवाही के लिए थाना पुरकाजी रवाना कर दिया।

# शिक्षक विधायक व पूर्व विधायक ने शिक्षकों की समस्याएं सुनीं

**खतौली।** कस्बे के अंबर पैलेस घंटाघर व के.के. जैन इंटर कॉलेज, खतौली के सभागार कक्ष में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षक विधायक श्री चंद शर्मा , एवं निवर्तमान विधायक विक्रम सिंह सैनी ने शिरकत की। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यो, शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं से संवाद किया गया।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने अपनी समस्याएं व मांगें खुलकर रखीं। विधायक चंद शर्मा ने आश्वासन दिया कि शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाएगा और उनके हितों की रक्षा प्राथमिकता पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षकों एवं प्रबंध समितियों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिब) है। पूर्व विधायक विक्रम सिंह सैनी ने भी अपने संबोधन में शिक्षकों की भूमिका को समाज निर्माण में महत्वपूर्ण बताते हुए उनके सम्मान और सुविधा में किसी प्रकार की कमी न आने देने की बात कही। कार्यक्रम में शिक्षकों ने विभिन्न प्रशासनिक एवं शैक्षिक मुद्दों पर चर्चा की। इस संवाद कार्यक्रम को शिक्षकों ने सकारात्मक पहल बताया और उम्मीद जताई कि उनके मुद्दों को गंभीरता से लेकर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम में शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कैप्टन प्रवीण चौधरी,शिक्षक प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक मगनवीर के. के. जैन इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजीव जैन,अध्यक्ष योगेश चंद जैन सराफ,सचिव मनोज जैन,रचित गुप्ता,दीपक गुप्ता आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सौ वर्ष पुराने बड़ के वृक्ष का पूजन करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गंग नहर के निकट स्थित श्री अखंडानंद आश्रम परिसर में स्थित करीब 100 वर्ष पुराने पवित्र बरगद के पेड़ पर अमावस्या के दिन हजारों श्रद्धालुओ ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद् और बजरंग दल के तत्वावधान में विशेष आयोजन किया गया। श्र)ालुओं ने परंपरागत रूप से बरगद के पेड़ पर धागा बांधकर अपनी मनोकामनाएं मांगी और विधिवत पूजा-अर्चना की।

आश्रम परिसर में स्थित इस ऐतिहासिक और विशाल बरगद के पेड़ को लेकर श्रद्धालुओ में गहन आस्था है, और लोग इसे अपनी इच्छाओं की पूर्ति का प्रतीक मानते हैं। पूजन कार्यक्रम आयोजन में श्री अखंडानंद आश्रम समिति के अध्यक्ष अमृतलाल फांडा, महामंत्री विनीत कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष केशव अग्रवाल, सुनील भसीन, विश्व हिंदू परिषद् के वरिष्ठ नेता प्रदीप गुप्ता, एकांश गुप्ता आदि का योगदान रहा। पूजा का विधिवत संच. ालन आश्रम के पुजारी पंडित पुष्पेश द्वारा कराया गया। उन्होंने मंत्रोच्चार और पूजन विधि से श्रद्धालुओं को पूजा की महत्ता बताई और पेड़ की परिक्रमा कर पूजन करवाया।

श्रद्धालुओ ने गंग नहर के समीप इस पवित्र स्थल पर आकर शांति और आस्था का अनुभव किया। पूरे आयोजन में स्थानीय लोगों और श्र)ालुओ की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं और बच्चों ने भी श्रद्धापूर्वक पेड़ की पूजा की और परिवार की



सुख-शांति तथा समृद्ध की कामना की। विश्व हिंदू परिषद् और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सनातन संस्कृति और परंपराओं के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है। पूरे कार्यक्रम के सफल आयोजन में विश्व हिंदू परिषद्, बजरंग दल और आश्रम समिति के पदा. धिकारियों, सदस्यों और क्षेत्रवासियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# नए ट्रैक्टर व पानी टेंकर को झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** कस्बे की चेयरमैन ने नए ट्रेक्टर व पानी के नए टेंकर को झंडी दिखाकर रवाना किया।

भोकरहेड़ी नगर पंचायत के कार्यालय परिसर मे सोमवार को प्रशासन द्वारा दिये नए ट्रेक्टर व नए पानी के नए टेंकर का शुभारम्भ नगर चौयरमेन सरला देवी वामन द्वारा झंडी दिखाकर किया गया। चौयरमेन सरला देवी ने बताया की कस्बे के नागरिकों को सुलभ रूप मे स्वच्छ पयजल उपलब्ध कराने को 3000 लीटर के वाटर टेंकर की व्यवस्था की गयी है।

साथ ही नए ट्रेक्टर अर्जुन 605 डीआई का शुभारम्भ किया गया है।कस्बे के नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लक्ष्य को लेकर प्रयास जारी हैं।इस अवसर पर लिपिक संजीव शील, सचिन कुमार वामन, भूपेन्द्र वाल्मीकि, मुनीराम वाल्मीकि,



सुभाष कुमार, संदीप कुमार, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा सात्विक मलिक का किक बॉक्सिंग में राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ सुभारती श्विवविद्यालय किक बॉक्सिंग एसोसिएशन मेरठ के तत्वाधान में राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया द्य जिसमे 'आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल' के विभिन्न आयु वर्ग एव भार वर्ग के खिलाडियों ने प्रतिभाग किया, विद्यालय के छात्रों ने अपने शानदार कौशल का प्रदर्शन किया अपने वर्ग में छात्र 'सात्विक मलिक' ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंदी खिलाडी को परास्त करके 'स्वर्ण पदक' पर कब्ज़ा किया तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपने स्थान को सुरक्षित किया। वही विद्यालय के 'छात्र पुष्पराज चौधरी एवं हनी रूहेला' ने दमदार मुकाबले में 'सिल्वर पदक' अपने नाम किया। छात्र तेजस' ने सराहनीय प्रयास





करते हुए 'ब्रॉन्ज पदक' अपने नाम किया। विद्यालय की स्पोर्ट्स इंचार्ज मिस पिंकी के दिशानिर्देशन में बच्चों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय के साथ साथ अपने अभिभावकों एवं जिले का नाम रोशन किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या सो. निका आर्य ने विजेताओ को विद्यालय की और से पुरस्कृत करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की निदेशक सुघोष आर्य एड. ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाई और भविष्य के लिये आशीर्वाद दिया।

# आईआईए ने आयोजित किया युवा उद्यमी महासम्मेलन

**मुजफ्फरनगर।** गत रात्रि इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्धआईआईएञ्च मुज़फ्फरनगर चौप्टर द्वारा पश्चिमी उत्तरप्रदेश युवा उद्यमी महासम्मेलन का आयोजन मुज़फ्फरनगर चौप्टर द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, शामली, सहारनपुर, हापुड़ और बिजनौर के युवा उद्यमियों ने भारी संख्या मे भाग लिया।

बैठक का शुभारम्भ रास्ट्रीय गाण से हुआ ओर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चेयरमैन पवन कुमार गोयल नें मुख्य अतिथि बिज़नेस कोच राजेश मरवाह, विशिष्ट अतिथि मेपब डिस्पेंसरी की इंचार्ज डा नितिका सैन का पुष्प कलिया देकर स्वागत किया, चौप्टर चेयरमैन पवन कुमार गोयल नें कहा कि तकनीक ओर नवाचार ही भविष्य की चाबी हैं, स्थानीय युवाओं को रोजगार दे ओर आईआईए के वरिष्ठ उधमियों के मार्गदर्शन का लाभ उठाये। आई आई ए सचिव अमित जैन नें बैठक का सफल संचालन करते हुये कहा की आप सभी ऊर्जा के श्रोत हैं भविष्य की नीव हैं ओर देश की आर्थिक प्रगति के मजबूत स्तम्भ हैं।पश्चिमी उत्तरप्रदेश के आईवाईसी कन्वनियर/कैप्टन अमन गुप्ता ने इंडस्ट्री 4.0 पर प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे आईओटी, ईआरपी, ऑटोमेशन, डेटा एनालिटिक्स और स्मार्ट फैक्ट्री जैसे नवीन तकनीकी घटक एमएसएमई क्षेत्र की दक्षता और प्रतिस्पर्धा को नया आयाम दे सकते हैं।सह कन्वनियर राहुल मित्तल नें टेक्निकल प्रेजेंटेशन दिया।सम्मेलन मे गुड़गांव सी पधारे मुख्य वक्ता बिज़नेस कोच राजेश मारवाह ने ओवरऑल इक्विपमेंट इफेक्टिवनेस (ओईई) विषय पर गहन जानकारी साझा की। इस बैठक मे



ईएसआईसी(कर्मचारी राज्य बीमा निगम) की डा0 नितिका सैन नें टाई-अप के बारे मे बताया की फैक्ट्री मे काम करने वाले श्रमिकों को गंभीर बीमारी मे अब अस्पताल मे भर्ती होने पर कैश लेस सुविधा का लाभ मिल सकेगा. पश्चिमी उत्तरप्रदेश के नवनियुक्त आईवाईसी कन्वनियर युवा अमन गुप्ता ओर सह कन्वनियर राहुल मित्तल नें सभी युवा उधमियों का पटका पहनाकर स्वागत किया.। चेयरमैन पवन कुमार गोयल, सचिव अमित जैन, कोषाध्यक्ष अनुज स्वरुप बंसल, वाईस चेयरमैन अमित गर्ग, सुशील अग्रवाल, मनीष भाटिया जॉइंट सेक्रेटरी आकाश गुप्ता ओर दीपक बंसल नें सभी युवाओं का किया आभार व्यक्त किया।

## प्रधान के विरुद्ध मारपीट व तोड़फोड़ का हुआ मुकदमा दर्ज

**चरथावल** थाना क्षेत्र के गांव अकबरगढ़ निवासी प्रधान के विरुद्ध गांव के ही व्यक्ति द्वारा घर मे घुसकर तोड़फोड़ करने व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है प्रधान व उसके परिजनों के खिलाफ हुए मुकदमे से हड़कंप मच गया

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव अकबरगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही प्रधान और उसके भाई के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट करने व तोड़फोड़ करने का मुकदमा दर्ज कराया है प्रधान व उसके परिजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने से क्षेत्र मे हड़कंप मच गया और पीड़ितों ने प्रधान पर अनेको बार दबँगता दिखाने का भी आरोप लगाया है

# युवा भाजपाइयों ने भी की विद्युत समस्या को लेकर चर्चा

**बुढ़ाना।** कस्बे मे पहुंचे उत्तर प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर से बिजली की समस्या को लेकर भाजपा युवा नेता मोनू मलिक और हिमांशु संगल ने चर्चा की तो उन्होंने बुढ़ाना बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शटडाउन का समय सुबह 1 घंटे और शाम को 1 घंटे का निर्धारण किया जाए और अनावश्यक छोटी-छोटी चीजों के लिए शटडाउन न लिया जाए।

## मुस्लिम भाजपा नेता ने उर्जा राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बुढ़ाना।** कस्बे में आए यूपी के उर्जा राज्य मंत्री डाक्टर सोमेंद्र तोमर को भाजपा कार्यसमिति के प्रदेश सदस्य हुसैन राणा ने दर्जनों ग्रामीणों संग 06 सुत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि बिजली कर्मचारी ग्राम जौला में रात मे अचानक से घरों में घुसकर चेकिंग के नाम पर लोगों से बदतमीजी करते हैं। इसलिए चेकिंग का समय बदला जाए। कर्मचारी फर्जी मुकदमों की धमकी देते हैं और अवेध उगाही भी करते हैं। इसलिए फर्जी मुकदमें जिस पर हुए हैं उन्हें निरस्त किया जाए। ग्राम जौला के बीचों बीच हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। इससे पहले कोई भी घटना हो उसे समय रहते हटा लिया जाये। माहिरा नर्सिंग होम जौला के सामने 3-3 लाइनें जा रही हैं। जिनमे आये दिन फाल्ट होता रहता है और कई बार लोग बच गए इसलिए ये लाइन अंडरग्राउंड की जाये। जौला में 2 विद्युतग्रह हैं फिर भी बिजली कम दी जा रही है। आये दिन छोटे बिजलीघर में फाल्ट के चलते शटडाउन बार बार लिया जा रहा है। जिससे लोगों को समस्या हो रही है। इसलिए जर्जर लीड और शोकेट बदले जाएं। गांव के सब मेन रास्तों पर लाइट की व्यवस्था हो। जहां बिजली नहीं वहां पर बिजली पहुंचाई जाए। उर्जा राज्य मंत्री ने भाजपा नेता श्री राणा को आश्वस्त कर विद्युत एक्सईएन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बदमाशों की गोली से शामली के सिपाही की मौत

## गाजियाबाद के नाहल में दबिश देने गई थी नोएडा पुलिस, शामली के गांव बंधेव निवासी सिपाही सौरभ कुमार एसओजी कांस्टेबल के रूप में थे तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गाजियाबाद के गांव नाहल में दबिश देने गई नोएडा पुलिस टीम पर लूट के वांछित बदमाश के साथियों द्वारा हमला कर दिया गया, जिसमें गोली लगने से शामली क्षेत्र के गांव बधेव निवासी सिपाही सौरभ कुमार की सिर में गोली लगने से उपचार के दौरान मौत हो गई। जैसे ही यह खबर परिजनों को पहुंची तो को. हराम मच गया। देर शाम राजकीय सम्मान के साथ शहीद हुए सिपाही का गांव के शमशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया।





शामली। मृतक का फाइल फोटो व शोकाकुल परिजन व क्षेत्रवासी। छाया शाह टाइम्स

जनपद शामली के गांव बधेव निवासी 32 वर्षीय सौरभ कुमार नोएडा के फेज-3 थाने में एसओजी कांस्टेबल के रूप में तैनात था। रविवार की देर रात वह पुलिस टीम के साथ गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र के गांव नहाल में लूट में वांछित बदमाश कादिर को गिरफ्तार करने के लिए पहुंचा था। जब पुलिस टीम बदमाश को हिरासत में लेकर लौट रही थी तो आरोप है कि गांव के बाहर बदमाश के साथियों द्वारा पुलिस टीम पर पथराव करके बदमाश को छुडाने का प्रयास किया। इस दौरान बदमाश के साथियों द्वारा की गई फायरिंग में एक गोली सिपाही सौरभव के सिर में जा लगी और वह लहु लुहान होकर वही पर गिर पडा। पुलिस कर्मियों द्वारा सौरभ को गाजियाबाद के यशोदा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, लेकिन ईलाज के दौरान सिपाही की मौत हो गई।

जैसे ही यह खबर गांव बधेव निवासी परिजनों को लगी तो उनमें कोहराम मच गया। बडा भाई रजत कुमार अन्य परिजनों के साथ गाजियाबाद पहुंचे और पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर गांव वापस आए। जहां शव के आते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। राजकीय सम्मान के साथ कांस्टेबल सौरभ के शव का गांव के शमशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों व सामाजिक संगठनों के लोग भी मौजूद रहे।

### 2016 में पुलिस की भर्ती में हुआ था शामिल

बदमाश को पकडने में गोली का शिकार हुआ सौरभ कुमार वर्ष 2016 में पुलिस में भर्ती हुआ था। मेरठ में अपनी ट्रेनिंग पूरी करने के बाद पहली पोस्टिंग नोएडा में ही हुई थी। पांच वर्ष पहले सौरभ की शादी आयुषी से हुई थी, जो फिलहाल अपनी पत्नी के साथ नोएडा में ही रह रहा था। दो भाईयों में सौरभ छोटा था। बडे भाई रजत कुमार गांव में ही अपनी पुश्तैनी जमीन पर खेती करते है। परिजनों के मुताबिक सौरभ एक माह पहले छुट्टी लेकर घर रहने के लिए आया था। मां मुकेश देवी का पुत्र की मौत पर रो-रोकर बुरा हाल है।

# शिविर में दिया गया योग का प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर स्कूल शामली में योगाचार्य रामकुमार द्वारा योग शिविर के प्रथम दिवस योग का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण देते हुए उन्होंने बताया कि योग को अपनी दिनचर्या में नियमित शामिल करें। उसी से लाभ होगा। कभी-कभी योग करने पर इसका लाभ प्राप्त नहीं होता इसलिए हमें प्रतिदिन नियमित रूप से योग का अभ्यास करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने भ्रामरी प्राणायाम, वज्रासन, उत्कट, आसन, चक्रासन आदि का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योग हमारे उत्तम स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण होते हैं। जिन्हें हमें नियमित समय से और नियमित दिनचर्या में बनाए रखना है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय सैनी ने भी आचार्य को संबोधित करते हुए बताया कि अपने नित्य कार्यों को करते हुए योग के लिए भी समय निकालना चाहिए। इस अवसर पर आशीष जैन, सुधीर कुमार, शिवकुमार धीमान, रविंद्र कुमार, आदेश धीमान, रवि गॉड, मोहित कुमार, संदीप कुमार, रिचा संगल, सविता गुप्ता, लक्ष्मी गर्ग, शालू, नीरज कुमारी आदि उपस्थित रहे।



शामली। बैठक में मौजूद प्रभारी मंत्री, वरिष्ठ नेतागण, डीएम, एसपी व सीडीओ।

# विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की प्रभारी मंत्री ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राज्य मंत्री, जल शक्ति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार प्रभारी मंत्री, जनपद शामली दिनेश खटीक की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों एवं विभागीय अधिका. रियों के साथ विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की बैठक आयोजित की गई।

उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए पात्र लोगों को अधिक से अधिक लाभ दिया जाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए चिकित्सकों की शत-प्रतिशत उपलब्धता हेतु जिला. धिकारी के माध्यम से डिमांड भेजे जाने के निर्देश सीएमओ को दिए।

साथ ही जिला अस्पताल में डॉक्टरों की उपस्थिति की हकीकत जानने हेतु औचक निरीक्षण के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने मनरेगा के कार्यों की समीक्षा करते हुए मनरेगा कार्यों की मॉनिटरिंग हेतु मुख्य विकास अधिकारी से कहा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए जहां भी समस्या है उसमें समाधान के निर्देश संबंधित को दिए। प्रभारी मंत्री ने पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए सहभागिता योजना में दिए गए 2548 पशुओं का कमेटी बनाकर सत्यापन के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए इस्सोपुर टील में टील पर प्राचीन मंदिर का पर्यटन विकास कार्य की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्माण कार्य की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रभारी मंत्री जी ने समाज कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग,पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास शहरी/ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण, आईसीडीएस, महिला कल्याण विभाग आदि विभागों की समीक्षा करते हुए नमामि गंगे परियोजना, बाढ़ नियंत्रण से संबंधित परियोजना, राज्य भूजल संरक्षण मिशन, गढ्ढा मुक्ति अभियान की प्रगति को लेकर संबंधित को निर्देशित किया।

बैठक में राजस्व वादों के निस्तारण के संबंध में सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि.रा), शामली द्वारा विस्तार से अवगत कराया गया। बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि विद्युत विभाग की शिकायतों का नियमानुसार निस्तारण हो इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही ना हो। बैठक में प्रभारी मंत्री ने 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम द्वारा प्रभारी मंत्री जी को जनपद में कानून व्यवस्था एवं अपराधों में की गई कार्रवाई बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं का नियमानुसार निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में एमएलसी वीरेंद्र सिंह, थाना भवन विधायक अशरफ अली, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, सत्येंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक परमानन्द झा,सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यक्रमों का शुभारंभ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के कर कमलों से बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का शुभारंभ लोकार्पण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण के माध्यम से विकास भवन सभागार शामली में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्य मंत्री, जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, यांत्रिक, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रभारी मंत्री जनपद शामली दिनेश खटीक, एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, थानाभवन विधायक अशरफ अली, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम, मुख्य विकास अधिक. ारी विनय कुमार तिवारी, नवागत एडीएम वित्त एवं राजस्व सत्येंद्र सिंह, एडीएम न्यायिक परमानंद झा एवं अन्य अधिकारीगण एवं शिक्षकों द्वारा मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा और सुना गया।

आयोजित कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश खटीक ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित सभी योजनाएं एवं कार्यक्रम बच्चों को उत्तम एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए अति आवश्यक हैं जो मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में संचालित किया जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का अच्छा परिणाम प्राप्त हो रहा है। विद्यालयों में नामांकन बढ़ाए जाने पर जोर देते हुए प्रभारी मंत्री ने अभिभावकों से अधिक से अधिक संपर्क स्थापित करते हुए बैठकें आयोजित करने हेतु निर्देश किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने समर कैंप की सराहना करते हुए इस नवाचार की प्रशंसा की ओर कहा कि आईसीटी लैब और डिजिटल लाइब्रेरी होने के बाद शिक्षा के स्तर में और अधिक सुधार आएगा। उन्होंने कहा अभ्युदय योजना और मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है जिसकी सफलता के लिए हम सभी को जीवंत रूप से कार्य करना है। प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 2017 से पहले प्राइमरी स्कूलों की क्या हालत थी और 2017 के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद स्कूलों की बिल्डिंग, बच्चों के बैठने की सुविधा ड्रेस, अच्छे बैग और शिक्षकों का भी बहुत अच्छा सुधार हुआ है पढ़ाने में। प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज प्राइवेट स्कूलों से ज्यादा अच्छी सुविधा प्राइमरी स्कूलों के अंदर है। प्रभारी मंत्री ने कहा भगवान के बाद दूसरा स्थान गुरु का होता है हम आज भी अपने गुरु का सम्मान करते हैं। कार्यक्रम में एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए शिक्षकों को उत्तम कार्य करने हेतु प्रेरित किया। विधायक थाना भवन अशरफ अली ने शिक्षकों एवं बेसिक शिक्षा विभाग में कार्य कर रहे शिक्षामित्र,अनुदेशकों आदि के कार्य की सराहना की और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण उत्तम शिक्षा देने हेतु कहा। भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र

**प्रभारी मंत्री ने कहा भगवान के बाद दूसरा स्थान गुरु का होता है**

निर्वाल ने बेसिक शिक्षा विभाग में डीबीटी, आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी पीएम विद्यालयों की व्यवस्था व अन्य क्रियाकलापों को क्रांतिकारी बताया। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षकों से और बेहतर कार्य करने एवं बच्चों के साथ मेहनत करते हुए निपुण भारत कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया। आयोजित कार्यक्रम में जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग से शिक्षकों को प्रभारी मंत्री दिनेश खटीक द्वारा टेबलेट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती लता राठौर, खंड शिक्षा अधिकारी प्रिंसी, सुशील शर्मा, सविता डबराल एवं जिला समन्वयक समग्र शिक्षा अमित कुमार, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा सुशील कुमार, जिला समन्वयक निर्माण राहुल कुमार व अन्य अधिकारीगण सैकड़ो की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संच. ालन एसआरजी सचिन कुमार ने किया।

## घायल महिला के पति ने बाइक चालक के खिलाफ दी तहरीर, मुकदमा दर्ज

**झिंझाना।** सड़क पार करते समय बाइक चालक ने महिला को टक्कर मार दी थी, जिसमे महिला गंभीर रूप घायल हो गई थी। पति द्वारा बाइक चालक के खिलाफ दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है। प्रवीण कुमार पुत्र अमन सिंह निवासी बनत ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह परिवार के साथ गांव जमालपुर स्थित भट्टे पर पथाई का कार्य करता है। एक मई की शाम करीब आठ बजे जब उसकी पत्नी सडक पार कर रही थी तो गांव रज्जाकनगर निवासी अनिल पुत्र जयपाल ने लापरवाही से बाईक चलाते हुए मेरी पत्नी को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे शामली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर घायल पत्नी का अभी भी इलाज चल रहा है। महिला के पति द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## समरकैंप में व्याकरण तथा कंप्यूटर का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश अनुसार समर कैंप में योग एवं व्यायाम, खेल खेल में व्याकरण तथा कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया गया। सोमवार को बालिकाओं ने आंख पर पट्टी बांधकर अंधे की लाठी जैसे मुहावरे का प्रदर्शन किया। आचार्य संदीप कुमार ने योग एवं व्यायाम व शिक्षिका आकांक्षा रानी ने कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर संजीव कुमार, गीता रानी, अनीता रानी, कविता रानी, सुरभि रानी, अमित कुमार, रवि कुमार, मोहित कुमार, विकास कुमार, दिव्या रानी, मोनिका रानी, वंदना रानी, साक्षी रानी, रेनू रानी, कपिल कुमार, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



# नगर पंचायत से निकाली गई भारत शौर्य तिरंगा यात्रा



यात्रा में शामिल अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप, भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश गौड़ कश्यप तथा कस्बे के गणमान्य लोग।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सोमवार को भारत शौर्य तिरंगा यात्रा नगर पंचायत कार्यालय से शुरू होकर मुख्य बाजार से होते हुए वापस नगर पंचायत कार्यालय पर सम्पन्न हुई, जिसमे देश भक्ति के गीतों पर झूमते लोग रैली में शामिल हुए। अरबी मदरसा नूरिया के छात्रों ने भी रैली पर पुष्प वर्षा कर आजादी के नारे लगाए। यात्रा में कस्बे के व्यापारियों सहित सभी धर्मों के लोगों हिस्सा लिया। शोर्य यात्रा में हिंदू मुस्लिम सद्भावना भी देखने को मिली, वहीं यात्रा के दौरान डडूटी के साथ पौने दो वर्ष की बच्ची अच्छू को साथ लेकर ममता का भी फर्ज निभाती महिला हेड कांस्टेबल ममता रानी की हर तरफ चर्चा रही, जिसकी कस्बे के लोग तारीफ करते सुने गए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को भारी क्षति पहुंचाई तथा पहलगाम के हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया गया तथा पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी गई। कस्बे के लोगों ने सेना के सम्मान में तथा जन-जन तक देशभक्ति का संदेश देने के लिए यात्रा निकाली गई। भारत शौर्य यात्रा में डॉ सतीश कश्यप, राहुल देव गुप्ता, नगर पंचायत सभासद शाहनावज, इकराम, भवानी सिंह, असलम कुरैशी, संजय गुप्ता, नसीर मालिक सहित कस्बे के सैंकड़ों गणमान्य लोगों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।



**भारत शौर्य यात्रा के दौरान ड्यूटी के साथ पौने दो वर्ष की बच्ची को साथ लेकर ममता का फर्ज निभाती महिला हेड कांस्टेबल ममता रानी।**

# मीर पब्लिक में पुरस्कार वितरण संपन्न

**शामली।** शहर के मीर पब्लिक स्कूल में सोमवार को पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के विशेष स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सोमवार को समारोह का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक एडवोकेट सैयद अजमल हसन ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होने कहा कि शिक्षा ही जीवन को सही दिशा देती है। सभी छात्र पूरे मनोयोग और अनुशासन के साथ अध्ययन करें और अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन का पालन करें, क्योंकि यही उनके उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर शील्ड प्रदान की गई। कक्षा नर्सरी में अबीरा, एलकेजी में आलिया, यूकेजी में निस्बा, अलतमश और इब्राहिम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर उनके अभिभावकों और शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर नवाज बेग, सन्नो खान, समरीन और नरगिस मौजूद रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# शिविर में 45 लोगों ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** मां दुर्गा मंदिर समिति गढ़ी हसनपुर के सौजन्य से सोमवार को मां दुर्गा मंदिर परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस शिविर में लगभग 45 लोगों ने रक्तदान किया और कुल 45 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस शिविर की विशेष बात यह रही कि चौसाना क्षेत्र के पत्रकारों ने भी समा. जसेवा में आगे आकर रक्तदान किया। पत्रकार शकील राणा, पत्रकार सचिन चौधरी, पत्रकार अतहर राणा और अब्दुल रहमान ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई और लोगों को प्रेरणा दी। शिविर का संचालन मां दुर्गा मंदिर समिति अध्यक्ष सचिन चौधरी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान समिति के सक्रिय सदस्य विपिन मित्तल, नाथीराम मित्तल, संजीव चौधरी, विजेंद्र कश्यप, सोमपाल सैनी सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। समिति की ओर से सभी रक्तदाताओं को एक पानी का कैम्पर और बोतल का सेट भेंट कर सम्मानित किया गया। समिति ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सहयोगियों और रक्तदाताओं का आभार जताया और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया।



## महर्षि कालू बाबा गौसेवा दल ने मृत गाय का किया अंतिम क्रियाकर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** महर्षि कालू बाबा गौसेवा दल के सदस्यों द्वारा लावारिस मृत गाय का अंतिम क्रियाकर्म किया गया।

सोमवार को महर्षि कालू बाबा गौसेवा दल के सदस्यों को कस्बे के मोहल्ला गुम्बद की एक बंद गली में लावारिस गाय के मृत पड़े होने की सूचना मिली, जिस पर संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। बाद में मृत गाय को नगरपालिका परिषद से जेस. ीबी मशीन बुलवाकर ऊंचागांव के जंगल में ले जाया गया।

जहां पर संगठन के सदस्यों द्वारा गड्ढा खुदवाकर मृत गाय का अंतिम क्रियाकर्म कराया गया। इस दौरान अनुज, अमित, रोहित, असमित, सन्नी, मोहित, मोनू, सचिन, विनीत, दीपक आदि मौजूद रहे।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग पर महा आरती का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** द्वादश ज्योतिर्लिंग आरती समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ की मासिक महा आरती का आयोजन किया गया संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह आरती हर माह कृष्ण पक्ष की चौदस को होती है पंडित सुधीर मुंडेपी और कुलानंद मुंडेपी ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराने के बाद महा आरती कराई महा आरती के बाद सभी भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई

आरती में आसपास के सैकड़ो भक्तों ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया इस मौके पर प्रवीण बंसल लव बंसल मुग्धा बंसल विपिन बंसल वीरेंद्र कुमार निधि संगल संगीता गुप्ता अजय गर्ग रेनू गर्ग गीता अजय गोयल सुशील ऐरन संगीता विजय गुप्ता रेनू अनिल दुष्यंत मित्तल नरेंद्र गोयल खजांची आदि भक्त मौजूद रहे।

## चोरी की घटना में वांछित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 11 जनवरी को महबूब अहमद पुत्र महमूद अहमद निवासी ग्राम गंगेरू थाना कांधला जनपद शामली अपनी मोटर साइकिल से कांधला बस स्टैंड से गंगेरू जा रहा था तभी रास्ते में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक रोककर रास्ते में पडने वाले नगर पालिका कांधला के पास तक छोडने के लिए अनुरोध किया था तथा मोटर साइकिल पर पीछे बैठे अज्ञात व्यक्ति ने जेब में रखी नगदी व मोबाइल फोन की चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना कांधला पर तहरीर दाखिल की गई थी। इसी क्रम में 25 मई की रात्रि में थाना कांधला पुलिस द्वारा चोरी की घटना में वांछित एक अभियुक्त को चोरी का मोबाइल, नगदी व अवैध चाकू सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्त इमरान पुत्र नसीबू निवासी मौहल्ला मिर्दगान कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली है। उसके पास से चोरी की गई धनराशि में से बचे 1160 रूपए, चोरी किया हुआ मोबाइल बरामद हुआ है।

### मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, स्मैक व नकदी बरामद

**कैराना।** एसपी शामली रामस. ेवक गौतम के निर्देशानुसार मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त आरो. पियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 15 ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, मोबाइल फोन व 2900 रूपए की नकदी बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता फिरोज निवासी ग्राम गोगवान बताया। आरा. ेपी का चालान कर दिया है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र व पुत्रवधू मेरे कहने-सुनने में नहीं है। गलत संगत में बैठते हैं तथा हमारे साथ अभद्र व्यवहार करते हैं, मैं अपने पुत्र बिलाल पुत्र इस्लाम व पुत्रवधू गुलफ्शा को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। किसी भी प्रकार के लेन-देन व कुकृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे परिवार से इनका कोई वास्ता मतलब नहीं रहा।

**इस्लाम पुत्र अल्लादिया उर्फ काटू**
**निवासी-गांव टोड थाना**
**झिंझाना-शामली**

# मुठभेड़ के बाद अपहरण करने वाला पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना कांधला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डांगरोल से युवक का अपहरण करने की घटना में संलिप्त वांछित अभियुक्त को पुलिस मुठभेड में आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में घायल गिरफ्तार किया गया, कब्जे से अवैध हथियार कारत. ूस व मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।

21 मई को पवन कुमार पुत्र पीतम निवासी ग्राम डांगरोल थाना कांधला जनपद शामली का पुत्र रवि अपने खेत में ईख खोदने गया हुआ था, तभी गाडी रजि सं. यूपी 17 एए 2139 में बैठे कुछ व्यक्तियों द्वारा रवि का अपरहण कर लिया गया। आसपास काम कर रहे लोगों की सूचना पर थाना कांधला पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए ग्राम सुन्ना में गाडी की घेराबंदी की गई तो अपहरणकर्ता गाडी व रवि को जंगल में छोडकर भाग गए। घटना के सम्बन्ध में पीडित के पिता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना के अनावरण हेतु 4 टीमों का गठन कर अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में सोमवार को थाना कांधला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डांगरोल से युवक रवि का अपहरण करने की घटना में संलिप्त वांछित अभियुक्त को ग्राम खन्द्रावली की तरफ बड़ी नहर के पास पुलिस मुठभेड में आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में घायलधगिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। घायल गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा मय एक खोखा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर व एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। घायल अभियुक्त को बाद उपचार न्यायालय के समक्ष पेशकर जिला कारागार भेजा गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के प्रयास की जा रहे है शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

**घटना का उद्देश्यः-** घटना में संलिप्त/गिरफ्तार अभियुक्त गुलाब सिह पुत्र कृष्णपाल निवासी ग्राम सौरम गोयला थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर ने बताया कि ग्राम् डांगरौल के रहने वाले विकास उर्फ मोनू पुत्र प्रदीप से मेरी दोस्ती है। विकास उर्फ मोनू के होटल की कुछ दिन बाद उद्घाटन होना था। इसलिए मै करीब 4-5 दिन से ग्राम डागरौल मे विकास उर्फ मोनू के पास उसके घर पर रह रहा था।

मोनू के गांव का एक लडका रवि पुत्र पवन इनके परिवार से दुश्मनी मानता है और आए दिन मोनू के परि. जनों को परेशान करता है तथा धमकी देता रहता है। इस कारण 21 मई को मैं, विकास उर्फ मोनू, सुधीर पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम बिजरौल थाना कोतवाली जनपद बागपत तथा एक लडका और जो सुधीर के साथ आया हुआ था, जिसका नाम पता मैं नहीं जानता। हम चारों ने सुधीर की स्कारपियो कार मे बैठकर शराब पी तथा हम लोगों ने पता लगाया कि रवि इस समय कहा पर है जानकारी हुई कि रवि गांव डागरौल से बिजली घर की तरफ अपने खेत पर ईख खोदने के लिए जा रहा है, तो हम लोगो ने योजाना बनाकर एक राय होकर रवि को सुधीर की गाडी मे जबरदस्ती खिचकर बैठा लिया और उसको ठिकाने लगाने के उद्देश्य से उसके साथ मारपीट की। किसी तरह से पुलिस को इस घटना के बारे में जानकारी हो गई और पुलिस हमारे पीछे लग गई। पुलिस द्वारा हमारा पीछा करने पर पकडे जाने के डर से हम लोग रवि को ग्राम सुन्ना के जंगल मे फैककर ग्राम डूगंर की तरफ गाडी लेकर भाग गए थे उसके बाद हम चारो लोग अलग अलग हो गए थे। आज अभियुक्त गुलाब बचनेधछिपने के उद्देश्य से मोटरसाईकिल से शामली से खन्द्रावली की जा रहा था कि पुलिस मुठभेड़ में अवैध तमंचा व कारतूस सहित घायल/गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त गुलाब पुत्र कृष्णपाल निवासी ग्राम गोयला थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर है।

# चौसाना में बिजली संकट को लेकर भाकियू की बैठक, धरने की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना मे सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों द्वारा चौसाना गांव में इकराम के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य गांव में बिजली की कम वोल्टेज और रात के समय बिजली विभाग द्वारा की जा रही छापेमारी को लेकर रणनीति तैयार करना था।



बैठक में वक्ताओं ने बताया कि गांव में लगातार बिजली की वोल्टेज बहुत कम आ रही है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, बिजली विभाग की टीम रात के समय बिना किसी पूर्व सूचना के छापेमारी कर रही है, जिससे ग्रामीण भयभीत हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए संगठन ने आंदोलन की चेतावनी दी है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के किसान नेता अरविंद राठी ने कहा कि यदि बिजली विभाग ने जल्द ही वोल्टेज की समस्या का समाधान नहीं किया, तो यूनियन गांव चौसाना में बिजली घर पर धरना-प्रदर्शन करेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसके लिए पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।

इस बैठक में संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें कलदीप पंवार, सजीव राठी, रणकुमार (थाबा मछरोली), अरविंद राठी, इकराम (चौसाना), गुलजार (लंबरदार) आदि शामिल थे। सभी ने एक सुर में बिजली व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताई और आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

## एक नजर

### अभियुक्त को तीन वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वर्ष 2003 में अभियुक्त प्रमेन्द्र पुत्र राजपाल सिंह निवासी हाथी करोंदा थाना बाबरी जनपद शामली के विरुद्ध थाना बाबरी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस मामले में शामली पुलिस द्वारा तत्परता से साक्ष्य संकलन करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा सुसंगत ठोस साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा उक्त मामले में शामली पुलिस को नियमित रूप से प्रभावी पैरवी हेतु निर्देश दिए गए थे। जिसके क्रम में आज न्यायालय ADJ/FTC कैराना, शामली द्वारा गैंगस्टर के मामले में अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में 3 वर्ष 11 माह का कारावास व 6,000६- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 1 माह अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है।

### एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त भूरा उर्फ शहजान पुत्र शौकीन निवासी ग्राम आल्दी थाना कांधला जनपद शामली है।

### किराना दुकान पर हुए झगड़े में दो वांछित किए गिरफ्तार

**शामली।** 11 मई को थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत दिल्ली रोड स्थित किराना की दुकान पर सामान के रुपए लेने देने को लेकर हुए झगडे में गाली गलौच, मारपीट व जानलेवा हमला कर जान से मारने की धमकी देने घटना हुई थी। घटना के सम्बन्ध में सिद्धार्थ शर्मा पुत्र संजय शर्मा की तहरीर के आधार पर 3 नामजद तथा अज्ञात के विरुद्ध थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में थाना कांधला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत दिल्ली रोड स्थित किराना की दुकान पर सामान के रूपए लेने देने को लेकर हुए झगडे में गाली गलौच, मारपीट व जानलेवा हमला कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगी हुई हैं शीघ्र अभियुक्तगण की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। गिरफ्तार अभियुक्तगण सावन कश्यप पुत्र मुकेश निवासी मौहल्ला शेखजादगान कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली, बादल कश्यप पुत्र शौकीन निवासी मौहल्ला शेखजादगान कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली है।

# नलकूप पर चोरी का एक और आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्राम घिस्सूगढ़ में नलकूप पर हुई चोरी के प्रकरण में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चोरी किए गए स्टार्टर व केबिल तार आदि को बेचकर प्राप्त की गई नकदी बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपी का पुलिस ने चालान कर दिया है।

विगत 30 अप्रैल की रात्रि ग्राम घिस्सूगढ़ में अज्ञात चोरों ने किसान फरमान के नलकूप से स्टार्टर व केबिल तार आदि चोरी कर लिया था। घटना के सम्बंध में कैराना कोतवाली पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। एसपी शामली ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को घटना का अनावरण करके चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजने के निर्देश दिए थे। सोमवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार चोरी की घटनाओं में लिप्त आरो. पियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने नलकूप पर हुई चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जिसके कब्जे से चोरी करके बेचे गए स्टार्टर व केबिल तार से प्राप्त नकदी के 320 रूपए बरामद हुए है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता इरफान निवासी ग्राम अलीपुर बताया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान करके उसे जेल भेज दिया है। पुलिस इससे पूर्व चोरी की घटना में शामिल तसव्वर उर्फ गोला निवासी ग्राम मन्नामाजरा को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

# एडीएम पर पदोन्नत हुए एसडीएम को दी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** अपर जिलाधिकारी के पद पर पदोन्नत हुए एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव को तहसील प्रशासन द्वारा विदाई समारोह आयोजित करके भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान पुष्प-मालाएं पहनाकर तथा ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य अभिनंदन किया गया। वह कैराना में करीब 22 माह तक उपजिलाधिकारी के पद पर तैनात रहे है। शासन के द्वारा विगत दिनों सेवा में वरिष्ठता के आधार पर प्रदेश के कई पीसीएस अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है। इनमें एसडीएम कैराना के पद पर तैनात डिप्टी कलेक्टर स्वप्निल कुमार यादव का नाम भी शामिल है। वह एडीएम के पद पर पदोन्नत हुए है। शासन ने उन्हें चित्रकूट जनपद में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार को



तहसील मुख्यालय पर स्थित सभागार कक्ष में एडीएम के पद पर पदोन्नत हुए स्वप्निल कुमार यादव का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगो ने पुष्प मालाएं पहनाकर एवं बुके भेंट करके उनका स्वागत किया। इस दौरान एडीएम बने स्वप्निल कुमार यादव एसडीएम के तौर पर कैराना में बिताए गए अपने कार्यकाल के अनुभव को लोगो से साझा किया। उन्होंने कहा कि यदि आप पूर्ण निष्ठा एवं निष्पक्षता के साथ में अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करेंगे तो लोग निश्चित रूप से आपको अपने हृदय में स्थान देंगे। आपके स्थानांतरण के बाद भी लोग आपको एक अच्छे अधिकारी के रूप में स्मरण करेंगे। इसलिए पद पर बैठे व्यक्ति को अपने अधिकारों का इस्तेमाल जनहित के लिए करना चाहिए। कार्यक्रम का कुशल संचालन रजिस्ट्रार-कानूनगों देवानंद ने किया। इस अवसर पर तहसीलदार अर्जुन चौहान, सीओ कैराना श्यामसिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, ईओ कैराना समीर कश्यप, बार एसोसिएशन कैराना के अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ, महासचिव राजकुमार चौहान, पूर्व बार अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री दामोदर सैनी, राजस्व निरीक्षक अरविंद कुमार, एडवोकेट शक्ति सिंघल, महेंद्र सिंह एडवोकेट, राशिद अली चौहान एडवोकेट, पेशकार प्रदीप कुमार, लेखपाल अनुराग पंवार, मुजक्किर खान, आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम के तौर पर 22 माह तक प्रदान की सेवाएं

एडीएम के पद पर पदोन्नत हुए स्वप्निल कुमार यादव प्रांतीय सिविल सेवा-2019 बैच के अधिकारी है। डिप्टी कलेक्टर के तौर पर उन्हें प्रथम तैनाती अयोध्या जनपद में मिली थी। जहां पर वह करीब पौने चार वर्ष तैनात रहे है। इसके अलावा, कैराना एसडीएम बनने से पूर्व वह करीब तीन माह तक जनपद बलरामपुर में भी अपनी सेवाएं दे चुके है। अब वह करीब 22 माह तक कैराना एसडीएम के तौर पर तैनात रहे है।

# जंधेड़ी की गोशाला में गोवंशों की दुर्दशा



## अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन-पत्र तहसीलदार को सौंपा, गौशाला से गोवंशों के गायब होने, समय पर चारा-पानी व उपचार न मिलने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन-पत्र सौंपा है। उन्होंने जंधेड़ी गांव में स्थित गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा का आरोप लगाया है। ज्ञापन-पत्र में गोवंशों के निरंतर गायब होने तथा समय पर चारा-पानी व उपचार आदि न मिलने की भी बात कही गई है।

सोमवार को अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन-पत्र तहसीलदार कैराना अर्जुन चौहान को सौंपा। बताया कि विगत रविवार को संगठन के कुछ कार्यकर्ता जंधेड़ी गांव में संचालित गौशाला में गए थे। वहां पर उन्होंने पूर्व में छोड़ी गई गाय के बारे में जानकारी की। आरोप है कि छोड़ी गई गाय गौशाला से गायब मिली। इसके अलावा, जो गाय गौशाला में मौजूद है। उन्हें भी समय पर चारा, पानी और खल-चोकर आदि नही मिल रहा है। आरोप है कि गौशाला से गायों के गायब होने का सिलसिला काफी समय से चल रहा है, जिसके सम्बन्ध में वह निवर्तमान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को सबूतों के साथ में अवगत करा चुके है। पत्र में मांग की गई है कि तहसील प्रशासन प्रत्एक गौशाला में हर महीने टीम भेजकर निरीक्षण कराए तथा वहां मौजूद गोवंशों की स्थिति पर ध्यान दे। ज्ञापन-पत्र में एक सप्ताह के भीतर गौशालाओं की स्थिति में सुधार किए जाने की मांग की गई है। ऐसा न होने पर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन-पत्र पर प्रवीण, देवीचंद, विक्की, सचिन, निक्की, अमर, अमित, रवि आदि के हस्ताक्षर अंकित है।

# मण्डावर जानलेवा हमले का एक और आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने गांव मण्डावर में घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पुलिस घटना में नामजद दो अन्य आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।


विगत 27 अप्रैल को क्षेत्र के गांव मण्डावर निवासी हाशिम ने सात लोगो के खिलाफ घर में घुसकर गाली-गलौच व जानलेवा हमला करने के आरोप में कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी शामली ने प्रभारी निरीक्षक को मामले की जांच करके आरो. पियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए थे।

## दो अन्य आरोपियों को पूर्व में किया जा चुका है गिरफ्तार

सोमवार को एसपी शामली रामस. ेवक गौतम के निर्देशानुसार वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत मामले की विवेचना कर रहे एसआई सतीश प्रकाश ने घटना में नामजद आरोपी आरोपी इसरार निवासी ग्राम मण्डावर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है। पुलिस इससे पूर्व घटना में नामजद दो अन्य आरो. पियों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

# पूर्व सैनिक के भाई पर जानलेवा हमले के पांचों आरोपियों की कुर्की

**थानाभवन/शामली।** ग्राम भनेड़ा उद्दा में होली के दिन हुए एक जानलेवा हमले के मामले में पुलिस को अब तक आरोपितों की गिरफ्तारी में सफलता नहीं मिल पाई है। यह हमला पूर्व सैनिक देवेंद्र सिंह के छोटे भाई परमवीर सिंह पर उस समय किया गया जब वह अपने घर के बाहर थे। घटना के बाद से ही क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है, वहीं आरोपितों की गिरफ्तारी न होने से पीड़ित परिवार लगातार भय के साए में जीने को मजबूर है। 14 मार्च 2025 को होली के दिन ग्राम भनेड़ा उद्दा में उस समय सनसनी फैल गई जब पूर्व सैनिक देवेंद्र सिंह के छोटे भाई परमवीर सिंह पर कुछ दबंगों ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित परिवार ने थाना भवन पुलिस को दिए अपने शिकायती पत्र में हिमांशु, दीपांशु, शिवकुमार, सीमांत और उदय सिंह के नाम स्पष्ट रूप से दर्ज कराए थे।घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की, लेकिन सभी पांचों नामजद आरोपित तभी से फरार चल रहे हैं। पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है, लेकिन अब तक कोई भी गिरफ्त में नहीं आया है।न्यायालय का रुख सख्त, जमानत याचिकाएं खारिज इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए माननीय न्यायालय कैराना ने पांचों आरोपियों के विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी कर दिए हैं। इसके अलावा, सभी आरोपियों की जिला न्यायालय में दाखिल की गई अग्रिम जमानत याचिकाएं भी खारिज कर दी गईं। यहां तक कि शिवकुमार पुत्र करेशन द्वारा उच्च न्यायालय में दाखिल की गई अग्रिम जमानत अर्जी भी नामंजूर हो चुकी है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि न्यायालय भी इस प्रकरण को गंभीर दृष्टि से देख रहा है।सोमवार को थाना भवन पुलिस की



टीम उपनिरीक्षक गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में ग्राम भनेड़ा उद्दा पहुंची और न्यायालय के आदेशानुसार फरार आरोपियों के घरों पर नोटिस चस्पा किए। इस दौरान पुलिस ने गांव की गलियों और चौराहों पर ढोल-नगाड़ों के साथ उद्घोषणा कर ग्रामीणों को सूचित किया कि संबंधित आरोपी न्यायालय के समक्ष शीघ्र प्रस्तुत हों, अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई ग्रामीणों में चर्चा का विषय बनी रही और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए।पूर्व सैनिक देवेंद्र सिंह ने मीडिया से बातचीत में बताया कि उनके भाई पर हमला करने वाले बेहद खतरनाक, दबंग और निडर किस्म के लोग हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इनमें से हिमांशु पूर्व में भी अपने साथियों के साथ उनके घर में घुसकर उनके भाई पर हमला करने की कोशिश कर चुका है। इस पूरे घटनाक्रम की वीडियो फुटेज उनके पास मौजूद है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय में पेश किया जाएगा।देवेंद्र सिंह ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि इन अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए, ताकि उनके परिवार को न्याय मिल सके और वे सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपी फरार हैं, तब तक उनके परिवार पर किसी बड़ी साजिश का खतरा बना हुआ है। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत भी दी है और सुरक्षा की मांग की है।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया राज मिस्त्री जिंदगी से हारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** जलालाबाद के मौहल्ला हरिनगर में हाईटेंशन लाइन की चपेट आए आए अहमदपुर निवासी राजमिस्त्री सुभाष पुत्र सिमरू की सोमवार की सुबह दिल्ली के अस्पताल से घर वापस लाते समय रास्ते में मौत हो गई। सुभाष पिछले एक सप्ताह से भी अधिक समय से जिंदगी और मौत से जूझ रहा था। सुभाष की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

15 मई की शाम राज मिस्त्री सुभाष पुत्र सिमरू निवासी गांव अहमदपुर जलालाबाद मे दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर निर्माणाधीन एक मार्किट में लेटर का ढुल्ला बांधने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक राजमिस्त्री एचटी लाइन की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया था। जिसका दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा था। पिछले 11 दिनो से जिन्दगी और मौत के बीच जंग में आखिर कार सोमवार को राजमिस्त्री सुभाष जिन्दगी की जंग हार गया उसकी दुखद मौत हो गई। मौत की खबर जैसे ही उसके गांव पहुची परिवार मे मातम छा गया। राजमिस्त्री की मौत से जलाालबाद के लोगो में भी गम का माहौल है। मोहल्लावासियों का कहना है कि संकरी गली के बीच से एचटी लाइन गुजरने के कारण कई बार घरों में करंट आ जाता है पहले भी करंट लगने की घटना घटित चुकी है। चेयरमैन जहीर मलिक और सांसद इकरा हसन ने विद्युत विभाग को हाई टेंशन लाइन की समस्या के समाधान के लिए पत्र लिखा है।

# दो गो तस्कर पर एनएसए की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लव्वादाउदपुर के जंगल में हुई गौकशी की घटना में लिप्त एक गो-तस्कर के विरुद्द राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम N.S.A. के अन्तर्गत कार्यवाही किए की है।

15 मार्च को थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लव्वादाउदपुर के जंगल में प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिले की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुंसगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु टीमे गठित की गई थी।

इसी क्रम में 17 मार्च को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार गौकशी की रोकथाम एवं गौतस्करों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना झिंझाना व एसओजी शामली की संयुक्त कार्यवाही में थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लव्वादाउदपुर के जंगल में हुई गौकशी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त गौ-तस्कर समीर पुत्र शहजाद निवासी मौहल्ला इलाही बक्स थाना गंगोह जनपद सहारनपुर को बाद मुठभेड़ उसके साथियों सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

गो तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही एवं गौ तस्करी की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से उपरोक्त मामले में प्रभावी कार्यवाही करते हुए 5 मई को गौ-तस्कर इकबाल पुत्र रशीद निवासी ग्राम बसी चुन्धियारी थाना झिंझाना जनपद शामली एवं 15 मई को गौ-तस्कर समीर पुत्र शहजाद निवासी मौहल्ला इलाही बक्स थाना गंगोह जनपद सहारनपुर के विरुद्द प्रभावी कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी शामली के आदेशानुसार राष्ट्रीय सुरक्षा अधि. नियम 1980 की धारा 3 की उपधारा 2 के अन्तर्गत निरुद्द किया जा चुका है।

इसी क्रम में 26 मई को गो तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही एवं गो तस्करी की घटनाओं को रो. कने के उद्देश्य से उपरोक्त मामले में प्रभावी कार्यवाही करते हुए गो-तस्कर आलम पुत्र सगीर निवासी ग्राम बसी चुन्धियारी थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्द प्रभावी कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी शामली के आदेशानुसार राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 की उपधारा 2 के अन्तर्गत निरुद्द किया गया है।

**वहीं** शामली थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला काजीवाड़ा में हुई गौकशी की घटना में लिप्त एक गौ-तस्कर के विरुद्द राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही किए जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही की गई है।

दिनांक 23 अप्रैल को थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला काजीवाड़ा में कोतवाली शामली पुलिस को गौकशी की सूचना प्राप्त हुई थी। थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए घटना में लिप्त व्यक्तियों की पहचान कर अभियुक्तगण के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए घटना में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। उक्त घटना को लेकर आमजनमानस में काफी रोष व्याप्त था। इनके इस कृत्य के कारण लोक-व्यवस्था भंग होने की सम्भावना थी। 23 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार गोकशी की रोकथाम एवं गौतस्करों के विरुद्द कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला काजीवाड़ा में हुई गोकशी की घटना में लिप्त एक गो-तस्कर इसाम उर्फ हिसाम पुत्र शमीम निवासी आजाद चौक, मौहल्ला काजीवाड़ा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली को पुलिस मुठभेड के दौरान आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में घायल/गिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस व कटान करने के उपकरण व मोटर साईकिल बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई थी। इसी क्रम में 26 मई को उपरोक्त मामले में प्रभावी कार्यवाही करते हुए गौ-तस्कर इसाम उर्फ हिसाम पुत्र शमीम निवासी आजाद चौक, मौहल्ला काजीवाड़ा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्द जिलाधिकारी शामली के आद. ेशानुसार राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 की उपधारा 2 के अन्तर्गत निरुद्द किया गया है।

# तेंदुआ देखे जाने की खबर से मचा वन विभाग व पुलिस प्रशासन में हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गांव में तेंदुआ देखे जाने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फेल गई। सूचना मिलने पर वन विभाग व पुलिस प्रशासन में हडकम्प मच गया। आनन-फानन में कई टीमें गांव पहुंचकर ड्रोन कैमरों की मदद से तेंदुए को तलाश करने के साथ ही विभिन्न स्थानों पर जाल और पिंजरे लगा दिए लेकिन शाम होने तक भी तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

सोमवार की सुबह शहर से करीब पांच किमी दूर कोतवाली क्षेत्र के गांव बास्तम में खेतों पर काम कर रहे कुछ किसानों ने एक खेत में अजीब सी हलचल महसूस की शक होने पर वह खेत के करीब पहुंचे तो सामने तेंदुआ खड़ा देख उनके होश उड़ गए। गनीमत रही कि तेंदुए ने किसानों पर तुरंत हमला नहीं किया

> ग्रामीणों द्वारा तेंदुए को देखे जाने की सूचना पर गांव पहुंची वन विभाग और पुलिस की टीम ड्रोन के माध्यम से खेतों में तेंदुए की तलाश कर रही हैं। कई स्थानों पर जाल और पिंजरा लगाए गए हैं। जल्द ही तेंदुए को पकड़ लिया जाएगा। सुरक्षा के मद्देनजर ग्रामीणों से रात के समय घर से बाहर न निकलने के लिए कहा गया है।

और वह मौके से भाग खड़े हुए। तुरंत इसकी जानकारी वन विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई। सूचना मिलने पर भारी संख्या में पुलिस और वन विभाग की एसडीओ संवेदना चौहान, रेंजर वीरेंद्र सिंह, विशाली चौधरी अन्य लोगों के साथ



मौके पर पहुंच गए और तेंदुए की तलाश शुरू कर दी। ड्रोन कैमरे की भी मदद ली गई लेकिन कई घंटे गुजर जाने के बाद भी कोई सफलता हाथ नहीं लगी।

इसी दौरान खेतों से कुछ दूरी पर मौजूद राजबाहे के निकट सडक पार करते हुए तेंदुए की तस्वीर एक कमरे में कैद हो गई। जिसके बाद वन विभाग के अधिकारी और ग्रामीण



हाथों में लाठी डंडे लेकर तेंदुए को घेरने के लिए दौड़ पड़े लेकिन तेंदुए फिर से खेतों में गायब हो गया। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने सर्च ऑपरेशन और तेज कर दिया।


टीम द्वारा संभावित स्थलों पर जाल और पिजरे लगा दिए गए हैं ताकि तेंदुए को पकड़ा जा सके। लेकिन देर शाम तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

# गाजा में जंग नहीं नरसंहार हो रहा है: मोहतमिम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम के मोहत. मिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने कहा कि फिलिस्तीन, खासकर गाजा में क्रूरता और बर्बरता की सारी हदें पार हो चुकी हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ व मानवाधिकार संगठन के मूकदर्शक बने रहने पर रोष जताते हुए कहा कि वहां जंग नहीं नरसंहार हो रहा है। सभी देशो को इस नरसंहार को रूकवाने के लिए आगे आना चाहिए।

दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना अबुल कासिम नोमानी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि पवित्र सरजमीं फिलिस्तीन इतिहास के सबसे खराब दौर से गुजर रही है। सभी मुस्लिमों की धार्मिक और नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह फिलिस्तीन के बेकसूर लोगों के लिए दुआएं करें और एकजुट होकर इस जुल्म के खिलाफ आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन में बेकसूर महिलाओं, बच्चों और नागरिकों पर लगातार बमबारी की जा



रही है। शहर के शहर तबाह हो चुके हैं। यह जंग नहीं बल्कि नरसंहार है जो 21वीं सदी के सबसे विकसित और सभ्य विश्व की आंखों के सामने जारी है। जिसका एकमात्र उद्देश्य एक राष्ट्र को विश्व के नक्शे से मिटा देना है। मोहतिमम मौलाना अबुल कासिम ने कहा कि फिलिस्तीन की सरजमीन मरघट में तब्दील हो चुकी है। इन हालातों में हम भारतीय मुसलमानों की नैतिक, धार्मिक और मानवीय जिम्मेदारी है कि हम उनके दर्द को महसूस करें और उनके हक में एकजुट होकर दुआएं करें।

## कार अनियंत्रित होकर खेत में पलटी

**देवबन्द।** इमलिया मार्ग पर अनियंत्रित होकर बोलेरो कार खेत में उतर गई। हादसे में जनपद मुजफ्फरनगर के देहचंद गांव निवासी चालक राहुल कुमार मामूली रुप से घायल हो गया। राहगीरों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल के मुताबिक मार्ग टूटा होने के कारण कार का पहिया गड्ढे में गिरने से कार अनियंत्रित होकर खेत में उतर गई। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग लंबे समय से क्षतिग्रस्त होने के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। दस दिन पूर्व भी एक ई-रिक्शा पलट जाने के कारण उसमें सवार छह लोग घायल हो गए थे।

# रानी अहिल्याबाई होल्कर के कार्य को किया जाएगा याद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर को उनकी न्याय प्रिय शासन के चलते ही पुण्य श्लोक के लिए प्रसिद्ध हैं।

राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह स्टेट हाइवे स्थित नितारा फार्म हाउस में आयोजित अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होने कहा कि उनकी बनाई धर्मशालाएं हो या महिलाओं के उद्धार के लिए हमेशा याद की जाती रहेंगी। उन्होने कहा कि समाज उनके बजाए मार्ग पर चलकर ही उन्नति कर सकता हैं। मुजफ्फरनगर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर की तीन सो वर्ष पूर्व जो ज्योति जलाई वह आज भी सर्व समाज को रोशनी दे




रही है। उन्होने कहा कि भाजपा देश के सभी महापुरुषो का सम्मान कर रही है।

इसी कड़ी में 21 मई से 31 मई तक रानी अहिल्याबाई होल्क जयंती मना जनप्रतिनिधियों को उनके कार्यो से अवगत कराया जा रहा है। इस दौरान पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, गन्ना



समिति के अध्यक्ष चौ. उपेंद्र, सभासद मनोज सिंघल, ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि विजय त्यागी सहित ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, नगरपालिका सभासद, गन्ना समिति के डेलीगेट व जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

## दुष्कर्म कर मारपीट करने का आरोप

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव आमकी दीपचंदपुर निवासी एक महिला में पड़ोसी गांव के एक व्यक्ति पर दुराचार कर मारपीट करने कथित का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

पीड़ित महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति पंजाब में रहकर मेहनत मजदूरी करता है । वह पड़ोस के गांव सोहनचिडा निवासी एक व्यक्ति के खेत में मजदूरी करती है। इस दौरान वह उस व्यक्ति के भाई के संपर्क में आई। उसके भाई ने झांसे मे लेकर उससे 70 हजार रूपए उधार ले लिए थे ।वह उसके साथ फोन पर अश्लील बातें करता रहता था। महिला का आरोप है कि शनिवार शाम करीब साढे आठ बजे उस व्यक्ति ने उसे फोन करके नागल बस अड्डे पर बुलाया कि वह उसके पैसे वापस करेगा। पैसे वापस करने के बहाने वह उसे अपनी बाइक पर बैठाकर किसी अनजान जगह ले गया। जहां एक कमरे में उसने उसे रात भर रखा और उसके साथ बलात्कार किया। रविवार सुबह वह व्यक्ति उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर गांव सूभरी के जंगल मे छोड़कर चला गया । और धमकी दी कि अगर पुलिस को बताया तो जान से मार देगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आधार कार्ड ठीक कराने को भटक रहे लोग: मुजीबुल हसन

**स्योहारा।** नगर के सामाजिक व राजनीतिक कार्यक्रमों में बढ़कर हिस्सा लेने वाले वरिष्ठ समाजसेवी मुजीबुल हसन ने नगर के लोगों की चिंता करते हुए कहा है कि आधार कार्ड नगर के लोगों के लिए एक ऐसी समस्या बन गई है जिसको लेकर नगर वासी लगातार लाइन लगाकर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। लेकिन संबंधित विभाग व सरकारी कर्मचारी इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। मुजीबुल हसन ने कहा कि नगर से सटे ग्राम खलीलपुर में डाकघर में ही एकमात्र आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं लेकिन वहां नगर में क्षेत्र के लोगों की लंबी-लंबी कतारे लगी रहती है और लोगों को 20 दिन से लेकर एक महीने तक का समय मिलता है। उसके बाद जाकर लोगों की समस्याओं का हल होने की कोई संभावना बनती है, जो बहुत ही चिंता का विषय है। मुजीबुल हसन ने कहा कि आज बिना आधार कार्ड के कोई भी काम नहीं हो सकता। आधार के बिना हर कोई मानो आधारहीन है, इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि आधार बिन सब सून। सरकारी अर्द्धसरकारी और निजी संस्थाओं में हर जगह आधार कार्ड अनिवार्य बना दिया गया है। मगर आधार कार्ड में नाम, जन्म तारीख या अन्य छोटी-मोटी गलतियों में सुधार कराने में दिक्कत होती है। इसके लिए लोग परेशान रहते हैं। कई बार वे आधार केंद्र पर भटकते रहते हैं। कोई भी सुनने और मदद करने वाला नहीं होता। आधार में जो भी त्रुटियां हैं उन्हें समय-सीमा में दुरुस्त करने के लिए साफ्टवेयर को अद्यतन किया जाना चाहिए ताकि नागरिक परेशान न हों। जब सरकार ने इसे हर काम में अनिवार्य कर दिया है तो आधार कार्ड में सुधार सहजता से होना चाहिए। नगर स्योहारा में एक डाकघर हुआ करता था लेकिन लगभग 3 वर्ष पूर्व से वह डाकघर भी ग्रामीण क्षेत्र में चला गया और आधार कार्ड डाकघर में ही नाम में परिवर्तन एवं नए आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। शहर के लोगों को वहां तक पहुंचने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुजीबुल हसन ने कहा कि आधार कार्ड बनाने के लिये और स्थान पर मशीन लगाई जाए तो नगर व क्षेत्र के लोगों को होने वाली परेशानियों से बचाया जा सकता है।

# जलापूर्ति सुचारू रूप से कराने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गर्मी के मौसम में मोहल्ला बेरुन कोटला व अंदरुन कोटला के लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। यहां के मौहल्ला वासियों का आरोप है कि देर रात पानी आपूर्ति चालू होती है। जबकि सवेरे उठने के समय सप्लाई बंद हो जाती है। इससे लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पालिका परिषद पेयजल आपूर्ति को लेकर यूं तो बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन इसकी जमीनी हकीकत कुछ ओर है। गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति का बुरा हाल है। नगर के मोहल्ला बेरुन कोटला और अंदरुन कोटला में पेयजल आपूर्ति का अजब-गजब मामला चल रहा है। यहां आधी रात के बाद टोंटियों में पानी आता है और सवेरे लोगों के जागने से पहले से गायब हो जाता है। मोहल्लावासी सुफियान, कमाल, आरिफ, हनीफ, हिलाल, नौशाद आदि का कहना है कि पिछले काफी दिनों से लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। पालिका की ओर से मिलने वाली पेयजल आपूर्ति रात में डेढ़ बजे चालू होती है। जबकि सवेरे पांच बजे बंद हो जाती है। जिस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि यदि कई घंटे बिजली गायब रहे तो पालिका की ओर से ट्यूबवैलों पर रखे जनरेटर चलाए ही नहीं जाते। शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

# अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई

**नागल।** कस्बे के भाटखेड़ी रोड स्थित एक रिसॉर्ट में राजमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जिला प्रभारी व कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि चार शंकराचार्यों ने मिलकर रानी अहिल्याबाई होलकर को पुण्यश्लोक की उपाधि प्रदान की थी। जिनका पूरा जीवन समाज के उत्थान को समर्पित रहा है। उन्होंने बिना नाम लिए पूर्ववर्ती सरकारों पर हिंदुओं के गौरवशाली इतिहास को छुपाने का आरोप लगाते हुए कहा कि हिन्दू शासकों का इतिहास छुपाकर राजिया सुल्तान, इल्तुतमिश, बाबर व औरंगजेब जैसे मुगलों का इतिहास पढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी महापुरुष को जाति विशेष में नही बांटना चाहिए। सपा राज्यसभा सांसद रामजी सुमन पर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के



इशारे पर अपशब्द बोलते हुए महाराणा सांगा का अपमान करने का आरोप लगाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी ने कहा कि यह उनके लिए गौरव की बात है कि उनको समाज सुधारक, न्यायप्रिय,सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करने वाली राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जंयती मनाने का सौभाग्य मिला। उन्होंने सभी आगंतुको का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में हरेंद्र जाटव, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, विधायक देवेंद्र निम , जिलाध्यक्ष महेंद्र सैनी ने भी विचार रखे। संच. ालन पवन संवई ने किया। इस दौरान अपर मुख्य विकास अधिकारी उपेन्द्र कुमार, बिजेंद्र चौधरी,मानसिंह सैनी,पपिन चौधरी, विजेंद्र कश्यप, साहब सिंह सहित जिलेभर से ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्य आदि मौजूद रहे।

# स्विमिंग पूल में आनंद ले रहे बच्चे

## समर कैम्प के तीसरे दिन थिएटर में देखी मूवी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पब्लिक स्कूल धामपुर में समर कैंप का तीसरा दिन रहा है, जिसमें बच्चों ने पिकनिक तथा थिएटर का आनंद लिया।

कक्षा प्ले से कक्षा 3 तक के बच्चों ने थिएटर में जंगल मूवी व डोरीमोन मूवी देखी। बच्चों ने मूवी में बहुत ही आनंद लिया। कक्षा 4 से 12 तक के बच्चों के लिए स्कूल की तरफ से धामपुर जंक्शन (माइक्रो फैक्ट्री) में पिकनिक का आयोजन किया गया। जहां पर बच्चों ने पूल में स्विमिंग, झूला व बैडमिंटन, म्यूजिकल चेयर आदि खेलों का भरपूर आनंद लिया। तत्पश्चात अध्यापिकाओं ने बच्चों के साथ लंच किया। जिसके बाद सभी बच्चों ने वहीदा रहमान की स्टूडियो में भ्रमण किया। स्कूल की प्रधानाचार्य बबीता



गुप्ता ने बताया कि पिकनिक का उद्देश्य बच्चों में खेलकूद के साथ मस्ती करना एवं व्यावहारिकता व संगठन की भावना का विकास करना होता है। जिसमें हिन्दू रक्षा सेना महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी ने बच्चों को वहीदा रहमान के बारे में बताया। प्रधानाचार्य बबीता गुप्ता ने भी बच्चों के साथ पिकनिक पर जाकर उनका मनोबल बढ़ाया तथा एंजॉय किया। शिक्षकों में पंकज, दीपक, हिमांशु, एवं शिक्षाओं में कुसुम, अंशु छाबड़ा, रविता, कंचन, तरन्नुम, ईशा, नसरीन, आंचल, प्रिया, जैनब, वंदना, अंशु पाल, शिवानी, खनक, अनीता, अमिता आदि ने भी अपना पूर्ण सहयोग देकर बच्चों के साथ समर कैंप का आनंद लिया।

## बजरंग दल नेता पर फायर झोंका बाल-बाल बचे

**हल्दौर।** मोहल्ला रईसान निवासी बजरंग दल कार्यकर्ता पर देर रात कुछ अज्ञात हमलावरों ने तमंचे से दो बार फायर किया। वह बाल-बाल बच गए। पीड़ित की ओर से थाने में तहरीर दी है।

नगर के मोहल्ला रईसान निवासी बजरंग दल के विभाग सहसंयोजक शिवम वर्मा रविवार की रात बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से निकले। आरोप है कि थाने के निकट बल्दिया मार्ग के पास एक आम के बाग के निकट हमलावरों ने उन तमंचे से फायर कर दिया। हमलावरों द्वारा दो बार फायर करने के बावजूद वह बाल-बाल बच गए। फायरिंग की सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। आरोपी बजरंग दल नेता को भुगत लेने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए कांबिंग की। लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सके। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# दिशा के छात्रों ने किया शैक्षिक भमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन्स धामपुर के प्रबंधन विभाग के छात्रों ने बीएचईएल (हरिद्वार) का शैक्षिक भ्रमण किया। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा आयोजित किया गया। संस्थान के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार एवं अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई ने छात्रों को भ्रमण के लिए बीएचईएल (हरिद्वार) रवाना किया।

महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि इस शैक्षिक भ्रमण से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा और वे उद्योग जगत की बेहतर समझ विकसित कर सकेगें। संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल ने



बताया कि बीएचईएल जैसे प्रतिष्ठित उद्योग का भ्रमण छात्रों के कैरियर के लिए लाभकारी साबित होगा। रजिस्ट्रार राजीव कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के व्यक्तित्व, विकास और भविष्य की तैयारियों में सहायक होते है। अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई ने बताया कि शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव भी छात्रों की सफलता की कुंजी है, इस भ्रमण से उन्हें वह अवसर मिला। छात्रों ने बीएचईएल के मुख्य निमार्ण संयंत्र हीप का अवलोकन किया, जहॉ ट्रेनर राजकमल ने उन्हें निर्माण प्रक्रिया, मशीन शॉप्स एवं उत्पादन कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। लाइट मशीन शॉप में छात्रों ने शिफ्ट समय, कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं आदि से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका उन्हे संतोषजनक उत्तर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग के प्रमुख डा. समीर अहमद, विभागाध्यक्ष बृजनेश सिसौदिया एवं फैकल्टी नाजिश भी उपस्थित थे। इस शैक्षणिक भ्रमण ने छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

# भाजपा सरकार बिना भेदभाव के कर रही काम: राज्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विकास खंड के सभागार में पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर शताब्दी स्मृति अभियान के तहत विधानसभा का पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन सोमवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त ओम प्रकाश गोला प्रजापति ने कहा कि वर्तमान में केंद्र व प्रदेश की सरकार महापुरुषों का हमेशा सम्मान करने का काम कर रही है तथा सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाकर आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है।

विकासखंड के सभागार में आयोजित अहिल्याबाई होल्कर की शताब्दी स्मृत अभियान विधानसभा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का शुभारंभ उत्तर प्रदेश राज्य मंत्री माटी कला बोर्ड के ओम प्रकाश गोला प्रजापति ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके पुष्पांजलि करके किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार डबल इंजन के रूप में जनमानस के लिए बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। साथ ही सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाकर आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है।

प्रदेश में केंद्र की सरकार ने देश के महापुरुषों का सम्मान हमेशा किया है। साथ ही आज भी कर रही है। अहिल्याबाई होल्कर की जयंती बड़े स्तर पर अभियान के रूप में मना रही है। साथ ही अहिल्याबाई होल्कर के जीवन संबंधित अनेक जानकारी दी। उन्होंने बताया अहिल्याबाई होल्कर ने अपने पुत्र को पुत्र मोह में ना आकर सजा देने का भी काम किया था, उनके जीवन से सीख लें तथा देश में प्रदेश ग्राम पंचायत के विकास में सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनमानस तक पहुंच करके क्रियान्वयन में पूर्ण सहभागिता करने का आवाहन किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से पूर्व भारतीय थल सेना की मुस्लिम महिला को बिना किसी भेदभाव के जिम्मेदारी दी। साथ ही जिम्मेदारी के तहत उस अभियान में निष्ठा व लगन से कार्य किया। सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर सतत प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, राजीव सिसोदिया, अतुल मारवाड़ी, राकेश सैनी, दानवीर, पीयूष चौहान, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष यशपाल सिंह, उदित चौधरी, तस्लीम अहमद, नरेश कुमार, अजहर अली, प्रशांत कुमार आदि ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख तथा संचालन दर्पण रावल ने किया। राज्य मंत्री के पहुंचने पर फूल मालाओं से व स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत किया गया

# बाइकों की भिड़ंत में महिला सहित चार घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में महिला समेत चार लोग घायल हो गए। घायलो को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से महिला और उसके पति को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

साखन खुर्द गांव निवासी 35 वर्षीय संजू अपनी 32 वर्षीय पत्नी अन्नू को बाइक पर सवार होकर किसी काम से देवबंद गया था। देर शाम वापस लौटते समय जब वह हाईवे स्थित साखन और तल्हेड़ी के बीच पहुंचे तो सामने से आ रही बाइक से उनकी टक्कर हो गई। इसमें संजू, अन्नू व दूसरी बाइक पर सवार जनपद बागपत के थाना छपरौली के ककौर गांव निवासी 25 वर्षीय शिवम, जनपद शामली के झाल गांव निवासी 21 वर्षीय अखिल, जनपद बिजनौर के थाना नागल सोनी निवासी 27 वर्षीय विश्वास घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से दंपती को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुता. बिक दूसरे बाइक पर सवार तीन लोग शुक्रताल आश्रम में रहते हैं। जो बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे। किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र मोहम्मद फाहद खान पुत्र सईद खान मेरे कहने में नहीं हैं गतल संगत में पड़ जाने के कारण उसका मेरे व मेरे परिवार के साथ टीक व्यवहार नहीं है इस लिए मैंने उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिये है भविष्य में मैं व मेरा परिवार उसके किसी भी लेन देन व कृत्य का जिम्मेदार नहीं होगा।

नर्गिस खान पत्नी सईद खान
मौ0 किला थाना देवबन्द
जिला सहारनपुर

# इकाना में आरसीबी से भिड़ेगी लखनऊ

**लखनऊ, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु मंगलवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के अंतिम लीग मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स पर जीत हासिल करने के लिए शीर्ष दो में जगह बनाने मैदान में उतरेगी। वहीं लखनऊ सम्मानजक विदाई के लिए पुरजोर कोशिश करेगी। रजत पाटीदार की अगुआई वाली आरसीबी ने सीजन के आखिरी चरण में अपने पिछले पांच मैचों में से चार में जीत दर्ज करके शीर्ष पर है, जबकि लखनऊ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। आरसीबी यहां जीत हासिल कर वह दूसरे स्थान पर पहुंच सकती है और प्लेऑफ में उसे अतिरिक्त जीवनदान मिल सकता है। एलएसजी टूर्नामेंट में सम्मान के साथ विदाई के लिए अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल करनी होगी। आरसीबी के जीत के अभियान को विराट कोहली की शानदार बल्लेबाजी से बल मिला है। विराट ने इस सत्र में 548 रन बना लिए हैं और विस्फोटक बल्लेबाज फिलिप साल्ट के साथ शीर्ष पर हैं। मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा और पावर-हिटर टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड की मौजूदगी वाली उनका बल्लेबाजी क्रम लखनऊ की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाने मैदान में उतरेगी। ऋषभ पंत की कप्तानी में एलएसजी ने बहुत देर से फॉर्म हासिल किया। हालांकि पिछले हफ्ते मिशेल मार्श की 117 रनों की तूफानी पारी और विलियम ओ 'रुरके के शानदार स्पेल ने उन्हें गुजरात टाइटन्स पर 33 रनों की जीत दिलाई, लेकिन टीम के बल्ले और गेंद दोनों से संघर्ष ने पूरे अभियान में उन्हें भारी कीमत चुक. ानी पड़ी। स्पिनरों की मदद करने वाली इकाना पिच मध्यम स्कोर बनने के आसार है। पिछले पांच मैचों में से चार में टीमों ने सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा किया है, इसलिए टॉस फिर से महत्वपूर्ण होगा और दोनों कप्तान पहले गेंदबाजी करने का फैसला कर सकते हैं।

## पर्पल कैप की दौड़ में प्रसिद्ध कृष्णा को पछाड़ नूर हुए आगे

● चेन्नई के नूर अहमद ने खेले गए अंतिम लीग मैच में 21 रन देकर तीन विकेट लिए

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद कल खेले गए अंतिम लीग मैच में 21 रन देकर तीन विकेट झटकर गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा को पछाड़ते हुए पर्पल कैप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए है। टूर्नामेंट में नूर के पास अब और मौका नहीं जबकि प्लेऑफ में पहुंची गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध के पास आगे मैचों में फिर से बेहतर प्रदर्शन कर आगे निकलने का अवसर है। प्रसिद्ध कृष्णा ने अब तक 14 पारियों में 23 विकेट हैं। हालांकि जीटी के प्लेऑफ में पहुंचने के कारण प्रसिद्ध के पास आगे और भी मैच हैं, जबकि सीएसके का सफर समाप्त हो चुका है। मुबई इंडियंस के ट्रेंट बोल्ट 19 विकेटों के साथ तीसरे और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जॉश हेजलवुड 18 विकेटों के साथ चौथे स्थान पर हैं। जीटी के साई किशोर भी 14 मैचों में 17 विकेट लिए है। कोलकाता नाइट राइडर्स के वरुण चक्रवर्ती भी टूर्नामेंट की 13 पारियों में 17 विकेट ले चुके है। क्रमश: पांचवें और छठे स्थान पर है।



## बृजभूषण शरण के खिलाफ यौन शोषण केस खत्म

■ नाबालिग पहलवान ने कहा था: बहकावे में आ गई, पूर्व सांसद बोले-दूसरा मामला भी क्लोज होगा

**गोंडा, वार्ता।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह को नाबालिग पहलवान से यौन शोषण मामले में बरी कर, केस क्लोज कर दिया। पिछली सुनवाई में नाबालिग अपने बयान से पलट गई थी। जिसके बाद कोर्ट ने ये निर्णय लिया। यौन शोषण का मामला क्लोज होने के बाद गोंडा में जश्न का माहौल है। नाबा. लिग ने 1 अगस्त, 2023 को बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान कहा था कि उसने किसी राजनीतिक या भावनात्मक दबाव में आकर ये आरोप लगाए थे। ऐसी कोई घटना नहीं घटी थी।



जिसमें वह खुद को पीड़िता मानती हो। इस बयान के बाद कोर्ट ने इसे शगंभीर परिवर्तनीय साक्ष्यश माना था। बृजभूषण बोले कि मामले में सच्चाई नहीं कोर्ट के निर्णय पर दैनिक भास्कर ने पूर्व सांसद बृजभूषण से फोन पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि यह बजरंगबली और प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद है कि मुझे इस मामले में पहली बड़ी जीत मिली है। कथित पहलवानों के भड़कने से नाबालिग पहलवान ने मेरे ऊपर आरोप लगाया था। लेकिन जब उसको सच्चाई पता चली, तो उसने सही बयान दिया था। जिसके आधार पर कोर्ट ने उस मुकदमे को खत्म कर दिया है। कल मैं सबसे पहले अयोध्या पहुंच कर बजरंगबली का आशीर्वाद लूंगा। उसके बाद अपने नंदिनी नगर माता मंदिर पहुचूंगा, जहां आशीर्वाद लेकर अपने घर जाऊंगा। जल्द ही जो अन्य महिला पहलवानों के मामले चल रहे हैं, उसको लेकर हम हाईकोर्ट गए हुए हैं, वह मुकदमा भी जल्द खत्म होगा। उनमें कोई सच्चाई नहीं है।

### खेल विशेष

## मुंबई ने पंजाब को 185 रन का टारगेट दिया

**जयपुर, वार्ता।** मुंबई इंडियंस (एमआई) ने आईपीएल 2025 के 69वें मैच में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 185 रन का टारगेट दिया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने 39 बाल पर 57 रनों की पारी खेली। उन्होंने 6 चौके और दो छक्के लगाए। कप्तान हार्दिक पंड्या 26, रोहित शर्मा 24 और रायन रिकलटन 27 रन बनाकर आउट हुए। अर्शदीप सिंह, मार्को यानसन और विजयकुमार वैशाख ने 2-2 विकेट झटके। हरप्रीत बरार को 1 विकेट मिला। जवाबी पारी में पंजाब ने 4 ओवर में बिना नुकसान के 34 रन बना लिए हैं। प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह क्रीज पर हैं। प्रियांश आर्या ने पहले ओवर में ट्रेंट बोल्ट की बाल पर दो चौके मारे। फिर दीपक चाहर ने मेडन ओवर डाला। दीपक चाहर ने पारी का दूसरा ओवर मेडन डाला। उन्होंने प्रभसिमरन सिंह को ओवर की सभी 6 बाल डाट कराई। इस ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 10 रन रहा। प्रियांश आर्या ने नई बाल से पहला ओवर डाल रहे ट्रेंट बोल्ट की बाल पर दो चौके लगाए। उन्होंने पहली और आखिरी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। 20वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने दो विकेट झटके हैं। उन्होंने महज 3 रन दिए। अर्शदीप ने पहली बाल पर नमन धीर को प्रियांश आर्या के हाथों कैच कराया। नमन 20 रन ही बना सके। छठी बाल पर सूर्यकुमार यादव को पगबाधा आउफट किया। सूर्या 39 बाल पर 57 रन ही बना सके। 19वां ओवर डाल रहे विजयकुमार वैशाख ने 23 रन दिए। नमन धीर ने उनके ओवर की शुरुआती दो बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। फिर सूर्यकुमार यादव ने चौथी बाल पर चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया।

## प्रणॉय-लक्ष्य, सिंधु सिंगापुर बैडमिंटन ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती



**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी मंगलवार से शुरू होने वाले सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2025 में भारतीय चुनौती पेश करेंगे।

महिला एकल रैंकिंग में पीवी सिंधु के साथ वह मालविका बंसोड़, अनमोल खरब और उन्नति हुड्डा के टीम का हिस्सा हैं। सिंधु इस जनवरी में इंडियन ओपन के

■ टूर्नामेंट के पुरुष एकल में लक्ष्य और प्रणॉय खेलेंगे

बाद से लय में नहीं दिख रही और उन्हें लगातार संघर्ष करना पड़ा रहा है। विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी सात्विक-चिराग ने पिछली बार मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चुनौती पेश की थी और चिराग की पीठ की चोट के कारण यह दूसरे दौर में ही हट गई थी। सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वे सुदीरमन कप से भी नहीं खेल पाये थे। टूर्नामेंट के पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय पुरुष एकल में खेलेंगे। किदांबी श्रीकांत ने पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहने के बाद इस टूर्नामेंट से बाहर रहने का फैसला किया है। महिला युगल में काबिज त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी खेलेंगी।



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को 3-2 से हराया

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने सोमवार को उरुग्वे को 3-2 से हराकर चार देशों के टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। यहां खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम के लिए सोनम ने (21वें) और कनिका सिवाच ने (46वें, 50वें) मिनट में गोल किए। जबकि उरुग्वे के लिए मिलग्रोस सेगल ने (तीसरे) और अगस्टिना मैरी ने (24वें) मिनट में गोल दागे। उरुग्वे की मिलग्रोस सेगल के तीसरे मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दूसरे क्वार्टर में भारत की सोनम ने 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर (1-1) से बराकर कर दिया। हालांकि तीन मिनट बाद ही उरुग्वे ने अगस्टिना मैरी के गोल की बदौलत फिर से बढ़त हासिल कर ली। तीसरे क्वार्टर के कोई गोल नहीं हुआ लेकिन कनिका सिवाच ने अंतिम चरण में दो गोल करके भारत को जीत दिला दी। उन्होंने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया, उसके बाद 50वें मिनट में मैदानी गोल करके भारत की जीत पक्की कर दी। भारत का अगला मुकाबला 28 मई को अर्जेंटीना से होगा।



## लाहौर कलंदर्स ने जीता पीसीएल

कुसल परेरा बने मैच विनर, नाबाद 62 रन की पारी खेली

**कराची, वार्ता।** लाहौर कलंदर्स ने क्वेटा ग्लैडिएटर्स को 6 विकेट से हरा कर तीसरी बार पाकिस्तान सुपर लीग का खिताब जीता। पीसीएल के 10 वें सीजन का लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में क्वेटा ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 201 रन बनाए। लाहौर कलंदर्स ने एक गेंद बाकी रहते हुए 204 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया। श्रीलंकाई विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल परेरा (62) और लोकल बल्लेबाज मोहम्मद नईम (46) ने लाहौर की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं, शाहीन अफरीदी ने 24 रन देकर 3 विकेट लिए।

क्वेटा की ओर से हसन नवाज ने 76 रन की पारी खेली क्वेटा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी की। क्वेटा की ओर से हसन नवाज टाप स्कोरर रहे। उन्होंने 43 गेंदों में 76 रनों की पारी खेली। शाहीन ने 3 और सलमान- हारिस रऊफ ने 2-2 विकेट लिए लाहौर कलंदर्स की ओर से कप्तान शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट लिए। सलमान मिर्जा, हारिस रउफ ने 2-2 विकेट लिए। अफरीदी ने 4 ओवर में 24 रन दिए। सलमान ने 51 और रउफ ने 2 विकेट लिए। इसके अलावा सिकंदर रजा ने 1 और राशिद हुसैन ने भी एक विकेट लिए। 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लाहौर कलंदर्स की अच्छी शुरुआत 202 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी लाहौर कलंदर्स को फखर जमान और मोहम्मद नईम ने बेहतर शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी हुई।

## आयरलैंड को हरा विंडीज ने सीरीज बराबरी पर रोकी

**डबलिन, वार्ता।** केसी कार्टी (170) की शतकीय, कप्तान शाई होप (75) और जस्टिन ग्रीव्स (50) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद जेडेन सील्स (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत विंडीज ने तीसरे वनडे वर्षा बाधित मुकाबले में आयरलैंड को डकवर्थ-लुईस स्टर्न पद्धति से 97 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर है। केसी कार्टी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। रविवार रात खेले गए मुक. ाबले में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट 31 के स्कोर पर गवां दिए। ब्रैंडन और एविन (14) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद केसी कार्टी और कप्तान शाई होप ने ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बटोरे। केसी कार्टी और शाई होप ने तीसरे विकेट के लिए 147 गेंदों पर 137 रन की साझेदारी की।

## नए टेस्ट कप्तान पर पुजारा की बेबाक प्रतिक्रिया

दिग्गज टेस्ट खिलाड़ी ने कहा:गिल के पास टैलेंट की कमी नहीं, सिलेक्टर्स के पास ऑप्शन नहीं था



**नई दिल्ली, वार्ता।** दिग्गज टेस्ट खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने एक सवाल पर कहा कि शुभमन गिल के अलावा टीम इंडिया के पास कैप्टन के लिए कोई और आप्शन नहीं था। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में भारत की कप्तानी करना शुभमन गिल जैसे युवा खिलाड़ी के लिए एक चुनौती होगी।

उनके पास अपने को साबित करने का अच्छा मौका है। गिल को शनिवार को रोहित शर्मा की जगह नया टेस्ट कप्तान बनाया गया। रोहि. हत और विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत खेल के सबसे लंबे प्रारूप में नए युग की शुरुआत करेगा। रोहित और कोहली ने इस महीने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। पुजारा ने भारत के इंग्लैंड दौरे के आधिकारिक प्रसारक श्सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्कश के आयोजित एक आनलाइन बातचीत में भास्कर के शुभमन गिल को कप्तानी सौंपने के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि गिल का विदेशी धरती पर प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

वहीं, इससे पहले आस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें खराब प्रदर्शन की वजह से कुछ मैचों में प्लेइंग इलेवन में भी जगह नहीं मिली थी। पर, जसप्रीत बुमराह खुद ही कह चुके हैं कि इंग्लैंड में पांचों मैच नहीं खेल पाएंगे। वहीं उनकी फिटनेस एक बड़ी समस्या है। ऐसे में गिल के अलावा भारत के पास कैप्टन के लिए दूसरा कोई आप्शन नहीं है। वह 24 साल के हैं, ऐसे में टीम मैनेजमेंट ने भविष्य को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। अभी यह कहना कि टीम मैनेजमेंट का डिसीजन सही है या नहीं, मुश्किल होगा। हालांकि, गिल के पास अच्छा मौका है, उनके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। गिल में प्रतिभा की कमी नहीं, बतौर बल्लेबाज सफल होंगे पुजारा ने कहा कि बल्लेबाज के तौर पर भी उन पर बड़ी जिम्मेदारी है, लेकिन मुझे यकीन है कि जिस तरह की प्रतिभा उनमें है वह इंग्लैंड में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि जब आप शीर्ष स्तर पर बल्लेबाज के तौर पर खेल रहे होते हैं तो आप कभी यह नहीं सोचते कि आप कप्तान हैं या खिलाड़ी, आप हमेशा टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। आपको इसे अलग रखना चाहिए। जब आप मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर रहे होते हैं तो आपको कप्तानी के बारे में सोचने के बजाय बल्लेबाज के तौर पर सोचना चाहिए। 37 साल के पुजारा ने टेस्ट क्रिकेट से अभी संन्यास नहीं लिया है। उन्होंने भारत के लिए टेस्ट मैच जून 2023 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में खेला था। उसके बाद वह टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी टेस्ट टीम में वापसी का सपना देखते हैं, लेकिन अपने करियर की दिशा को लेकर उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अगर मुझे मौका मिलता है (भारत के लिए फिर से खेलने का), तो मुझे बिल्कुल भी आपत्ति नहीं है। वह सबसे अच्छी बात होगी। लेकिन साथ ही, मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो वर्तमान में जीना पसंद करता है और जो कर रहा हूं, उसमें लगा रहता हूं। अब तक का करियर शानदार रहा है, मुझे कोई पछतावा नहीं है।

## प्रियांक पंचाल ने लिया क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास

प्रियांक 17 वर्ष से अधिक समय तक गुजरात का हिस्सा रहे

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात क्रिकेट टीम के दाएं हाथ के बल्लेबाज प्रियांक पंचाल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) ने सोमवार प्रियांक पंचाल के क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की जानकारी दी। प्रियांक पंचाल सलामी बल्लेबाज के रूप में 17 वर्ष से अधिक समय तक गुजरात की घरेलु टीम का हिस्सा रहे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका शानदार प्रदर्शन रहा और उन्होंने भारत ए टीम के लिए कप्तानी की। उन्होंने गुजरात ओर से 99 रणजी ट्रॉफी मैचों सहित 127 प्रथम श्रेणी मैच खेले। जिसमें उन्होंने 29 शतक और 34 अर्द्धशतक के साथ 45-18 की औसत से 8856 रन बनाए। उनका सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर (नाबाद 314) था। गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन ने प्रियांक पंचाल को उनके शानदार करियर के लिए बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

## रेबेका को हराकर इगा फ्रेंच ओपन के अगले दौर में पहुंची

● इगा ने रेबेका को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराया

**पेरिस, वार्ता।** पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने सोमवार को स्लोवाकिया की रेबेका श्रामकोवा को हराकर फेंच ओपन के अगले दौर में जगह बना ली हैं। यहां कोर्ट फिलिप-चैटियर पर खेले गये मुक. ाबले में पोलैंड की स्वियाटेक ने आत्मविश्वास के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्लोवाकिया की रेबेका स्रामकोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर फ्रेंच ओपन दूसरे दौर में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त पोलिश खिलाड़ी स्वियाटेक ने पहले सेट में जल्दी ही ब्रेक लिया। मैच के दौरान उन्होंने सटीक ग्राउंडस्ट्रोक और मजबूत सर्विस के साथ गेम में अपना दबदबा बनाए रखा। हालांकि इस दौरान श्रामकोवा ने आक्रामक प्रदर्शन किया लेकिन वह मिले अवसरों को भुनाने में किल रही। दूसरे सेट में भी यही कहानी रही, स्विएटेक ने दो बार और ब्रेक लिया। उन्होंने एक घंटे और 31 मिनट में तक चले मुक. ाबले में स्लोवाकिया खिलाड़ी पर जीत दर्ज की। स्विएटेक की फेंच ओपन में यह लगातार 22वीं जीत है। फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में स्विएटेक का



मैच ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू से होगा।

# 51 करोड़ 54 लाख की 41 सड़कों का शिलान्यास

## मंत्री कुंवर बृजेश व गंगोह विधायक चौ. किरत सिंह ने यमुना नदी पर नवनिर्मित सेतु का किया लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह व गंगोह विधायक चौ. किरत सिंह ने 51 करोड 54 लाख रूपये की लागत से 41 नवीन सडकों का शिलान्यास तथा नानौता गंगोह मार्ग पर यमुना नदी के नवनिर्मित सेतु का लोकापर्ण किया।

विधायक किरत सिंह के कैम्प कार्यालय पर नारी सशक्तिकरण की प्रतीक, पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया और लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह ने गंगोह विधानसभा के अंतर्गत 51 करोड रुपयें की लागत से प्रस्तावित सड़कपटों का शिलान्यास किया। विधायक किरत सिंह ने लोकनिर्माण विभाग राज्यमंत्री मंत्री बृजेश सिंह, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य प्रमोद अट्टा व भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र सैनी का शाल, पगड़ी व बूके भेंटकर स्वागत किया। वक्ताओं ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवनचरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्हें बेहद न्यायप्रिय व वीरता की प्रतीक बताया और उनका चरित्र चित्रण करते हुए विभिन्न किस्से सुनायें। साथ ही सेना के सफल सिंदुर मिशन पर पीएम मोदी को भी सराहा। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेन्द्र सैनी व संचालन नवीन शकरपुर ओर संजय सैनी ने किया।

विधायक किरत सिंह ने मंत्री से विधानसभा की जरुरत बता अन्य सड़कें देने की मांग की। जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, अजीत राणा, यशवंत राणा, राजेश गांधी, मनोज राणा, वीरसेन कश्यप, नितिन चौधरी, शीशपाल जंधेडा, सरताज, अश्वनी उपाध्याय, ललित, श्यामसिंह पंवार, विपुल, प्रेमचंद सैनी, जिपंस रामदास सैनी समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रालोद नेता चौ.जगपाल दास का ब्रेन हेमरेज से अस्पताल में निधन



■ रालोद खेल प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह ने निधन पर जताया गहरा दुख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के आजीवन प्रदेश अध्यक्ष रहे स्वर्गीय चौ. राम शरण दास के पुत्र और राष्ट्रीय लोकदल नेता चौधरी जगपाल दास का ब्रेन हेमरेज के कारण निधन हो गया। वह 60 वर्ष के थे।

चौ.जगपाल दास को अचानक तबियत बिगडने पर एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें बचाने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सके और चौ.जगपाल दास ने वहां अपनी अंतिम सांस लेकर दुनिया को अलविदा कहा।

राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने बताया कि चौ जगपाल दास गुर्जर का आकस्मिक निधन होने के कारण पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। दास पुराने समाजवादी नेता, विचारक रहे। अभी हाल में उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल ज्वाइन की थी और रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी ने उनको पार्टी में राष्ट्रीय सचिव बनाकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी थी। चौ जगपाल दास गुर्जर को ब्रेनहेमरेज होने के कारण मेडिग्राम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां पर उन्होंने अंतिम सांस ली। जगपाल दास गुर्जर समाज के भी बड़े नेता रहे। उनके निधन की खबर पूरे जिले में आग की तरह फैल गई। चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि जगपाल दास गुर्जर के निधन से राजनीति के लिए, राष्ट्रीय लोक. दल के लिए अपूर्णीय छति है। जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती।

## कल ( आज ) अलग अलग क्षेत्रों में रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर के अलग अलग क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति कल (आज) बाधित रहेगी।

विद्युत नगरीय वितरण खण्ड प्रथम अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार ने बताया कि उपकेन्द्र घंटाघर पर डबल ट्रांसफार्मर कन्ट्रोल पैनल तथा लाइन आइसोलेटर बदलने का कार्य कल (आज) किया जाना है इसलिए घंटाघर उपकेन्द्र से सम्बन्धित क्षेत्रों की आपूर्ति सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी जबकि उपकेन्द्र हकीकत नगर के फीडर गिल कालोनी में जर्जर एलटी एबीसी बदलने का कार्य किये जाने के कारण सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होने सहयोग की अपील की।

# हमारा प्रयास महानगर में मिले श्रेष्ठ सुविधा: डा.अजय



■ निगम क्षेत्र में रहने वाले दस लाख लोगों के प्रति हम जवाबदेह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार का कहना है कि हम महानगर में रहने वाले दस लाख लोगों के प्रति जवाबदेह हैं। हमारा प्रयास है कि हम निगम क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों को पेयजल, सड़क, सफाई, पथ प्रकाश आदि मूलभूत सुविधाएं श्रेष्ठता के साथ उपलब्ध कराएं। इसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। निगम क्षेत्र में शामिल हुए 32 गांवों में ये सुविधाएं पहुंचाने के लिए भी हम संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि अनेक चुनौतियों के बावजूद गत दो वर्षो में नगर निगम ने जनता को सुविधाएं देने के लिए अनेक ठोस कदम उठाएं हैं।

महापौर डॉ. अजय कुमार आज यहां अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गत दो वर्ष में महानगर में सड़क व नाला निर्माण के 615 कार्य पूर्ण कराये गए हैं और 57 पर कार्य चल रहा है। सड़क पर पैच मरम्मत के लिए एक पोट हॉल मशीन खरीदी गयी है। सीमए ग्रिड के सम्बंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि फेज-1 के अंतर्गत डीएम कार्यालय से हकीकत नगर होते हुए सिविल कोर्ट तक 90.80 करोड की लागत से सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। दूसरे फेज में डी एम कार्यालय से जैन डिग्री कॉलेज होते हुए मोहन पाण्डेय अस्पताल दिल्ली रोड तक सड़क का निर्माण कार्य 38.17 करोड़ से कराया जाना प्रस्तावित है। जबकि तीसरे फेज में अम्बाला रोड फायर ब्रिगेड स्टेशन से अम्बेडकर स्टेडियम होते हुए रोडवेज बस स्टैण्ड की सड़क प्रस्तावित है। उन्होंने निगम द्वारा संचालित माँ शाकुंभरी कान्हा उपवन गोशाला के उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि निगम गौशाला विश्व की प्रथम एवं इकलौती गोशाला है, जो अधिकतम गो उत्पाद निर्माण के लिए 'वर्ल्ड रिकॉर्ड' से सम्मानित हुई है। गौशाला को आईएसओ 9001߸2015 प्रमाण पत्र भी प्राप्त हो चुका है। नगर निगम सहारनपुर प्रदेश का प्रथम नगर निगम है जिसकी गोशाला में गोबर निर्मित प्राकृतिक पेंट यूनिट की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन उठान, सफाई तथा नाला सफाई आदि के लिए अनेक वाहन व उपकरण खरीदे गए हैं। शहर की प्रकाश व्यवस्था के सम्बंध में उन्होंने बताया कि महानगर के सभी 70 वार्डो में साढे߸ 12 मीटर ऊंचाई की 79 हाई मास्ट लाइट लगायी गयी है और 80 हजार मीटर थ्री फेस वायर बिछाने का कार्य किया गया है। पत्रकार वार्ता के दौरान नगरायुक्त शिपू गिरि सहित निगम के सभी विभागों के अधिकारी व उपसभापति, पार्षद मुकेश गक्खड़ मौजूद रहे।

# समर कैम्प में बच्चों ने सीखे नए स्किल्स



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समरकैम्प के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों में पौधारोपण कार्य कराया गया।

खण्ड शिक्षाधिकारी सुरेश त्यागी, फहीम खान व राजेन्द्र आदि ने बच्चों के साथ पौधारोपण किये। सुरेश त्यागी ने बताया कि प्रथम सप्ताह में होने वाले कार्यक्रमों में योग क्रियाएं तथा आउटडोर व इन्डोर खेल कराये गये।

इसके अलावा बच्चों द्वारा रंगोली, विज्ञान किट, गणित किट आदि कार्य भी किये गये।

# रेस्टोरेंट से शराब व बीयर की खाली बोतलें बरामद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर विभागीय टीम ने एक रेस्टोरेंट पर छापा मारकर वहां अनधिकृत रूप से शराब पिलाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। छापेमारी के दौरान वहां भारी मात्रा में शराब व बीयर की खाली बोतलें भी बरामद हुई हैं।

जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग की टीम ने एक रेस्टोरेंट पर छापा मारा। मिली जानकारी के मुताबिक आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन-1 सहारनपुर शंकर पाल को साथ लेकर अधोहस्ताक्षरी द्वार घंटघर के पास अम्बाला रोड स्थित स्वादिस्ट रेस्टोरेंट पर चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान कुछ लोग वहां शराब का सेवन करते मिले जो जांच टीम के पहुंचने पर पीछे के दरवाजे से भागते हुए नजर आए। एक कमरे में कुछ लोग एकान्त में शराब का सेवन कर रहे थे जो जांच टीम को देखकर आधी बोतल, शराब जॉनी वाकर रेड लेबल जिस पर स्टेट का नाम नहीं छपा है, को छोड़कर हाथ झाड़ते हुए निकल गए। मदि. रापान के लिए पास/परमिट मांगने पर दिखाने में नाकाम रहे। रेस्टोरेंट की सघन तलाशी लेने पर करीब एक बोरी खाली शराब व बीयर की बोतलें मिलीं जिन्हें कब्जे में लिया गया है। आधी बोतल शराब मिलने के कारण ही प्राथमिकी नहीं दर्ज कराई गई है।

# देश के विकास की पहली सीढ़ी शिक्षा: सुनील

## जनपद में 149310 छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रति छात्र 1200 रुपये किए स्थानान्तरित



शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालय में शिक्षण अधिक सुचारु से कराए जाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम का लोकार्पण एवं उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया। इसके तहत स्कूल चलो अभियान, बेहतर शिक्षा एवं उन्नत भविष्य के दृष्टिगत डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों का सम्मान, उत्तर प्रदेश निपुण प्रदेश के संबंध में भी जानकारी दी गयी।

जनपद के जनमंच सभागार में मंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। जिसके अनुक्रम में जनपद में 149310 छात्र-छात्राओं को डीबीटी स्थानांतरण के रूप में अभिभावकों के खातों में 1200 रुपए दो जोड़ी यूनिफॉर्म, जूता मोजा, स्कूल बैग, स्टेशनरी क्रय करने के लिए अंतरित किए गए। 40 विद्यालयों को स्मार्ट टीवी पैनल वितरण, समर कैंप को प्रभावशाली तरीके से संचालित कर रहे पांच आदर्श शिक्षकों का सम्मान, 454 विद्यालयों को टैबलेट वितरण, जनपद में बेहतर कार्य कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश त्यागी को सम्मानित किया गया।

प्रभारी मंत्री को जिलाधिकारी मनीष बंसल ने काष्ठ की बनी गणेश जी की प्रतिमा भेंट की। जनमंच परिसर में बेसिक शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल द्वारा विभाग में चल रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि किसी भी देश के विकास की पहली सीढी शिक्षा ही होती है। विद्यालयों में बेहतर शिक्षा के साथ ही मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। शिक्षक सहित अन्य सभी भर्तियां बिना भेदभाव एवं पारदर्शिता के साथ की जा रही है। वर्तमान सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग कुंवर बृजेश सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्ब, विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी, विधायक रामपुर मनिहारान देवेंद्र निम, मेयर डा.अजय कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी ने भी विचार रखे।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, एडी बेसिक राजेश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रेखा सुमन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कोमल उपस्थित रहे।

# तिरंगा शौर्य यात्रा में शामिल हुए हजारों लोग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भारत सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में मिली कामयाबी से उत्साहित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह के संयोजन में आयोजित तिरँगा शौर्य यात्रा में भारी संख्या में लोगों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर गगन भेदी नारे लगाये।

सोमवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता विजयपाल सिंह के संयोजन में तहसील परिसर से भव्य तिरँगा शौर्य यात्रा निक. ाली गई जिसे संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान भारी संख्या में लोग दोपहिया व चौपहिया वाहनों से हाथों में तिरंगा लिए शामिल हुए।डीजे पर बज रहे देशभक्ति के गीत लोगों में देशभक्ति का जज्बा पैदा कर रहे थे।लोग भारत माता की जय,भारतीय सेना जिंदाबाद के गगन भेदी नारे लगा रहे थे। नरेंद्र मोदी,अमित शाह व राजनाथ सिंह जिंदाबाद के नारे भी उत्साह से भरे लोग खूब लगाते दिखायी दिए।राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि सिंदूर ऑपरेशन की कार्रवाही को पाकिस्तान कभी भूल नही पायेगा। भारतीय सेना ने जिस अदम्य साहस के साथ निडर होकर मुँह तोड़ जवाब दिया उससे हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा हुआ है। भविष्य के लिए भी यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कर दिया कि अगर पाक से एक भी गोली चली तो भारत गोले से जवाब देगा।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह ने कहा कि भारत के 140 देशवासी एकजुट हैं।कोई भी देश भारत को कमजोर न समझे।आतंकवाद को किसी सूरत बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।भारत का प्रत्येक नागरिक भारत माँ के साथ सेना के अदम्य साहस, वीरता व शौर्य को भी नमन करता है।पूर्व ब्लॉक प्रमुख नक्षत्र पँवार ने कहा कि नया भारत नई शक्ति और नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है।भारत मनपसंद देश है लेकिन अगर को छेड़ेगा तो भारत उसे नहीं छोड़ेगा। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। ईदगाह चौक पर यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान मेलाराम पँवार, कृष्ण चंद सैनी, अजीत राणा, चौधरी हैदर पँवार, देवराज सिंह, डॉ किरणपाल, प्रमोद कौशिक, महाराज गुरमुख दास, महाराज ओमवीर सिंह,समस्त प्रधान क्षेत्र पंचायत सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गोष्ठी में भारत को विश्वगुरू बनाने पर चर्चा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वर्क संस्था द्वारा विश्वगुरू भारत क्या संभव है विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित करते हुए देश को पुन: विश्वगुरू के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं पर विचार विमर्श किया गया।

अम्बाला रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष, वर्क चैरिटेबल ट्रस्ट, रामपुर अल्लामा सय्यद अब्दुल्लाह तारिक, आचार्य महामण्डलेश्वर संतश्री कमल किशोर महाराज, वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. स्वर्णजीत सिंह तथा राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रानी बहन ने अपने विचार साझा किए। अपने वक्तव्यों में सभी वक्ताओं ने भारत की आध्यात्मिक विरासत, सांस्कृतिक विविधता और करुणा के मूलभूत सिद्धांतों पर जोर दिया, साथ ही समाज में एकता और सेवा की भावना को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया और यह विश्वास जताया कि भारत पुन: धर्मगुरु बनेगा। इस अवसर पर सहारनपुर और आसपास के क्षेत्रों से अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवाओं ने भाग लिया।

# सड़क हादसों में वाहनों की टक्कर से दो लोगों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** रविवार की रात अज्ञात वाहनों की टक्कर लगने से दो विभिन्न घटनाओं मे दो व्यक्तियों की मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक शेखपुरा कदीम निवासी जिकरिया 40 पुत्र अब्दुल वहाब कस्बा निवासी शब्बर पुत्र लतीफ के यहां सोमवार को उसकी बहन की होने वाली एक शादी में आया हुआ था। रविवार की रात करीब ग्यारह बजे वह अपने दो साथियों के साथ पांडौली रोड के बराबर मे स्थित पेट्रोल पंप के सामने हाइवे पार कर रहा था। तेज गति से आ रही एक कार की टक्कर लगने से उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। परिजन बिना कोई कानूनी कार्रवाई कराये शव को अपने साथ शेखपुरा कदीम ले गए। जहां पर उसको आज सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। मृतक बेहद गरीब था । रिक्शा आदि चलाकर अपने परिवार का पेट पाल रहा था। इस घटना से शादी की सभी तैयारियां धरी रह गई । सोमवार देर शाम गमगीन माहौल मे दुल्हन की सादगी के साथ विदाई की गई।

एक अन्य घटना में थाना क्षेत्र के गांव सूभरी निवासी एक बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की चपेट मे आने मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक कुलदीप 28 पुत्र शेरसिंह राज मिस्त्री का काम करता था। रविवार की रात वह अपनी बाइक से सहारनपुर से वापस गांव आ रहा था। टपरी के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक मे टक्कर मार दी जिसमे वह घायल हो गया। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पंहुची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पंहुचाया। जहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।बाइक के नंबर के आधार पर मृतक की शिनाख्त कर सोमवार सुबह परिजनों को पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर परिजनों मे कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मृतक अपने पीछे छोटे छोटे तीन मासूम बच्चे छोड गया है।

# आश्वासन पर सफाई कर्मियों की हड़ताल स्थगित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर पंचायत कार्यालय में सफाई कर्मियों द्वारा की गई हड़ताल वार्ड नम्बर 3 की सभासद उनके पति के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और अभद्र व्यवहार करने का मुकदमा नगर पंचायत की ओर से दर्ज करवाए जाने के आश्वासन पा ही सफाईकर्मियों की हड़ताल स्थगित कर दी गई।

उल्लेखनीय है लग भाग एक सप्ताह पहले नगर पंचायत बेहट के वार्ड नंबर 3 की महिला सभासद और सफाईकर्मी राज. कुमार के बीच सफाई व्यवस्था को लेकर कहासुनी हो गई थी। मामले को लेकर सफाईकर्मी ने अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के नेताओं के साथ कोतवाली पहुंच तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने मामले को लेकर महिला सभासद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। सफाईकर्मी सभासद और उसके पति के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने के खिलाफ एससीएसटी का मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर सफाई व्यवस्था ठप्प करते हुए हड़ताल की घोषणा कर धरने पर बैठ गए थे।

सोमवार को जिला वाल्मीकि सभा के जिलाध्यक्ष विनोद घावरी, जिला महामंत्री राकेश कल्याण, राजेश गागट, रघुवीर चंदेल, वरदान घावरी आदि नगर पंचायत में धरना स्थल पर पहुंचे और चेतावनी दी कि मामले को लेकर सफाई कर्मचारियों और वाल्मीकि समाज द्वारा डीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस दौरान धरना स्थल पर नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैया और अधिशाषी अधिकारी सविता वर्मा भी धरनास्थल पर पहुंचे, तो धरना दे रहे लोगों ने उनसे मांग रखी कि नगर पंचायत की ओर से पुलिस को तहरीर देकर सभासद और उनके पति टीपू सुल्तान के खिलाफ ड्यूटी पर तैनात सफाईकर्मी के साथ अभद्र व्यवहार करने, गाली गलौच करने और जातिसूचक शब्द कहने और आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के आरोप में तहरीर देकर मुकदमा लिखवाया जाए। सफाईकर्मियों की मांग को मानते हुए ईओ सविता वर्मा और चेयरमैन अब्दुर रहमान ने उनकी मांग को मानते हुए कोतवाली बेहट को तहरीर दिए जाने के आश्वासन के बाद ही हड़ताल और धरना स्थगित कर दिया गया। इस दौरा। सभासद सत्य प्रकाश रोहिला, सभासद मास्टर जमील, सुभाष मुर्तजा राही, सभासद गुल्लू अहमद, सभासद प्रतिनिधि अब्दुल मालिक, अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष राज. कुमार बिरला, यूनियन के नगर अध्यक्ष बल्ली महाराज, प्रदेश महामंत्री राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा दीपक कांगड़ा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गुलशन भारती, राकेश कुमार, राजकुमार उर्फ राजू, अमन, लक्की, निखिल सिंह, विनय कांगड़ा, अनीता, कमलेश, शिमला, रानी, नरेश , अजीम, जावेद, कुलदीप, साजिद, सचिन बिरला, संदीप दिशावर आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव नरवाल 28 को आएंगे जनपद

**सहारनपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल आगामी 28 मई को जनपद का दौरा करेंगे। इस दौरान प्रदीप नरवाल महानगर कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

कांग्रेस के पूर्व जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल आगामी 28 मई को सहारनपुर आएंगे। इस दौरान श्री नरवाल संगठन सृजन अभियान की प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा जिला एवं महानगर कांग्रेस के समस्त वरिष्ठ नेताओं व कांग्रेसजनों के साथ बैठक करेंगे। श्री नरवाल जनपद में संविधान बचाओ अभियान कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाने और उसमें तेजी लाने के लिए कांग्रेसजनों से आगे की रणनीति पर विचार विमर्श करेंगे।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 27 मई 2025

## अटकलों को विराम

सोमवार को संसदीय समिति की बैठक में सरकार ने सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर अपनी रणनीति साझा की। जिसमें उसने कूटनीतिक पहल और अन्य कोशिशों की पूरी जानकारी दी। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद की सलाहकार समिति को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के चलते पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो आतंकवाद को केंद्र थे। उन्होंने माना कि इससे पाकिस्तानी सेना के मनोबल को भारी चोट लगी, क्योंकि वह आतंकी शिविरों की रक्षा नहीं कर सकी। उन्होंने यह भी साफ किया कि पाकिस्तान को भारतीय सेना द्वारा उनके क्षेत्र में स्थित आतंकी शिविरों पर किए गए हमलों की जानकारी केवल हमले के बाद डीजीएमओ स्तर पर दी गई थी। उन्होंने यह भी दावा किया कि पाक को यह सूचना हमलों के बाद दी गई थी। उन्होंने डोनाल्ड ट्रम्प के सीजफायर में हस्तक्षेप की बात से भी इन्कार किया और कहा कि अमेरिकी हस्तक्षेप की जो बातें कही जा रही थीं वह निराधार हैं। उन्होंने तमाम अटकलों को विराम देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोकने का निर्णय भारत में पाकिस्तान की ओर से आए अनुरोध के बाद द्विपक्षीय स्तर पर लिया और इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी। उनके कहने का मतलब साफ था कि पाक डीजीएमओ द्वारा संघर्ष विराम की मांग के बाद ही यह सैन्य कार्रवाई रोकी गई। साथ ही यह भी साफ किया कि भारत के किसी भी अधिकारी ने पाक से सीधी बातचीत नहीं दी और जो भी बातचीत हुई वह केवल दो देशों के डीजीएमओ के बीच थी। उन्होंने यह जरूर स्वीकार किया कि अमेरिका व अन्य देश भारत पर पाकिस्तान से वार्ता करने का दबाव बना रहे थे, लेकिन भारत किसी तरह के दबाव में नहीं आया भारत का स्टैंड साफ है कि आतंकवाद और वार्ता एकसाथ नहीं चल सकते। विदेश मंत्री ने कांग्रेस द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों की सफाई दी। उनका कहना था कि बेईमानी और घटनाओं का गलत चित्रण किया गया। सिंधू जल समझौते को लेकर समिति द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि फिल्हाल सिंधू जल समझौता स्थगित है और भविष्य में जो कदम उठाया जाएगा उसके बारे में संसद को जानकारी दे दी जाएगी। विदेश मंत्री ने संसदीय समिति से राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की अपील भी की और बताया कि इसी के तहत सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर भेजे गए हैं। असल में कांग्रेस के नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी विदेश मंत्री एस. जयशंकर को लेकर कई सवाल पूछते रहे हैं और कई बातों को लेकर उनको कटघरे में खड़ा करने की कोशिश करते रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया था कि भारतीय विदेश मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी पहले ही पाक को दे दी थी। जयशंकर ने इससे इन्कार किया है और सबसे बड़ी बात अमेरिकी राष्ट्रपति जो सीजफायर का श्रेय लेते नहीं थकते, उनको भी यह कहकर आयना दिखाया है कि उनकी इसमें कोई भूमिका नहीं है।

### सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है कृषि



कृषि सब्सिडी किसानों के बैंक खातों में मिलनी चाहिए, कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि इसका उद्योग से व्यापक जुड़ाव है, किसानों की हर प्रकार की सहायता सीधे बैंक खाते में जानी चाहिए, इससे किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी, खाद को लेकर सब्सिडी की राशि बहुत बड़ी है और अन्य भी सब्सिडी की राशियां भी बहुत बड़ी हैं, पर ये अप्रत्यक्ष हैं, यदि ये सब सीधी किसानों को दी जाएं, तो मेरा आकलन है कि हर किसान को हर साल कम से कम 35,000 रुपये मिलेंगे, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को इस पर ध्यान देना चाहिए और अध्ययन कराया जाना चाहिए, इससे किसान को ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधा किसानों के खाते में जाती है, पर अन्य सहायता भी सीधी किसानों के खाते में जानी चाहिए।

–जगदीप धनखड़, उप राष्ट्रपति

## विज्ञान, लोकतंत्र और बच्चों के संरक्षक

# पंडित जवाहर लाल नेहरू



पुण्यतिथि पर विशेष

भारतीय इतिहास में 27 मई का दिन केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक युग के अवसान का प्रतीक है। यह वही दिन है, जब भारत ने अपना पहला प्रधानमंत्री, एक दूरदर्शी नेता, एक मानवतावादी चिंतक और बच्चों के चहेते चाचा नेहरू को सदा के लिए खो दिया था। पंडित जवाहरलाल नेहरू न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे बल्कि आजादी के बाद आधुनिक भारत की नींव रखने वाले प्रमुख शिल्पी भी थे। उनका जीवन भारतीय राजनीति और समाज के पुनर्निर्माण की यात्रा का वह अध्याय है, जिसे बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। नेहरू का सपना केवल एक स्वतंत्र भारत नहीं था बल्कि ऐसा भारत था, जो वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास से आलोकित हो। उनका विश्वास था कि गुलामी ने देश की आत्मा को कुचल दिया है और उसे फिर से जगाने के लिए केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं होगी बल्कि आवश्यकता होगी सोच की स्वतंत्रता, अवसर की समानता और ज्ञान की पहुंच की। यही कारण था कि उन्होंने स्वतंत्रता के बाद जिस भारत की कल्पना की, वह कारखानों, स्कूलों, विश्वविद्यालयों, बांधों और अनुसंधान संस्थानों से भरा हुआ भारत था।

पंडित नेहरू की राजनीति केवल सत्ता का अभ्यास नहीं थी, वह एक वैचारिक यात्रा थी। वे केवल नेता नहीं थे, वे विचार थे, प्रगति, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र और मानवतावाद के विचार। उनका विश्वास था कि विविधता में ही भारत की शक्ति है। वे बार-बार कहते थे, भारत की आत्मा अनेकता में एकता है। यही कारण था कि उन्होंने भारत के संविधान में धर्मनिरपेक्षता को न केवल संरक्षित किया बल्कि उसे भारतीय पहचान का अभिन्न हिस्सा बना दिया। बच्चों के प्रति नेहरू जी का प्रेम भारतीय समाज में एक विशेष स्थान रखता है। वे मानते थे कि बच्चे देश का भविष्य नहीं बल्कि वर्तमान हैं, जिनकी देखभाल और शिक्षा आज ही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उनके दिल में बच्चों के लिए अत्यधिक स्नेह था। वे जब भी किसी विद्यालय या बालसभा में जाते तो बच्चों की आंखों में चमक आ जाती। उनके पास बैठकर बच्चे खुद को सहज महसूस करते थे। वह खुद को चाचा कहलवाना पसंद करते थे क्योंकि उन्हें बच्चों के साथ औपचारिकता से परे आत्मीयता चाहिए थी।

उनका यह प्रेम केवल भावनात्मक नहीं था बल्कि व्यावहारिक योजनाओं और नीतियों के माध्यम से भी परिलक्षित होता था। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया और भारतीय शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) जैसी संस्थाएं उन्हीं की कल्पनाओं का परिणाम थी, जिनकी नींव उन्होंने अपने कार्यकाल में रखी। नेहरू जी की विदेश नीति ने भी भारत को विश्वपटल पर प्रतिष्ठा दिलाई। गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापकों में उनका नाम अग्रणी था। उनका दृष्टिकोण था कि भारत किसी वैश्विक ध्रुव की कठपुतली नहीं बनेगा बल्कि अपनी स्वतंत्र नीति के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को तय करेगा। उन्होंने शांति, सह-अस्तित्व और संवाद को भारत की कूटनीति की आधारशिला बनाया। इतिहास में कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो केवल व्यक्ति के जाने की सूचना नहीं देते बल्कि एक युग के समाप्त होने की उद्घोषणा करते हैं। 27 मई 1964 की सुबह भी ऐसा ही एक क्षण थी। दिल्ली के तीन मूर्ति भवन से निकली उस दिन की खबर ने पूरे देश को शोक में डुबो दिया। पंडित नेहरू नहीं रहे यह वाक्य भारत के हर घर में बिजली की तरह गिरा। लाखों लोग सड़कों पर निकल आए, रेडियो की आवाजें धीमी हो गई, विद्यालयों में मौन धारण किया गया, संसद में सन्नाटा छा गया और बच्चों की आंखों में एक ऐसा खालीपन आ गया, जैसे उनके अपने चाचा अचानक कहीं खो गए हों। उनकी मृत्यु केवल एक राजनीतिक नेता की मृत्यु नहीं थी, यह उस स्वप्नदृष्टा की चुप्पी थी, जिसने भारत को केवल भौगोलिक रूप से नहीं बल्कि वैचारिक रूप से भी गढ़ा था। उनकी अंतिम यात्रा में जो जनसैलाब उमड़ा, वह भारत के उस भावनात्मक जुड़ाव का प्रमाण था, जो एक नेता और उसके देशवासियों के बीच दुर्लभ होता है। नेहरू जी की मृत्यु के बाद देश को कई तरह के सवालों ने घेरा, क्या उनके बिना भारत उस मार्ग पर चल पाएगा, जो उन्होंने तैयार किया? क्या धर्मनिरपेक्षता, वैज्ञानिक सोच और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हो पाएगी? क्या भारत का लोकतंत्र उनकी दूरदर्शिता के बिना टिकाऊ रह पाएगा? समय ने इन प्रश्नों का उत्तर संघर्षों और बदलावों के बीच दिया लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि नेहरू का प्रभाव भारत की रगों में आज भी बहता है। नेहरू जी की आलोचनाएं भी हुई, चीन नीति, कश्मीर, समाजवाद की धीमी प्रगति जैसे विषयों पर कई लोगों ने उनके निर्णयों को कटघरे में खड़ा किया परंतु आलोचना के बीच उनकी मूल नीयत, उनके इरादे और उनकी दूरदृष्टि पर कभी कोई बड़ा प्रश्नचिन्ह नहीं लगाया जा सका। उन्होंने कभी अपने विचारों को छिपाया नहीं, न ही अपने विरोधियों को दबाने की कोशिश की। उनके लिए लोकतंत्र केवल शासन का तरीका नहीं बल्कि जीवन का मूल मंत्र था। भारत आज जब 21वीं सदी में वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है तो यह आवश्यक है कि हम उस नींव को न भूलें, जो नेहरू ने रखी थी। आज की तकनीकी, वैज्ञानिक और शैक्षणिक प्रगति उन्हीं नीतियों की फलश्रुति है, जिन्हें उन्होंने स्वतंत्र भारत की शुरुआत में लागू किया था। एक ऐसे दौर में, जब विश्व युद्धों की विभीषिका से देश जूझ रहा था और भारत को नई पहचान चाहिए थी, तब नेहरू जैसे नेता का मिलना किसी वरदान से कम नहीं था। उनकी पुण्यतिथि केवल श्रद्धांजलि देने का दिन नहीं बल्कि आत्ममंथन का अवसर है कि क्या हम उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं, जिसका सपना नेहरू ने देखा था? क्या हम बच्चों को शिक्षा, पोषण और संस्कार दे पा रहे हैं? क्या हम विज्ञान और विवेक के मार्ग पर हैं? क्या हम विविधता को अपनाकर एकता को सशक्त कर रहे हैं? इन सवालों के उत्तर खोजते समय पंडित नेहरू की पुस्तकें, उनके भाषण और उनका जीवनदर्शन हमारा मार्गदर्शन कर सकते हैं। डिस्कवरी ऑफ इंडिया जैसी रचनाएं हमें बताती हैं कि उन्होंने भारत को केवल शासन के लिए नहीं बल्कि समझने और आत्मसात करने के लिए अपनाया था। उन्होंने भारत को केवल इतिहास की दृष्टि से नहीं बल्कि सांस्कृतिक, दार्शनिक और मानवीय दृष्टिकोण से देखा। आज भी जब किसी बच्चे की मुस्कान में मासूम सपने दिखते हैं, जब किसी छात्र को वैज्ञानिक प्रयोगशाला में नए आविष्कार की प्रेरणा मिलती है, जब किसी युवा को लोकतांत्रिक अधिकारों का अभ्यास करते समय विश्वास होता है कि वह बदलाव ला सकता है, तब नेहरू की आत्मा मुस्कराती है।

–**अतुल गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## मनाली घूमने से पहले इन बातों का रखें ध्यान



गर्मियों का मौसम हो या फिर सर्दियों का, मनाली में हर सीजन में पर्यटकों की भीड़ देखने को मिलती है। गर्मी में ठंडक के अहसास के लिए लोग मनाली जाते हैं। वहीं सर्दियों में स्नो का नजारा देखने के लिए मनाली जाते हैं। यही वजह है कि यहां पर किसी भी मौसम में पर्यटकों की भीड़ कम नहीं होता है। मई-जून के महीने में अक्सर लोग पूरे परिवार के साथ मनाली ट्रिप का प्लान कर रहे हैं, क्योंकि गर्मियों में बच्चों की छुट्टियां पड़ती हैं। ऐसे में अगर आप इस महीने मनाली घूमने जाने का प्लान कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मनाली घूमने जाने के दौरान किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। गर्मियों के मौसम में जा रहे हैं, यह सोचकर ट्रिप देर से न करें। प्रयास करें कि आस यात्रा की शुरूआत सुबह जल्दी करें। इससे आप आधा रास्ता जल्दी और सुकून से कवर कर लेंगे। वरना आप दिन में मनाली की सड़कों पर लगे जाम में घंटों तक फंसे रह सकते हैं। यदि आप सोच रहे हैं कि गर्मियों में आपको मनाली में होटल सस्ते मिल जाएंगे, तो ऐसा नहीं है। क्योंकि इस दौरान पर्यटकों की भीड़ ज्यादा बढ़ जाती है, इसलिए आप भी पहले से होटल आदि बुक कर लें। वहीं आप मनाली घूमने के लिए ट्रैवल एजेंट या फिर ऑनलाइन बुकिंग भी कर सकते हैं। बता दें कि शहर में आपको पर्यटन स्थलों पर जाने के लिए घंटों ट्रैफिक में फंसे रहना पड़ सकता है। इसलिए प्रयास करें कि आप ट्रैफिक से बचने के लिए सुबह जल्दी होटल से निकल जाएं। वहीं अगर आप अटल टनल, सोलांग वैली या रोहतांग के आसपास की जगहों को एक्सप्लोर करने का प्लान बना रहे हैं, तो सुबह जल्दी होटल से निकल जाएं। ए जगहें सनसेट व्यू प्वॉइंट के लिए जाने जाते हैं। वहीं मनाली में आप दिन में सर्दी लगने के कारण वहीं बल्कि तेज धूप की वजह से परेशान हो सकते हैं। इसलिए छाता और टोपी साथ लेकर चलें। वहीं गर्मी और सर्दी वाले कपड़े भी लेकर जाएं। क्योंकि रात के समय तापमान यहां पर कम हो जाता है। अगर आपको ऑनलाइन पेमेंट करने में समस्या हो सकती है, इसलिए कैश साथ लेकर चलें।

गुजरात घूमने का बना रहे प्लान तो इन जगहों को करें एक्सप्लोर, ट्रिप होगी यादगार

### यहां के टूरिस्ट स्पोट्र्स का कोई मुकाबला नहीं

गुजरात घूमने जा रहे लोगों के लिए जरूरी है कि वह वहां के फेमस टूरिस्ट स्पॉट घूमने जरूर जाएं। क्योंकि जब भी आप किसी जगह पर घूमने के लिए जाते हैं। तो सबसे पहले आपके दिमाग में वही लोकेशन आती हैं। जिनके बारे में वह शहर जाना जाता है। गुजरात में कई ऐसी जगहें हैं, जिसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। ऐसे में अगर आप इन फेमस जगहों पर घूमने नहीं जाते हैं, तो आपको यकीनन अफसोस होगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गुजरात की कुछ फेमस जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आपको गुजरात की इन फेमस जगहों पर घूमने जरूर जाना चाहिए।

**गिर राष्ट्रीय उद्यान**

गिर राष्ट्रीय उद्यान भारत के फेमस उद्यानों में से एक है। इसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। गिर राष्ट्रीय उद्यान एशिया में सिंहों का एकमात्र निवास स्थान माना जाता है। यहां पर आप सफारी का भी आनंद ले सकते हैं। वहीं इस उद्यान में आपको कई तरह के प्रजातियों वाले जीव देखने को मिलेंगे। ऐसे में गुजरात आने के बाद आपको यहां जरूर आना चाहिए।

**सोमनाथ मंदिर**

आपको सोमनाथ मंदिर के भी दर्शन के लिए जाना चाहिए। यह भारत के प्राचीन और ऐतिहासिक शिव मंदिरों में से एक है। भगवान शिव के भक्त दूर-दूर से इस मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। यह मंदिर शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। अरब सागर के तट पर स्थिति यह मंदिर खूबसूरत होने के साथ चमत्कारी भी माना जाता है। बताया जाता है कि सोमनाथ मंदिर में सच्चे मन से दर्शन करने वाले लोगों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह परिवार के साथ घूमने के लिए अच्छी जगहों में से एक है।

**स्टैच्यू ऑफ यूनिटी**

बता दें कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 182 मीटर ऊंची भव्य प्रतिमा देश की सबसे बड़ी प्रतिमाओं में से एक है। साल 2018 में पीएम मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। यह गुजरात का फेमस टूरिस्ट स्पॉट है। यहां का सुंदर नजारा काफी आकर्षित करता है।

## अंधड़, बारिश और अलर्ट: बदलता मौसम, बिगड़ता संतुलन





योगेश कुमार गोयल

24-25 मई की रात उत्तर भारत के लिए एक बार फिर ऐसी रात बनकर आई, जिसने न केवल दिल्ली-एनसीआर बल्कि पूरे उत्तर भारत को झकझोरकर रख दिया। इस प्रचंड मौसमीय तांडव ने न केवल जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया बल्कि एक बार फिर यह संकेत दे दिया कि अब मौसम चक्रों में स्थायित्व नहीं रहा और जलवायु परिवर्तन का प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से हमारे सिर पर मंडरा रहा है। एक ओर जहां लोगों को चिलचिलाती गर्मी से थोड़ी राहत मिली, वहीं दूसरी ओर भीषण बारिश और तेज हवाओं ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। मई महीने में जब उत्तर भारत 44-45 डिग्री सेल्सियस की झुलसाने वाली गर्मी के लिए जाना जाता है, ऐसे समय में अचानक ऐसे तूफान, तेज बारिश और ओलावृष्टि जैसे दृश्य आमतौर पर मानसून के चरम काल में भी दुर्लभ होते हैं।

हालांकि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इस तूफान से पहले ही रेड अलर्ट जारी कर दिया था परंतु तूफान की तीव्रता और व्यापक प्रभाव ने पारंपरिक मौसमी पूर्वानुमानों को भी पीछे छोड़ दिया। रविवार की देर रात तेज हवाओं ने पूरे दिल्ली-एनसीआर में अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया। पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिशा से तेजी से बढ़ते तूफानी बादल महज कुछ ही घंटों में दिल्ली-एनसीआर की ओर आ गए। आसमान में अचानक तेज बिजली चमकने लगी, फिर गरज के साथ बारिश शुरू हुई और देखते ही देखते स्थिति एक शक्तिशाली तूफान में बदल गई। हवा की रफ्तार इतनी अधिक थी कि कई इलाकों में पेड़ उखड़ गए, ट्रैफिक सिग्नल गिर गए, बिजली के खंभे झुक गए और कई वाहनों को क्षति पहुंची। आईएमडी के अनुसार, इस दौरान हवा की गति 60 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच गई थी और कुछ स्थानों पर तो यह इससे भी अधिक रिकॉर्ड की गई। केवल दिल्ली ही नहीं, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम जैसे एनसीआर के प्रमुख शहरों में भी हालात कुछ अलग नहीं थे। गुरुग्राम में तेज हवा के कारण कई जगहों पर निर्माणाधीन साइटों की छतें उड़ गई जबकि नोएडा में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की क्रेन गिरने से दो लोग घायल हो गए। उत्तर भारत के अन्य भागों, जम्मू, पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, राजस्थान में भी यह तूफान तबाही लेकर आया। जगह-जगह सैकड़ों पेड़ उखड़ गए, जिससे कई जगहों पर सड़कों का संपर्क टूट गया। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बादल फटने की घटना भी सामने आई, जहां सात वाहन बह गए और कई अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। पंजाब में वर्षाजनित हादसों में कुछ लोगों की मौत की भी पुष्टि हुई। खेतों में काम कर रहे किसान तेज आंधी की चपेट में आ गए। इससे पहले 21 मई को भी शाम के समय अचानक दिल्ली-एनसीआर का मौसम बदल गया था और अचानक बदले मौसम के बीच भीषण आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने जमकर तबाही मचाई थी। तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि नोएडा, गाजियाबाद सहित देश के कई राज्यों में लोगों के लिए मुसीबत बन गया था। उस दौरान हुए हादसों में 7 लोगों की जान चली गई थी और दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि देशभर में करीब 26 लोगों की मौत होने की सूचना मिली थी। इस साल मई महीने की शुरुआत ही इसी प्रकार के अप्रत्याशित मौसमी बदलावों के साथ हुई थी। 2 मई की सुबह दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई क्षेत्रों में तेज आंधी, बारिश और तूफान जैसी स्थिति बनी थी। दिल्ली में उस दिन 78 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चली थी और बारिश के साथ भारी नुकसान हुआ था। पेड़ उखड़ गए थे, बिजली की आपूर्ति बाधित हुई थी और तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि उस समय भी लोगों को थोड़ी राहत महसूस हुई थी लेकिन इस बार मई के अंत में आया यह तूफान कहीं अधिक गंभीर और व्यापक प्रभाव वाला था। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सब केवल सामान्य मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं हैं बल्कि जलवायु परिवर्तन के गहरे संकेत हैं। दिल्ली सहित समूचे उत्तर भारत में तेजी से बढ़ता शहरीकरण, औद्योगीकरण और पर्यावरणीय असंतुलन अब मौसम चक्रों को अस्थिर कर रहा है। शहरी हीट आइलैंड प्रभाव के चलते रात के तापमान में गिरावट नहीं होती और वातावरण की ऊष्मा बढ़ती जाती है। कंक्रीट, एस्फाल्ट और अन्य मानव निर्मित सतहें सूरज की ऊष्मा को अवशोषित कर लेती हैं और धीरे-धीरे उसे छोड़ती हैं, जिससे रात में भी वातावरण गर्म बना रहता है। 2 मई की सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि सामान्यत: ऐसी बारिश के बाद तापमान 18.20 डिग्री तक गिर जाता है। मौसम विभाग ने इस बार के तूफान के पीछे पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से उठने वाली नम हवाओं के संगम को कारण बताया है। आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ नवंबर से अप्रैल के बीच सक्रिय रहता है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह मई-जून में भी सक्रिय रहने लगा है, जो वैश्विक तापमान वृद्धि का संकेत है। यह संकेत स्पष्ट करता है कि पारंपरिक मौसम चक्रों में अब स्थायित्व नहीं रहा और मौसम की गतिविधियां अधिक अनियमित और अस्थिर होती जा रही हैं। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाएं जब पश्चिमी विक्षोभ से टकराती हैं तो वह एक संगठित मौसमी प्रणाली का निर्माण करती हैं, जिससे उत्तर भारत में भारी वर्षा, तेज हवाएं और ओलावृष्टि होती है। यह आमतौर पर मानसून के मध्य चरणों में होता है लेकिन मई की शुरुआत में या मई के अंतिम सप्ताह में इस प्रकार की घटनाएं असामान्य हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि मौसमी प्रवृत्तियों की दिशा अब बदल रही है। कृषि क्षेत्र पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है।

इस समय अधिकांश क्षेत्रों में मूंग, सब्जियां, तरबूज, खरबूजा और अन्य ग्रीष्मकालीन फसलों की खेती होती हैं। तेज हवाएं, ओलावृष्टि और बारिश इन फसलों को नुकसान पहुंचाती हैं। बिहार, हरियाणा और राजस्थान के किसानों ने फलों और सब्जियों के खराब होने की शिकायत की है। इससे न केवल किसानों की आमदनी प्रभावित होती है बल्कि खाद्य आपूर्ति श्रंखला और खुदरा बाजारों में कीमतों पर भी इसका व्यापक असर पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन का असर अब हिमालय क्षेत्र में भी गहराई से महसूस किया जा रहा है। बर्फबारी का स्तर 23 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुका है, जिससे हिमालय की नदियों पर निर्भर करोड़ों लोगों की जल सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। आईपीसीसी की छठी आकलन रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय उपमहाद्वीप में मौसम अब पहले की तुलना में अधिक अनिश्चित और अस्थिर हो गया है। असामान्य तूफान, बेमौसम बारिश और अचानक तापमान में बदलाव, यह सभी इस बात के संकेत हैं कि जलवायु अब अपने पुराने स्वरूप से हट चुकी है। वर्तमान स्थिति में सरकार, वैज्ञानिक समुदाय और आम नागरिकों के लिए यह एक गंभीर चेतावनी है। अब समय आ गया है कि हम जलवायु परिवर्तन को केवल वैज्ञानिक बहस का विषय न मानें बल्कि इसे सार्वजनिक नीति और व्यक्तिगत जीवनशैली में भी प्राथमिकता दें। भारत को अब मौसम विज्ञान, कृषि, जल संरक्षण, ऊर्जा नीति और शहरी नियोजन को आपस में जोड़ते हुए एक समग्र रणनीति बनानी होगी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भी अपनी रणनीतियों को अद्यतन करना होगा। अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों की जलवायु विशेषताओं के अनुसार अलग योजनाएं बनानी होंगी। दिल्ली-एनसीआर जैसे घने शहरी क्षेत्रों के लिए अलग मॉड्यूल हो जबकि हिमालई क्षेत्रों के लिए भूस्खलन, बाढ़ और बर्फबारी पर केंद्रित योजनाएं हों। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए मौसम अनुकूल बीमा योजनाएं, सटीक पूर्वानुमान सेवाएं और प्राकृतिक आपदाओं से पहले सतर्कता की विश्वसनीय प्रणाली विकसित करनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ट्रम्प ने मांगे हार्वर्ड के विदेशी छात्रों के 'नाम और पते'

## अंतर्राष्ट्रीय छात्र अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय में नामांकित प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय छात्र के नाम और देश जानना चाहते हैं। यह मांग संघीय न्यायाधीश द्वारा ट्रम्प प्रशासन को हार्वर्ड की विदेशी छात्रों को नामांकित करने की क्षमता को रद्द करने से रोकने के कुछ ही दिनों बाद आई है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा कि हम जानना चाहते हैं कि वे विदेशी छात्र कौन हैं। यह एक उचित अनुरोध है क्योंकि हम हार्वर्ड को अरबों डॉलर देते हैं लेकिन हार्वर्ड बिल्कुल भी आगे नहीं आ रहा है। हम उन नामों और देशों को चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हार्वर्ड यह क्यों नहीं कह रहा है कि उनके लगभग 31 प्रतिशत छात्र विदेशी देशों से हैं, और फिर भी वे देश, जिनमें से कुछ अमेरिका के लिए बिल्कुल भी अनुकूल नहीं हैं, अपने छात्रों की शिक्षा के लिए कुछ भी भुगतान नहीं करते हैं और न ही वे कभी ऐसा करने का इरादा रखते हैं। किसी ने हमें यह नहीं बताया। ट्रम्प ने आइवी लीग संस्थान से आगे संघीय वित्त पोषण के लिए आवेदन करना बंद करने का भी आह्वान किया। गुरुवार को, होमलैंड सुरक्षा विभाग ने घोषणा की कि वह हार्वर्ड के छात्र और विनिमय आगंतुक कार्यक्रम प्रमाणन को रद्द कर देगा, जिससे विश्वविद्यालय को प्रभावी



रूप से अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को प्रवेश देने से रोक दिया जाएगा। सभी मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को किसी अन्य विश्वविद्यालय में स्थानांतरित होना होगा या अपनी कानूनी स्थिति खोनी होगी। हार्वर्ड ने तुरंत प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया और मैसाचुसेट्स में एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को एक अस्थाई निरोधक आदेश जारी किया जिससे सरकार को पूर्ण सुनवाई तक प्रतिबंध लागू करने से रोक दिया गया। हार्वर्ड के डेटा से संकेत मिलता है कि 2023 सेमेस्टर की समाप्ति तक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों ने इसके कुल नामांकन का 27 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बनाया। विश्वविद्यालय वर्तमान में 140 से अधिक देशों और क्षेत्रों के लगभग 6,800 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों और विद्वानों को नामांकित करता है, जिनमें से अधिकांश स्नातक स्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय छात्र अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

### ट्रम्प यूरोपीय संघ पर नौ जुलाई तक शुल्क न बढ़ाने पर सहमत

**न्यूयॉर्क/ब्रुसेल्स।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूरोपीय संघ से आयात पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत शुल्क नौ जुलाई तक स्थगित करने पर सहमत हो गए हैं। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अमेरिका के राष्ट्रपति को फोन पर इस संबंध में अनुरोध किया था। इसके बाद, ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि 'ऐसा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने लिखा कि वॉन डेर लेयेन ने उनसे कहा है कि वह इस मुद्दे पर गंभीर बातचीत करना चाहती हैं। सुलेयेन ने भी 'एक्स' पर लिखा कि ट्रम्प के साथ बातचीत अच्छी रही। उन्होंने कहा कि यूरोप शुल्क पर तेजी से और निर्णायक रूप से बातचीत आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। इससे पहले, शुक्रवार को ट्रम्प ने कहा था कि यूरोपीय संघ के साथ बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच रही है और उन्होंने एक जून से यूरोपीय संघ से आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी थी।

### ट्रम्प की रूस-यूक्रेन के नेताओं पर कड़ी टिप्पणी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की पर काफी तीखी टिप्पणी करते हुए पुतिन के काम से 'नाखुश' होने और जेलेंस्की को उनके 'बड़बोलेपन' के लिए आड़े हाथों लिया है। ट्रम्प ने न्यूजर्सी के मॉरिसटाउन में एयर फोर्स वन से वाशिंगटन डीसी वापस लौटने से पहले संवाददाताओं से कहा कि 'मैं पुतिन के काम से खुश नहीं हूं। मुझे नहीं पता कि पुतिन को क्या हो गया। मैं उन्हें लंबे समय से जानता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह हमेशा से पुतिन के साथ रहे हैं। लेकिन अब वह शहरों में रॉकेट भेज रहे हैं और लोगों को मार रहे हैं जो उन्हें बिल्कुल भी पसंद नहीं है। उन्होंने कहा हम बातचीत कर रहे हैं जबकि रूस यूक्रेन मे कीव और दूसरे शहरों पर रॉकेट दाग रहा हैं। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं है।



मुंबई। बारिश के बीच जलमग्न वाली सड़क से गुजरते यात्री।

# मेलबर्न शॉपिंग सेंटर में चाकूबाजी के बाद लॉकडाउन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शॉपिंग सेंटर में दो गिरोहों के बीच चाकू से हुए झगड़े के कारण वहां लॉकडाउन लगाना पड़ा। विक्टोरिया राज्य की पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अपराह्न 2:30 बजे के बाद आपातकालीन सेवाएं नॉर्थलैंड शॉपिंग सेंटर पहुंचीं, जो सेंट्रल मेलबर्न से 10 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है। यहां करीब 10 लोगों के बीच झगड़े की खबरें आई थीं। इनमें से कुछ लोग चाकू से लैस थे जिसके कारण वहां लॉकडाउन लगाना पड़ा। पुलिस ने घटनास्थल पर दो किशोरों को गिरफ्तार किया जबकि 20 वर्षीय एक युवक को गंभीर रूप से घायल होने के कारण अस्पताल ले जाया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में 15 और 16 साल के दो किशोर शामिल हैं। उन पर झगड़ा करने, जानबूझकर चोट पहुंचाने, नियंत्रित हथियार रखने और नियंत्रित हथियार का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। विक्टोरिया की प्रीमियर जैसिटा एलन ने घोषणा की कि प्रांतीय सरकार एक सितम्बर को चाकू रखने पर कानूनी प्रतिबंध लागू होने से पहले बुधवार से चाकू की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के लिए असाधारण शक्तियों का उपयोग करेगी। बिक्री प्रतिबंध के कारण चाकू रखने पर प्रतिबंध लागू होने से पहले चाकू की आपूर्ति कम हो जाएगी।

# इजरायल ने गाजा में नया संघर्ष विराम प्रस्ताव किया खारिज

**यरुशलम।** इजरायल ने गाजा में हमले रोकने और उसके 10 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित कराने के उद्देश्य वाले एक नए अमेरिकी प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इजरायल के सरकारी 'कान' टीवी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इस बाबत जारी 'वार्ता' दल में शामिल एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने कान टीवी को बताया कि अमेरिकी मध्यस्थों ने कल रात एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें पांच जीवित बंधकों की रिहाई एवं पांच बंधकों के शवों की सुपुर्दगी, गाजा में मानवीय सहायता सामग्री की आवाजाही, 70-दिवसीय युद्धविराम और स्थाई युद्धविराम की दिशा में बातचीत जैसे मुद्दे शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि इजरायल ने इसे 'हमास के सामने आत्मसमर्पण' मानते हुए

**■ इजरायली सेना की वापसी या फलस्तीनी कैदियों की रिहाई का उल्लेख नहीं**

सिरे से खारिज कर दिया है। इजरायल ने तथाकथित 'विटकॉफ' प्रारूप पर जोर दिया है, जो देश के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा मार्च की शुरुआत में प्रस्तुत एक प्रस्ताव है। इसमें 50-दिवसीय युद्धविराम के बदले में अतिरिक्त इजरायली बंधकों की रिहाई और लंबे समय तक युद्धविराम पर बातचीत करने का वायदा किया गया है। इसमें हालांकि इजरायली सेना की वापसी या फलस्तीनी कैदियों की रिहाई का उल्लेख नहीं है, जो हमास की दो प्रमुख मांगें हैं। इस बीच, इज़रायल और हमास के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता का एक और दौर पिछले गुरुवार को नेतन्याहू द्वारा देश के प्रतिनिधिमंडल को वापस बुलाये जाने के बाद समाप्त हो गया। इसका उद्देश्य इज़रायल के 19 महीने लंबे सैन्य अभियान को समाप्त करना और गाजा में अभी भी बंधक बनाकर रखे गए 58 लोगों की रिहाई सुनिश्चित करना था। इज़रायल ने दो महीनों के संघर्षविराम के बाद मार्च में तीन चरण के युद्धविराम समझौते को समाप्त कर दिया था, इस दौरान हमास ने 33 इज़रायली बंधकों को रिहा किया। इजरायल ने हालांकि दूसरे चरण में इस बाबत आगे बढ़ने से इनकार कर दिया और गाजा पर अपना हमला फिर से शुरू कर दिया। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार युद्ध शुरू होने के बाद से लेकर अब तक क्षेत्र में 53000 से अधिक फ़लस्तीनी मारे गए हैं।

## अफगानिस्तान के 480 शरणार्थियों की घर वापसी

**काबुल।** पाकिस्तान और ईरान से कुल 480 अफगान शरणार्थी परिवार अफगानिस्तान लौट आए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी बख्तर ने सोमवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी पूर्व शरणार्थियों को अपने वतन लौटने के बाद क्रॉसिंग पॉइंट पर आवश्यक सहायता प्रदान की गई है। पिछले सप्ताह ईरान और पाकिस्तान से 3300 से अधिक अफगान शरणार्थी परिवार अपने वतन लौट आए। उल्लेखनीय है कि लगभग 70 लाख अफगान शरणार्थी विदेश में रह रहे हैं और कथित तौर पर पिछले साल 20 लाख शरणार्थी, जिनमें से अधिकांश पड़ोसी देश पाकिस्तान और ईरान से हैं, अफगानिस्तान लौट आए हैं क्योंकि मेजबान देशों ने बिना दस्तावेज वाले शरणार्थियों को घर लौटने के लिए कहा है।

# गाजा पर इजरायली हमलों में 34 मरे

**गाजा।** गाजा में ताजा इजरायली हमलों में कम से कम 34 फलस्तीनी मारे गए जिनमें एक पत्रकार और नागरिक सुरक्षा का एक अधिकारी शामिल हैं। नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने यह जानकारी दी है।

प्रवक्ता ने बताया कि उत्तरी गाजा के जबालिया और बेत लाहिया में घरों और सभाओं पर इजरायली हवाई हमलों में पत्रकार हसन अबू वर्दा सहित दस लोग मारे गए और दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में घरों, एक सभा और एक मोटरसाइकिल पर इजरायली हमलों में 14 लोग मारे गए। उन्होंने बताया कि मध्य गाजा में डेयर अल-बलाह शहर में विस्थापित लोगों के लिए बने एक तंबू पर इजरायली हमले में पांच लोग मारे गए। नागरिक सुरक्षा में संचालन के निदेशक अशरफ अबू नार और उनकी पत्नी अपने घर पर इजरायली

**■ 2023 से गाजा में मारे गए पत्रकारों की संख्या बढ़कर 220 हो गई है**

बमबारी में मारे गए और नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक तंबू पर इजरायली हमले में एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। बसल ने कहा कि गाजा शहर के उत्तर में अल-करामा पड़ोस में फलस्तीनियों की एक सभा को निशाना बनाकर इजरायली ड्रोन द्वारा एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई और शहर के पश्चिम में ताल अल-हवा पड़ोस में एक वाहन पर इजरायली हमले में एक और व्यक्ति मारा गया। इस बीच रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति ने कहा कि शनिवार को खान यूनिस में उनके घरों पर इजरायली हमलों में उसके दो फलस्तीनी कर्मचारी मारे गए। हमास की सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने भी कहा कि उसके सदस्यों ने खान यूनिस के पूर्व में अल-क़रारा शहर के पूर्व में एक घर के अंदर शरण लिए हुए एक सैन्य बल को निशाना बनाकर एक जटिल अभियान चलाया। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि उत्तरी गाजा में हमास के साथ संघर्ष के दौरान उसकी 52वीं बटालियन का एक टैंक कमांडर गंभीर रूप से घायल हो गया। इजरायल ने हमास के साथ जनवरी में हुए युद्ध विराम समझौते के पहले चरण की समाप्ति के बाद दो मार्च को गाजा में माल और आपूर्ति के प्रवेश को रोक दिया। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इजरायल ने 18 मार्च को गाजा पर हमले फिर से शुरू कर दिए। हमले में अब तक 3785 लोग मारे गए हैं और 10756 घायल हुए हैं। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार अक्टूबर 2023 से गाजा में मारे गए पत्रकारों की संख्या बढ़कर 220 हो गई है।

### गाजा हमले में दो आईसीआरसी कर्मचारियों की मौत

**गाजा सिटी।** अंतर्राष्ट्रीय लाल क्रॉस समिति (आईसीआरसी) के दो कर्मचारी दक्षिणी गाजा पट्टी में उनके घर पर हुए हमले में घायल हो गए। आईसीआरसी ने अपने बयान में कहा कि हम अपने दो प्रिय सहयोगियों इब्राहिम ईद और अहमद अबू हिलाल की मौत से बहुत दुखी हैं, जो शनिवार को खान यूनिस में अपने घर पर हुए हमले में मारे गए। हम उनके परिवारों, मित्रों और सहयोगियों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। आईसीआरसी ने संघर्षविराम और नागरिकों, मेडिकल व राहत कर्मियों की सुरक्षा की मांग की है।

# इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाने से पहले क्वारंटीन हुए शुभांशु शुक्ला



**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जाने से पहले क्वारंटीन में चले गए हैं। उनके साथ मिशन के अन्य तीन एस्ट्रोनाट ने भी शनिवार को क्वारंटीन में प्रवेश किया। शुभांशु ने कहा-मुझे पूरा भरोसा है कि एक्सिओम मिशन सफल होगा। यह कमर्शियल स्पेस फ्लाइट के लिए मील का पत्थर साबित होगा। एक्सिओम स्पेस ने एक कार्यक्रम में मिशन पर जाने वाले क्रू को विदाई दी।

दरअसल, अंतरिक्ष में जाने से पहले क्वारंटीन एक जरूरी फेज होता है। इसमें पूरे क्रू को आइसोलेशन में रखा जाता है, ताकि वो पूरी तरह से स्वस्थ्य रहे और मिशन के दौरान उन्हें कोई संक्रमण ना हो। एक्सिओम मिशन

**■ बोले: पूरा भरोसा कि मिशन सफल होगा, आठ जून को एक्सिओम मिशन के तहत आईएसएस जाएंगे**

4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनाट 8 जून को 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है। एक्सिओम स्पेस ने क्वारंटीन एंट्री से पहले एक स्पेशल इवेंट किया। इसमें साथी कर्मचारियों और वैज्ञानिकों ने ट्रेडिशनल तरीके से क्रू को विदाई दी। शुभांशु के साथ तीन और एस्ट्रोनाट जाएंगे एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल में भारत, पोलैंड और हंगरी के मेंबर शामिल हैं। स्लावोज़ उजनान्स्की 1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। टिबोर कापू 1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे।

## चीन, इंडोनेशिया स्थानीय मुद्रा लेन-देन को बढ़ावा देने पर सहमत

**बीजिंग।** चीन और इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए एक सहयोग ढांचा स्थापित करने के लिये समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) ने यह जानकारी दी। केंद्रीय बैंक ने रविवार को एक बयान में कहा कि चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो की संयुक्त गवाही के तहत, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) के गवर्नर पैन गोंगशेंग और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) के गवर्नर पेरी वारजियो ने स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए सहयोग के वास्ते एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

# शराब से सऊदी में हटेगा बैन

## 600 टूरिस्ट प्लेस पर खुलेंगी दुकानें, वर्ल्ड एक्सपो और फुटबाल वर्ल्डकप के चलते तैयारी

**रियाद।** कट्टर इस्लामी नियमों को लेकर मशहूर सऊदी अरब अब शराब पर बैन हटाने की तैयारी में जुट गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी सरकार देश में 600 टूरिस्ट प्लेस पर शराब की बिक्री शुरू करने की योजना बना रही है। मेट्रो न्यूज के मुताबिक शराब की अनुमति देने वाले नए लाइसेंसिंग कानून 2026 में लागू होंगे।

ऐसा 2030 में वर्ल्ड एक्सपो और 2034 में शुरू होने वाले फुटबाल वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। सऊदी अरब में क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) के हाथों में सत्ता आने के बाद से कई बड़े बदलाव हो चुके हैं। उन्होंने



महिलाओं को गाड़ी चलाने की इजाजत दी, सिनेमाघर फिर से खोले और संगीत समारोहों की भी मंजूरी दी। अब शराब को भी सीमित तौर पर मान्यता देने की तैयारी हो रही है। सऊदी अरब में शराब पर बैन की असली वजह वहां के इस्लामिक कानून (शरिया) हैं। इसके अलावा इस्लाम से जुड़े दो पवित्र शहरों मक्का और मदीना होने की वजह से यहां शराब के खिलाफ बने नियमों को सख्ती से लागू किया जाता रहा है। कुरान में शराब को हराम माना गया है, क्योंकि यह सामाजिक और नैतिक बुराइयों का कारण बन सकती है। यहां पर शराब से संबंधित अपराधों (बिक्री, तस्करी, सेवन) के लिए सजा में कोड़े मारना, जेल, जुर्माना, या विदेशियों के लिए निर्वासन शामिल है। यह शराब सिर्फ कुछ लाइसेंस प्राप्त जगहों जैसे 5-स्टार होटल, लग्जरी रिसार्ट और खास विदेशी इलाकों में ही मिलेगी। यहां सिर्फ बीयर, वाइन जैसे हल्के अल्कोहल वाले पेय ही मिलेंगे। 20 प्रतिशत से ज्यादा अल्कोहल वाले पेय अभी भी बैन रहेंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर ने तोड़ी मुनीर सेना की कमर

## बलूचिस्तान से पीओके तक टुकड़े-टुकड़े होने वाला है पाकिस्तान!

**वाशिंगटन।** ऑपरेशन सिंदूर ने ना सिर्फ पाकिस्तान सेना को करारी शिकस्त दी है। बल्कि पाकिस्तान को अंदर से तोड़ दिया है। दरअसल आसिम मुनीर की फिसड्डी फौज का खोखला दम दुनिया के सामने आ चुके हैं।

अब पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में आजादी के लिए विद्रोह हो रहा है और इसमें सबसे आगे बलूचिस्तान है। जहां के बलूच लड़ाकों की दहाड़ से पाकिस्तान सेना के पैर उखड़ रहे हैं। शहबाज-मुनीर को अब पाकिस्तान के टुकड़े-टुकड़े होने का डर सता रहा है। ऑपरेशन सिंदूर का मकसद पहलगाम आतंकी हमले का बदला था, लेकिन इस ऑपरेशन ने बलूचिस्तान से लेकर पीओके तक नई जान फूंक दी है। पाकिस्तान के

**■ पाक के अलग-अलग हिस्सों में आजादी के लिए विद्रोह हो रहा है और इसमें सबसे आगे बलूचिस्तान**

हर एक हिस्सा से आजादी की मांग उठ रही है और शहबाज मुनीर की जोड़ी मीटिंगों के सिवा कुछ नहीं कर पा रही। दरअसल पाकिस्तान में शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के खिलाफ 3 फ्रंट खुल गए हैं। पहला फ्रंट बलूचिस्तान का है, जहां बलूच नेताओं ने स्वतंत्र बलूचिस्तान का एलान कर डाला है। तो वहीं बलोच लड़ाके लगातार पाकिस्तान सेना पर हमला कर रहे हैं। दूसरी फ्रंट सिंध का है, यहां अलग-अलग जगह आजादी की मांग को लेकर लोग सड़कों पर उतरे हैं। तीसरी फ्रांट पीओके में खुल गया है, जहां मुजफ्फराबाद में पाकिस्तान सेना के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन जारी है। पाकिस्तान में सबसे बुरा हालात इस वक्त बलूचिस्तान के हैं। जहां हाल ही में बलूच नेता मीर यार ने स्वतंत्र बलूचिस्तान का एलान किया था। जिसके बाद से ही पाकिस्तान सेना पर जगह-जगह बड़े हमले हो रहे हैं। बीते 48 घंटे में बलूचिस्तान में बीएलए ने 3 जगह बड़े हमले किए गए। इन हमलों में बीएलए का टारगेट पाकिस्तान सेना थी। 24 घंटे में बलूचिस्तान के कलात, केच और अवारन में बीएलए ने हमला किया, तीनों जगहों पर कुल 4 आईईडी ब्लास्ट किए गए। सबसे बड़ा हमला कलात में हुआ, जहां पाकिस्तान सेना की 2 गाड़ियों को आईईडी धमाके में उड़ा दिया गया।

## फिलीपींस में गोलीबारी, चार लोगों की मौत

**मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी प्रांत कैविटे में सोमवार सुबह गोलीबारी में हमलावर सहित चार लोग मारे गए और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब आठ बजे दासमारिनास शहर में झंडा फहराने समारोह के दौरान गांव के हॉल के सामने गोलीबारी हुई। सूचना मिलने पर अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पाया कि चार लोग गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। एक महिला भी घायल हुई है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में तीन गांव के अधिकारी थे। मृतक में एक हमलावर भी है। जिसकी पहचान 50 वर्षीय पूर्व चौकीदार के रूप में हुई है।

# तुर्की-पाक बढ़ाएंगे द्विपक्षीय सहयोग

## शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से की मुलाकात

**इस्तांबुल।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से यहां मुलाकात की तथा इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने का संकल्प लिया।

दोनों नेताओं के बीच यहां हुई बैठक के बाद तुर्की के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में एर्दोगन ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच हर क्षेत्र में, विशेष रूप से ईंधन, परिवहन और रक्षा में सहयोग बढ़ाने का प्रयास करेंगे। राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में तुर्की और पाकिस्तान के बीच बढ़ती एकजुटता दोनों देशों के हितों की पूर्ति करती है। उन्होंने



**■ आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में तुर्की और पाकिस्तान के बीच बढ़ती एकजुटता दोनों देशों के हितों की पूर्ति करती है: रेसेप एर्दोगन**

कहा कि दोनों पक्ष पांच अरब डॉलर के व्यापार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कदम उठाना जारी रखेंगे। इसके अलावा इस्तांबुल-तेहरान-इस्लामाबाद रेलवे लाइन की दक्षता में सुधार के महत्व पर जोर दिया। इस बीच शरीफ ने बैठक के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि दोनों पक्षों ने बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों, विशेष रूप से व्यापार और निवेश में चल रही प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने यह भी लिखा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने के अपने संकल्प की पुष्टि की।

## इथियोपिया में एमपॉक्स का पहला मामला आया सामने

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया में एमपॉक्स का पहला मामला सामने आया है। देश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। इथियोपिया के स्वास्थ्य मंत्रालय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान ने एक संयुक्त बयान में कहा कि केन्या की सीमा के पास मोयाले शहर में 21 दिन के एक शिशु में एमपॉक्स की पुष्टि हुई है। मंत्रालय ने कहा कि बाद में किए गए परीक्षण में भी पुष्टि हुई है कि बच्चे की मां भी वायरस से संक्रमित है। मंत्रालय ने कहा कि बच्चे और उसकी मां को क्वारंटीन में रखा गया है। मंत्रालय के अनुसार बच्चे और उसकी मां दोनों को अब तक कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं हुई है और वे फिलहाल स्थिर स्थिति में हैं।